

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 73 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 22 दिसम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## नारियल, अगरबत्ती और फिर जोड़े हाथ!

### विधायक मैथिली ठाकुर ने किया पहला शिलान्यास

समाज जागरण

पटनाः बिहार के एक ग्रामीण इलाके में उस समय खास माहौल देखने को मिला, जब लोक गायिका से विधायक बनी मैथिली ठाकुर ने अपने पहले विकास कार्य का शिलान्यास किया. यह कार्यक्रम उनके राजनीतिक जीवन की पहली बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है. शिलान्यास के दौरान मैथिली ठाकुर काफी भावुक और खुश नजर आईं. क्योंकि यह उनका पहला प्रोजेक्ट था, जिसकी उन्होंने औपचारिक शुरूआत की.

कुछ इस तरह से की शुरूआत

कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक तरीके से हुई. मैथिली ठाकुर ने सबसे पहले अगरबत्ती दिखाईं, फिर नारियल फोड़ा और पूजा-अर्चना की. फिर अंत में शिलापट्टिका के सामने प्रणाम किया. इस पूरे दौरान स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे. शिलान्यास कार्यक्रम का वीडियो मैथिली ठाकुर ने अपने फेसबुक पेज पर भी साझा किया है. जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं.

# कांग्रेस पार्टी ने हमेशा असम और नॉर्थ-ईस्ट के विकास का किया विरोध : पीएम मोदी

समाज जागरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के नामरूप में उर्वरक (फर्टिलाइजर) इकाई का उद्घाटन करने के बाद कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा असम और पूर्वोत्तर भारत के विकास का विरोध किया है।

जब भाजपा सरकार ने संगीतकार भूपेन हजारिका को भारत रत्न से सम्मानित किया, तब कांग्रेस ने असम के इस महान व्यक्तित्व का किया अपमान

नरेंद्र मोदी ने कहा, "जब भाजपा सरकार ने संगीतकार भूपेन हजारिका को भारत रत्न से सम्मानित किया, तब कांग्रेस ने असम के इस महान व्यक्तित्व का अपमान किया। कांग्रेस पार्टी ने असम के नगांव जिले में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने के हमारे फैसले का भी विरोध किया ह्व प्रधानमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस को असम




के लोगों से कोई प्रेम और सम्मान नहीं है, बल्कि वह घुसपैठियों के प्रति पक्षपाती रही है।

**कांग्रेस ने उन घुसपैठियों का समर्थन किया, जिन्होंने असम की जनसंख्या संरचना को पहुंचाया नुकसान**

उन्होंने कहा, "कांग्रेस ने उन घुसपैठियों का समर्थन किया, जिन्होंने असम की जनसंख्या संरचना को नुकसान पहुंचाया, क्योंकि वे घुसपैठिए विपक्षी पार्टी के वोट बैंक हैं। इसके विपरीत, भाजपा ने हमेशा असम के लोगों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम किया है।" प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि मौजूदा सरकार राज्य के मूल निवासियों की सुरक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है।

**पीएम मोदी ने ऐतिहासिक असम आंदोलन के शहीदों को दी श्रद्धांजलि**

इससे पहले, पीएम मोदी ने गुवाहाटी स्थित शहीद स्मारक स्थल पर ऐतिहासिक असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह क्षण राज्य के लोगों के लिए अत्यंत भावुक था। प्रधानमंत्री ने पुष्प अर्पित किए और वर्ष 1979 में शुरू हुए छह वर्षों तक चले विदेशी विरोधी आंदोलन के पहले शहीद खर्गेश्वर तालुकदार की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही असम की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए किए गए बलिदानों को स्मरण किया।

**शहीद स्मारक स्थल असम आंदोलन के दौरान अपने प्राण न्योछावर करने वाले 860 शहीदों को समर्पित**

शहीद स्मारक स्थल उन 860 लोगों को समर्पित है, जिन्होंने असम आंदोलन के दौरान अपने प्राण न्योछावर किए। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने शहीदों की गैलरी का भी भ्रमण किया, जहां सभी शहीदों की प्रतिमाएं स्थापित हैं और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

**प्रधानमंत्री ने असम के विभिन्न हिस्सों से चयनित 25 छात्रों के साथ एक विशेष और प्रेरणादायक संवाद किया**

प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुत्र नदी पर क्रूज जहाज 'चराइदेव' पर असम के विभिन्न हिस्सों से चयनित 25 छात्रों के साथ एक विशेष और प्रेरणादायक संवाद भी किया। यह बातचीत राज्य की दो दिवसीय यात्रा के दौरान एक अनूठा अनुभव रही।

## केरल के 600 से अधिक स्थानीय निकायों में भाजपा की जीत लोकतंत्र की मजबूती का प्रमाण: राजीव चंद्रशेखर

समाज जागरण

केरल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने 'एक्स' पोस्ट के जरिए कहा कि ऐसी ही



राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि तिरुवनंतपुरम में इतिहास रचा गया है, जहां राज्य के लगभग 600 स्थानीय निकायों में भाजपा के पार्षदों ने शपथ ग्रहण की है। राजीव चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से लिखा कि यह जीत जनता की ताकत और लोकतंत्र की मजबूती का प्रमाण है।

**जनता की इच्छा के सामने सभी प्रयास विफल हुए साबित**

केरल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने भाजपा को कमजोर करने के लिए हरसंभव प्रयास किए, लेकिन जनता की इच्छा के सामने सभी प्रयास विफल साबित हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के वार्डों को तोड़ने के लिए कथित तौर पर धोखाधड़ीपूर्ण परिसीमन किया गया। इसके साथ ही कांग्रेस उम्मीदवारों को मैदान में उतारकर भाजपा के वोट बांटने की रणनीति भी अपनाई गई।

यह परिणाम दशार्ता है कि जनता अब विकास, पारदर्शिता और जवाबदेही की राजनीति चाहती है

रणनीति 2024 के लोकसभा चुनाव में तिरुवनंतपुरम सीट पर भी अपनाई गई थी, लेकिन इस बार भी जनता ने सच्चाई को पहचान लिया और इन सभी प्रयासों को नकार दिया। चंद्रशेखर के अनुसार, यह परिणाम स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि जनता अब विकास, पारदर्शिता और जवाबदेही की राजनीति चाहती है। उन्होंने कहा कि तमाम राजनीतिक हथकंडों के बावजूद स्थानीय स्तर पर भाजपा को मिला समर्थन केरल में बदलते राजनीतिक माहौल का संकेत है।

**'विकसित केरलह्व की दिशा में आगे बढ़ने का किया आह्वान**

राजीव ने 'विकसित केरल' की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि केरल विकास, सुशासन और जनकल्याण के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़े। भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि स्थानीय निकायों में पार्टी की मजबूत मौजूदगी आने वाले समय में केरल की राजनीति की दिशा बदल सकती है। (इनपुट-आ-ईएएनएस)

# 26 दिसंबर से रेलवे में लागू होंगे नए नियम, तय दूरी के बाद बढ़ेगा किराया

समाज जागरण

ट्रेनों से सफर करने वाले यात्रियों को 26 दिसंबर से एक निश्चित दूरी के बाद बढ़ा हुआ किराया देना होगा। भारतीय रेलवे ने किराया संरचना में बदलाव करने का फैसला किया है। इस बदलाव का उद्देश्य यात्रियों पर न्यूनतम बोझ डालते हुए बढ़ती परिचालन लागत को संतुलित करना है।

**साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर से अधिक दूरी की यात्रा पर प्रति किलोमीटर 1 पैसे की मामूली बढ़ोतरी**

साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर से अधिक दूरी की यात्रा पर प्रति किलोमीटर 1 पैसे




की मामूली बढ़ोतरी की गई है। मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों की नॉन-एसी श्रेणी में प्रति किलोमीटर 2 पैसे की बढ़ोतरी होगी। वहीं, एसी श्रेणी में भी किराया प्रति किलोमीटर 2 पैसे बढ़ाया गया है। रेलवे ने बताया कि 500 किलोमीटर की नॉन-एसी यात्रा करने वाले यात्रियों को केवल 10 रुपए अतिरिक्त चुकाने होंगे।

**एमएसटी के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं**

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि उपनगरीय सेवाओं और मासिक सीजन टिकट (एमएसटी) के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इसके अलावा, साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा करने वाले यात्रियों को कोई अतिरिक्त राशि नहीं देनी होगी।

**चालू वित्त वर्ष में लगभग 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय होने का अनुमान**

रेलवे के इस किराया युक्तिकरण से चालू वित्त वर्ष में लगभग 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय होने का अनुमान है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पिछले एक दशक में रेलवे नेटवर्क और परिचालन में बड़ा विस्तार हुआ है। बढ़ते संचालन और सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने के लिए रेलवे ने अपने मानव संसाधन में भी वृद्धि की है। इस कारण रेलवे की मैनपावर लागत बढ़कर 1 लाख 15 हजार करोड़ रुपए हो गई है, जबकि पेंशन पर होने वाला खर्च 60 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। वर्ष 2024-25 में रेलवे की कुल परिचालन लागत 2 लाख 63 हजार करोड़ रुपए हो गई है।

**बढ़ती लागतों को पूरा करने के लिए रेलवे अधिक माल ढुलाई और यात्री किराए में सीमित यु-क्तिकरण पर दे रहा है ध्यान**

इन बढ़ती लागतों को पूरा करने के लिए रेलवे अधिक माल ढुलाई और यात्री किराए में सीमित यु-क्तिकरण पर ध्यान दे रहा है। रेलवे का कहना है कि सुरक्षा और बेहतर परिचालन के लिए किए गए प्रयासों के चलते भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा माल ढुलाई करने वाला रेलवे बन चुका है। हाल ही में त्योहारों के मौसम में 12 हजार से अधिक स्पेशल ट्रेनों का सफल संचालन किया गया।

## ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा की चेतावनी: वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई खतरनाक साबित होगी

समाज जागरण

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने नौसैनिक नाकेबंदी और कैरिबियाई देश वेनेजुएला पर सैन्य मौजूदगी बेहद चिंताजनक



वेनेजुएला में किसी भी तरह की सशस्त्र सैन्य दखलअंदाजी को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। राष्ट्रपति ने आगाह किया कि अगर वेनेजुएला के खिलाफ किसी भी तरह का सशस्त्र बल प्रयोग इस पूरे क्षेत्र में होगा तो यह घातक साबित होगा।

राष्ट्रपति लूला ने कहा अमेरिका की धमकियां, नौसैनिक नाकेबंदी और कैरिबियाई देश वेनेजुएला पर सैन्य मौजूदगी बेहद चिंताजनक है

शनिवार को मकोर्सुर और सहयोगी देशों के 67वें शिखर सम्मेलन में बोलते हुए राष्ट्रपति लूला ने अमेरिका की ओर से वेनेजुएला पर बनाए जा रहे सैन्य दबाव पर बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिका की धमकियां, है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, लूला ने इसे बाहरी क्षेत्रीय शक्ति की सैन्य दखल बताया, जिससे पूरा लैटिन अमेरिका हैरान और परेशान है। वेनेजुएला में सशस्त्र हस्तक्षेप पूरे महाद्वीप के लिए मानवीय आपदा होगा और दुनिया के लिए एक खतरनाक उदाहरण बनेगा

लूला दा सिल्वा ने साफ शब्दों में कहा कि दक्षिण अमेरिका के लिए शांति और समृद्धि ही एकमात्र सही रास्ता है। अंतरराष्ट्रीय कानून की सीमाओं की परीक्षा ली जा रही है। वेनेजुएला में सशस्त्र हस्तक्षेप पूरे महाद्वीप के लिए मानवीय आपदा होगा और दुनिया के लिए एक खतरनाक उदाहरण बनेगा।

### उप विजेता बनने के बाद नहीं लिया एसीसी अध्यक्ष के हाथ से मेडल

## भारतीय टीम ने मोहसिन नकवी को फिर दिखाया आईना

समाज जागरण

नई दिल्ली. भारत की अंडर 19 फाइनल में पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा. हार के बाद



क्रिकेट टीम ने मोहसिन नकवी के हाथों दुबई में मेडल लेने से इनकार कर दिया. भारत को अंडर 19 एशिया कप के भारतीय टीम ने पाकिस्तान के साथ मंच साझा नहीं किया और उप विजेता का मेडल नकवी के हाथों लेने से इनकार कर दिया.

## भारत के आसमान में बंटवारा: पहाड़ हुए सफेद, दिल्ली गैस चैंबर, 97 फ्लाइट्स रद्द और कोहरे का लॉकडाउन

समाज जागरण

उत्तर भारत में मौसम का एक अजीब और विरोधाभासी रूप देखने को मिल रहा है. जहां एक तरफ पहाड़ों पर हुई ताजी बर्फबारी ने वादियों को सफेद चादर से ढक दिया है, वहीं देश की राजधानी दिल्ली प्रदूषण और घने कोहरे के कारण 'गैस चैंबर' में तब्दील हो गई है. विजिबिलिटी जीरो होने से हवाई यातायात पर अघोषित 'लॉकडाउन' लग गया है, जिसके चलते आज 97 फ्लाइट्स रद्द करनी पड़ी हैं. जानिए कैसे इस दोहरे मौसम ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं.



21 दिसंबर की सुबह जैसे ही देश की नींद खुली, आसमान ने मौसम का एक अजीबोगरीब बंटवारा पेश कर दिया. उत्तर भारत में मौसम ने अपने रंग ऐसे बदले कि कहीं पहाड़ बर्फ से सफेद हो गए, तो कहीं मैदानी इलाके घने कोहरे की चादर में लिपटे नजर आए. राजधानी दिल्ली में जहां प्रदूषण का 'जहर' हवा में घुला रहा, वहीं कश्मीर ने बर्फबारी के साथ 'चिल्लई कलां' का स्वागत किया. मौसम का यह खेल सिर्फ ठंड तक सीमित नहीं रहा, इसने उड़ानों को रोका, सड़कों की रफ्तार धीमी की और लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया. आखिर ऐसा हुआ क्यों?

**दिल्ली: धुंध और प्रदूषण का जानलेवा कॉकटेल**

राजधानी दिल्ली में रविवार की सुबह दोहरी मार लेकर आई. एक तरफ घना कोहरा और दूसरी तरफ जहरीली हवा. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के अनुसार, दिल्ली का औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 377 दर्ज किया गया, जो 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है. हालात इतने बदतर थे कि शहर के 40 निगरानी स्टेशनों में से 16 पर हवा 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गई. यानी सांस लेना दूभर हो गया है.

# नव वर्ष पर बाबा विश्वनाथ के दर्शन को उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

## तीन दिन बंद रहेगा स्पर्श दर्शन, कराई जाएगी बैरिकेडिंग

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी।। नव वर्ष पर काशी में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। बाबा विश्वनाथ के दर्शन को भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में मंदिर प्रशासन तैयारी में जुट गया है। नव वर्ष पर 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक बाबा का स्पर्श दर्शन बंद रहेगा। वहीं भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग कराने के साथ ही महाकुंभ जैसे इंतजाम रहेंगे। श्रद्धालुओं को तीन दिनों तक कतारबद्ध होकर झांकी दर्शन करना होगा।

मंदिर प्रशासन के अनुसार 31 दिसंबर से लेकर 2 जनवरी तक बाबा विश्वनाथ के स्पर्श दर्शन नहीं होंगे। नववर्ष और छुट्टियों के कारण इन दिनों काशी में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की पूरी संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न उत्पन्न हो और दर्शन प्रक्रिया सुचारु रूप से चलती रहे।

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि नववर्ष पर काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना बढ़ जाती है। गंगा स्नान, मंदिर दर्शन और काशी के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं। ऐसे में सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखना एक बड़ी चुनौती होती है। बीते वर्षों के अनुभवों को देखते हुए इस बार पहले से ही ठोस रणनीति तैयार की गई है।

इसी क्रम में 23 दिसंबर से मंदिर मार्ग पर बैरिकेडिंग कर दी जाएगी। इससे श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया जा



सकेगा और भीड़ को एक दिशा में सुव्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाया जा सकेगा। मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन की ओर से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, स्वयंसेवक और सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी लगातार निगरानी रखी जाएगी।

मंदिर न्यास के अधिकारियों ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन दर्शन बुकिंग की व्यवस्था पहले की तरह जारी रहेगी, हालांकि नववर्ष के दिन कुछ समय के लिए ऑनलाइन बु-किंग बंद भी रखी जा सकती है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे मंदिर प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

काशी में नववर्ष के दौरान पर्यटकों की संख्या भी काफी बढ़ जाती है। गंगा आरती, नाव विहार, घाटों की सैर और काशी की गलियों में घूमने के लिए बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैलानी यहां पहुंचते हैं। होटल, धर्मशाला और गेस्ट हाउस लगभग पूरी तरह से बुक हो जाते हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार नववर्ष और क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान काशी में पर्यटन गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

नववर्ष के अवसर पर काशी एक बार फिर आस्था, भक्ति और उल्लास के रंग में रंगने को तैयार है। गंगा घाटों से लेकर मंदिरों तक, हर ओर भक्ति का माहौल रहेगा। प्रशासन और मंदिर न्यास की तैयारियों के बीच श्रद्धालु नए साल की शुरूआत बाबा विश्वनाथ और बाबा कालभैरव के दर्शन के साथ करने को उत्सुक नजर आ रहे हैं।

## आवश्यकताओं पर निर्भर रिश्ते।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था व्यापार तथा युद्ध में अवलंबित।

विश्व आज जिस मोड़ पर खड़ा है वहाँ रिश्तों की भाषा धीरे-धीरे संविदाओं, समझौतों, अनुबंधों और लाभ-हानि के गणित में बदल चुकी है। मानवीय संवेदना, सांस्कृतिक आत्मीयता और नैतिक दायित्वों की जगह सामरिक



हितों और व्यापारिक समीकरणों ने ले ली है। वैश्विक व्यवस्था अब मित्र-शत्रु की नहीं बल्कि उपभोक्ता-आपूर्तिकर्ता, निवेशक-बाजार और शक्ति-संतुलन की भाषा में स्वयं को परिभाषित कर रही है, अमेरिका, रूस और चीन जैसे महाशक्तियों से लेकर भारत, यूरोप और सऊदी अरब तक सभी राष्ट्र या तो युद्ध की आशंका से संचालित हैं या व्यापार की अनिवार्यता से, और अक्सर दोनों एक-दूसरे में इस तरह गुंथे हुए हैं कि अलग-अलग पहचानना कठिन हो गया है।शीत युद्ध के बाद यह आशा की गई थी कि विश्व सहयोग, बहुपक्षीयता और साझा विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा किंतु इक्कीसवीं सदी का यथार्थ बताता है कि तकनीक, ऊर्जा, हथियार, दुर्लभ खनिज, खाद्य सुरक्षा और जलवायु जैसे मुद्दे नए प्रकार के संघर्षों को जन्म दे रहे हैं जहाँ युद्ध केवल बंदूकों और मिसाइलों से नहीं बल्कि प्रतिबंधों, टैरिफ, आपूर्ति श्रृंखलाओं के अवरोध, साइबर आक्रमण और सूचना युद्ध से लड़े जा रहे हैं।

अमेरिका वैश्विक मुद्रा व्यवस्था, तकनीकी वर्चस्व और सैन्य गठबंधनों के माध्यम से अपनी स्थिति बनाए रखना चाहता है जबकि चीन उत्पादन, निर्यात, आधारभूत ढाँचे और नवाचार के बल पर विश्व बाजार का केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। रूस ऊर्जा संसाधनों और सामरिक शक्ति को अपने प्रभाव का आधार बनाकर पश्चिमी वर्चस्व को चुनौती देता है, यूरोप सुरक्षा के लिए नाटो पर निर्भर रहते हुए भी ऊर्जा, आप्रवासन और आर्थिक मंदी की दुविधाओं से जूझ रहा है,

(भारत एक ओर आत्मनिर्भरता और बहुपक्षीय संतुलन की नीति अपनाते हुए वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में विश्वसनीय भागीदार बनना चाहता है तो दूसरी ओर अपनी सीमाओं और सुरक्षा को लेकर सतर्क है) ।

सऊदी अरब और खाड़ी देश तेल और गैस के माध्यम से वैश्विक राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाते हुए धीरे-धीरे अर्थव्यवस्था के विविधीकरण और तकनीकी निवेश की ओर बढ़ रहे हैं, इन सभी उदाहरणों में एक साझा सूत्र यह है कि रिश्ते स्थायी नहीं रहे, हित स्थायी हो गए हैं, आज कोई देश दूसरे देश का मित्र इसलिए नहीं है कि उसके साथ ऐतिहासिक या सांस्कृतिक निकटता है बल्कि इसलिए है कि उससे उसे ऊर्जा मिलती है, बाजार मिलता है, तकनीक मिलती है या सुरक्षा की गारंटी मिलती है, युद्ध भी अब केवल भूभाग या विचारधारा के लिए नहीं बल्कि संसाधनों, प्रभाव क्षेत्रों और आपूर्ति मार्गों के नियंत्रण के लिए लड़े जा रहे हैं, यूक्रेन संघर्ष ने यह स्पष्ट कर दिया कि एक क्षेत्रीय युद्ध कैसे वैश्विक ऊर्जा कीमतों, खाद्यान्न आपूर्ति और मुद्रास्फीति को प्रभावित कर सकता है, मध्य-पूर्व की अस्थिरता दिखाती है कि तेल, धर्म, भू-राजनीति और हथियार उद्योग कैसे एक-दूसरे को पोषित करते हैं, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में तनाव यह संकेत देता है कि तकनीकी श्रेष्ठता और समुद्री मार्गों का नियंत्रण आने वाले समय की सबसे बड़ी रणनीतिक चुनौती है, विज्ञान और तकनीक जो कभी मानव कल्याण के साधन माने जाते थे आज वे भी सामरिक प्रतिस्पर्धा के उपकरण बन गए हैं।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अर्धचालक, अंतरिक्ष तकनीक और जैव-प्रौद्योगिकी पर नियंत्रण अब राष्ट्रों की शक्ति का नया पैमाना है, जो देश इन क्षेत्रों में आगे है वही वैश्विक नियम तय करने की क्षमता रखता है, व्यापार अब केवल वस्तुओं का लेन-देन नहीं रहा बल्कि मूल्यों, मानकों और निर्भरता का निर्माण बन गया है, जब कोई देश किसी दूसरे देश पर तकनीक या कच्चे माल के लिए निर्भर होता है तो उसकी विदेश नीति स्वतः ही सीमित हो जाती है, इसी कारण आत्मनिर्भरता की बातें बढ़ी हैं किंतु पूर्ण आत्मनिर्भरता आज के वैश्विक ताने-बाने में एक भ्रम जैसी प्रतीत होती है, वास्तविकता यह है कि विश्व परस्पर निर्भर है पर यह निर्भरता समान नहीं है, कहीं कोई देश नियम बनाता है तो कहीं कोई देश केवल उनका पालन करता है, इस असमानता ने अविश्वास को जन्म दिया है और अविश्वास ने हथियारों की दौड़, संरक्षणवाद और क्षेत्रीय गठबंधनों को, संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थाएँ इन जटिलताओं के सामने अक्सर असहाय दिखाई देती हैं क्योंकि उनके निर्णय भी शक्तिशाली देशों के हितों से प्रभावित होते हैं।

मानवीय संकट, शरणार्थी समस्या और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे भी तब तक प्राथमिकता नहीं बन पाते जब तक वे किसी बड़े राष्ट्र के व्यापार या सुरक्षा हितों से सीधे न टकराएँ, इस पूरी स्थिति में आम मनुष्य कहीं हाशिये पर चला गया है, उसके लिए युद्ध का अर्थ है महँगाई, बेरोजगारी और असुरक्षा और व्यापार का अर्थ है अनिश्चितता, असमानता और प्रतिस्पर्धा का दबाव, फिर भी आशा पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है क्योंकि इतिहास साक्षी है कि अति-व्यापारिक सोच और निरंतर संघर्ष अंततः स्वयं को ही क्षति पहुँचाते हैं, यदि विश्व को दीर्घकालिक शांति और स्थिरता चाहिए तो उसे यह समझना होगा कि व्यापार साधन है लक्ष्य नहीं और सुरक्षा शक्ति से अधिक विश्वास से आती है, सामरिक सोच में मानवीय विवेक और वैज्ञानिक प्रगति में नैतिकता का समावेश ही इस दौर की सबसे बड़ी आवश्यकता है, अन्यथा यह दुनिया रिश्तों के अभाव में केवल सौदों की मंडी बनकर रह जाएगी जहाँ हर सौदा अस्थायी होगा और हर शांति अगले युद्ध की भूमिका।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, चिंतक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

## हां, मैं लिखता हूँ।

अक्सर शिकायत रहती है तुम्हें कि मैं लिखता नहीं।
मैं लिखता हूँ तुम्हारी खबरें,
लेकिन तुम पढ़ते नहीं।

यह बात और है कि वे खबरें तुम्हारे मतलब की नहीं होतीं।
मतलब की हों भी कैसे?
क्योंकि तुम्हारा मतलब ही कुछ और होता है।

अपनी स्याही से पूरी किताब नहीं लिखी जाती।
किताब लिखने के लिए और स्याही चाहिए।
और वह स्याही तुमसे नहीं, सियासत से आती है–
वही सियासत, जिसे तुम करना चाहते हो।

# सहकारिता का नया दौर: भारत टैक्सी से ओला-उबर को चुनौती

**महेन्द्र तिवारी**

भारत टैक्सी का अमूल-आधारित सहकारी मॉडल भारत की ऐप-आधारित टैक्सी अर्थव्यवस्था में सिर्फ एक नया स्टार्ट-अप नहीं, बल्कि एक वैचारिक हस्तक्षेप के रूप में सामने आ रहा है। पिछले एक दशक में ओला-उबर जैसे प्लेटफॉर्मों ने शहरी मोबिलिटी को तेज, सुलभ और तकनीक-संचालित बनाया, लेकिन इसके साथ ही गिग-इकोनॉमी का एक ऐसा चेहरा भी उभरा जिसमें ड्राइवर ऊँचे कमीशन, अस्थिर आय, एल्गोरिद्मिक दंड और सर्ज प्राइसिंग की मार झेलते रहे। यात्रियों को भी कभी-कभी सुविधा के बदले अनियंत्रित किराया और सुरक्षा को लेकर असहजता स्वीकार करनी पड़ी। इसी पृष्ठभूमि में भारत टैक्सी एक ऐसे विकल्प के रूप में प्रस्तुत हो रही है, जो लाभ अधिकतमकरण की जगह सहकार, स्वामित्व और न्याय की भाषा बोलती है।

भारत टैक्सी का मूल विचार अमूल मॉडल से प्रेरित है–हजारों छोटे-छोटे हितधारकों को जोड़कर एक बड़ा, भरोसेमंद और सामूहिक ब्रांड खड़ा करना। जिस तरह अमूल ने दूध उत्पादकों को बाजार की ताकत दी, उसी तरह भारत टैक्सी ड्राइवरों को सिर्फ सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि सहकारी संस्था के सदस्य-साझेदार के रूप में देखती है। "सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड" के जरिये संचालित यह पहल ड्राइवरों को साझा टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म, साझा मार्केटिंग और साझा मुनाफे का हिस्सा बनाती है। सहकारिता मंत्रालय के समर्थन और अमूल, इफको, नाबार्ड, एनसीडीसी जैसी संस्थाओं की भागीदारी इसे एक हद तक संस्थागत विश्वसनीयता भी देती है। दिल्ली और सौराष्ट्र क्षेत्र में पायलट के दौरान ही हजारों ड्राइवरों के जुड़ने का दावा बताता है कि यह विचार जमीन पर कुछ हद तक स्वीकार्यता पा रहा है।




ड्राइवर-केंद्रित दृष्टिकोण भारत टैक्सी की सबसे बड़ी विशिष्टता है। मौजूदा एग्रीगेटर प्लेटफॉर्मों पर 20 से 30 प्रतिशत तक कमीशन, जटिल इंसेंटिव संरचना और अकसर मनमाने बैन ड्राइवरों की सबसे बड़ी शिकायत रही है। भारत टैक्सी इन शिकायतों का जवाब न्यूनतम या शून्य कमीशन, नाममात्र प्लेटफॉर्म फीस और मुनाफे के सहकारी वितरण के जरिये देने का दावा करती है। प्रति राइड मिलने वाली आय का बड़ा हिस्सा सीधे ड्राइवर तक पहुँचना, और अतिरिक्त अधिशेष का सदस्य-लाभांश के रूप में लौटना, इस मॉडल को रोजगार से आगे बढ़ाकर साझा स्वामित्व की दिशा में ले जाता है। प्रतीकात्मक रूप से ड्राइवरों को "सारथी" कहा जाना भी इसी सोच को रेखांकित करता है कि वे सिर्फ ऐप पर लॉग-इन करने वाले गुमनाम कर्मी नहीं, बल्कि नीति और दिशा तय करने वाले भागीदार हैं।

यात्रियों के लिए भारत टैक्सी का आकर्षण पारदर्शिता और स्थिरता में निहित है। सर्ज प्राइसिंग पर रोक और पहले से तय किराया-ब्रैकेट इस वादे के साथ आते हैं कि पीक ऑवर, बारिश या किसी आपात स्थिति में किराया अचानक कई गुना नहीं बढ़ेगा। न्यूनतम किराया, प्रति किलोमीटर दर और दूरी के हिसाब से घटती कीमतें एक ऐसे ढांचे का संकेत देती हैं जिसमें सेवा को सार्वजनिक उपयोगिता के करीब लाने की कोशिश है, न कि केवल अधिकतम मुनाफे का साधन बनाने की। मल्टीलिंगुअल इंटरफेस, रियल-टाइम ट्रैकिंग, 24x7 कस्टमर सपोर्ट और भविष्य में मेट्रो जैसे ट्रांज़िट सिस्टम से इंटीग्रेशन का वादा यह दिखाता है कि यह पहल तकनीकी अनुभव में निजी कंपनियों से पीछे नहीं रहना चाहती। फिर भी, इस सहकारी सपने के सामने चुनौतियाँ कम नहीं हैं। तकनीकी स्तर पर ओला-उबर जैसे दिग्गजों के पास वर्षों का डेटा, परिष्कृत एल्गोरिद्म और विशाल सर्वर इंफ्रास्ट्रक्चर है। दो मिनट के भीतर पिक-अप, कम कैंसिलेशन और निर्बाध ऐप अनुभव देना केवल विचारधारा से संभव नहीं, इसके लिए भारी तकनीकी निवेश और दक्ष प्रबंधन चाहिए। जैसे-जैसे भारत टैक्सी अधिक शहरों और भौगोलिक क्षेत्रों में फैलेगी, सहकारी शासन की जटिलताएँ भी बढ़ेंगी–निर्णय-प्रक्रिया की गति, स्थानीय हितों का टकराव और पेशेवर प्रबंधन व सदस्य-लोकतंत्र के बीच संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होगा।

एक और बड़ी बाधा उपभोक्ता आदतों की है। ओला-उबर अब सिर्फ सेवाएँ नहीं, बल्कि शहरी जीवनशैली का हिस्सा बन चुके हैं। उनके ऐप खोलना, किराया स्वीकार करना और यात्रा शुरू करना एक स्वाभाविक क्रिया बन गई है। भारत टैक्सी को इस आदत को तोड़ने के लिए नैतिक अपील से आगे बढ़कर लगातार बेहतर, भरोसेमंद और सहज अनुभव देना होगा। यदि सेवा में देरी, ड्राइवर उपलब्धता की कमी या तकनीकी खामियाँ रहीं, तो सहकारी विचार का आकर्षण जल्दी फीका पड़ सकता है।

इसके बावजूद भारत टैक्सी का महत्व उसके तत्काल व्यावसायिक भविष्य से कहीं बड़ा है। यह पहल यह प्रश्न उठाती है कि क्या प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था अनिवार्य रूप से वेंचर-कैपिटल संचालित, प्रॉफिट-मैक्सिमाइज़िंग मॉडल तक सीमित रहेगी, या उसमें सहकारी, श्रमिक-केंद्रित विकल्पों के लिए भी जगह बन सकती है। यदि यह प्रयोग सफल होता है और ड्राइवरों की आय व गरिमा में वास्तविक सुधार लाता है, तो यह उदाहरण फूड डिलीवरी, लॉजिस्टिक्स और अन्य गिग-आधारित क्षेत्रों में भी दोहराया जा सकता है। और यदि यह आंशिक या सीमित स्तर पर ही टिक पाता है, तब भी यह बहस को मजबूर करेगा कि तकनीक का इस्तेमाल केवल पूँजी के हित में हो या समाज के व्यापक हित में।

अंततः भारत टैक्सी को एक प्रयोग के रूप में देखना अधिक यथार्थवादी होगा–एक ऐसा प्रयोग जिसमें सरकारी-सहकारी समर्थन और सामूहिक स्वामित्व की ताकत है, लेकिन बाजार की प्रतिस्पर्धा और तकनीकी चुनौतियों का दबाव भी उतना ही वास्तविक है। आने वाले वर्षों में यह तय होगा कि टैक्सियों का यह "अमूल मॉडल" भारतीय मोबिलिटी इकोसिस्टम में एक नई धारा बनता है या समानांतर, सीमित-कक्षा का विकल्प बनकर रह जाता है। पर इतना स्पष्ट है कि इसने प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था की दिशा पर एक जरूरी और समयोचित सवाल खड़ा कर दिया है–और यही किसी भी संपादकीय रूप से महत्वपूर्ण पहल की असली कसौटी है।

# वाह भाई वाह ! उस्ताद हो तो अमजद अली जैसा

यकीन मानिये कि मैं सरोद के जादूगर उस्ताद अमजद अली खान के सरोद वादन का ठीक वैसा ही मुरीद हूं जैसा कि पंडित रविशंकर के सितार और उस्ताद बिस्मिल्लाह खान साहब की शहनाई का हूँ. लेकिन ग्वालियर के प्रति उस्ताद अमजद अली खान ने अपनी जिम्मेदारी जिस ढंग से निभाई है, उस वजह से उस्ताद अमजद अली खान मुझे शोलै फिल्म के गब्बर सिंह जैसे लगने लगे हैं.

अमजद अली खाँ साहब ग्वालियर के बेटे हैं. मै उन्हे सपूत या कपूत नहीं लिख रहा. उनका जन्म ग्वालियरे में उसी महीने में हुआ है, जिसमें उस्ताद लोग पैदा होते हैं. राजनी के उस्ताद पंडित अटल बिहारी बाजपेई भी अक्तूबर की पैदाइश थे.. अमजद अली 9 अक्टूबरे 1945 को जन्मे इस लिहाज से वे पूरे 80 साल के हो गए हैं.

अमजद अली साहब ग्वालियर संगीत के 'सेनिया बंगश' घराने की छठी पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं.उस्ताद अमजद अली खाँ को संगीत विरासत में ठीक वैसे ही मिला जैसे राहुल गांधी को राजनीति मिली.अमजद अली के पिता उस्ताद हाफि ज अली खाँ ग्वालियर राज-दरबार में प्रतिष्ठित संगीतज्ञ थे। इस घराने के संगीतज्ञों ने ही ईराने के लोकवाद्य ह्यरबाबह्ल को भारतीय संगीत के अनुकूल परिवर्द्धित कर ह्यसरोदह्ल नामकरण किया। उनका घराना अपने आपको तानसेन से जोडकर चलता है.

बात ग्वालियर और उस्ताद अमजद अली के रिश्तों की है.मात्र बारह वर्ष की आयु में एकल सरोद-वादन का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन करने वाले उस्ताद अमजद अली पिछले 68 साल में दुनिया भर में अपनी कला का प्रदर्शन कर सब कुछ हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हे अपने शहर में भी गाने-बजाने के पैसे चाहिए होते हैं.

उस्ताद अमजद अली खान साहब से मैनें पहला साक्षात्कार 1983 में करंट पत्रिका के लिए किया था. तभी से मै उन्हे जानता हूँ. यानि कोई 43 साल से. ग्वालियर में उनके पुश्तैनी घर को सरोदघर के लिए खाली कराने से ले नगर निगम से उसके संधारण तक का मै साक्षी हूँ, किंतु मुझे औरों की तरह तकलीफ भी है और शिकायत भी कि उस्ताद ने ग्वालियर से सब कुछ हासिल करने के बावजूद ग्वालियर को कुछ नहीं दिया. वे 9 साल बाद तानसेन समारोह में अपने बच्चों के साथ आए भी तो 16 लाख रुपये का मेहनताना वसूलकरने के बाद.

उस्ताद अमजद अली खान को मप्र से हमेशा यही शिकायत रही कि मप्र की सरकार उनकी उपेक्षा करती है. यानि वे अपेक्षा और उपेक्षा से ऊपर उठ ही नहीं पाए फिर चाहे सरकार कांग्रेस की रही हो या भाजपा की. अस्ताद ने अपने सरोदघर के लिए केंद्र सरकार से भी इमदाद



ली और मप्र सरकार से भी,, किंतु बदले में ग्वालियर को दिया कुछ नहीं. कभी नियम से यहाँ सरोद की तालीम देने का वक्त उनके या उनके बच्चों के पास नहीं रहा.

मुझे अफसोस है ये लिखते हुए कि उस्ताद अमजद अली ने कभी भी तानसेन समारोह के लिए अपनी ओर से प्रस्तुत नहीं किया, उलटे एक बार अपने पिता उस्ताद हाफिज अली खान साहब की स्मृति में एक समानांतर संगीत समारोह ग्वालियर में कर तानसेन समारोह को कमतर बनाने का पाप भी किया. सरकार को नीचा दिखाने के लिए उन्होने उस वक्त असकरी बाई को एक लाख का पुरस्कार भी दिया. लेकिन ये एक बार का होकर रह गया. सिलसिला जारी नहीं रख पाए उस्ताद.

उस्ताद अमजद अली खान साहब अब भी चाहते हैं कि उनके पिता की स्मृति में मप्र सरकार ही कोई आयोजन करे. वे न ग्वालियर के लिए कुछ करना चाहते हैं न अपने पिता के लिए. तानसेन के लिए तो उनसे हो भी क्या सकता है. मेरा आरोप नहीं है लेकिन मुझे भनक लगी है कि इस बार भी तानसेन समारोह का न्यौता पाने के लिए उस्ताद ने मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से ऊपर से सिफारिश कराई थी. मुमकिन है ये अफवाह फैलाई गई हो.

बहरहाल ग्वालियर के प्रति उस्ताद का समर्पण नगण्य है. उस्ताद से ग्वालियर भी निराश है और ग्वालियर वाले भी. कितना अच्छा होता कि उस्ताद अपने उत्तरार्ध में दिल्ली छोडकर ग्वालियर में अपने सरोदघर को आबाद करते. उसे संगीत का तीर्थ बनाते. यहाँ से नये उस्ताद पैदा करते अपने बेटों जैसे. पर ये हो न सका. ग्वालियर का दुर्भाग्य है कि ग्वालियर ने देश को राजनीति के शशिखर पुरुष पंडित अटल बिहारी बाजपेई दिए किंतु वे भी उस्ताद अमजद अली की तरह दिल्ली के होकर रह गये. आखरी वक्त में भी वे माधवराव सिंधिया या राजमाता सिंधिया की तरह ग्वालियर से एकाकार होने नही आए.

@ राकेश अचल

## यात्री भी भुगतान करें: माल भाड़े की कमाई बढ़ेगी, लेकिन किराया बढ़ाना भी जरूरी

*पुराने अंकेक्षकों की रिपोर्ट बताती हैं कि यात्री टिकटों पर 45 फीसदी की सब्सिडी दी जाती है। यही मूल समस्या है जिसे हल करना जरूरी है*

रेलवे से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने एक रिपोर्ट तैयार की है जिसका शीर्षक है, भारतीय रेल की बढ़ती माल भाड़े संबंधी आय और समर्पित मालवहन गलियारों का विकास। यह रिपोर्ट मंगलवार को संसद के समक्ष पेश की गई। इस रिपोर्ट में रेलवे की माल भाड़े से होने वाली आय में विविधता लाने को लेकर कुछ अहम सुझाव दिए गए हैं। उदाहरण के लिए, यह सुझाव दिया गया है कि रेलवे को कोयला और लौह अयस्क की पारंपरिक ढुलाई पर निर्भरता से आगे बढ़कर भारत के तेजी से विस्तार कर रहे ई-कॉमर्स क्षेत्र से संबंधित आधुनिक माल ढुलाई की ओर ध्यान देना चाहिए।

रिपोर्ट में नए मालवहन कॉरिडोर बनाने की दलील दी गई है, जिनमें से कुछ को निजी फंडिंग से संचालित करने का सुझाव दिया गया है। इसमें रेलवे को माल ढुलाई से प्राप्त होने वाली आय पर भी विचार किया गया है, जो इसके संचालन के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। मालवहन हर वर्ष रेलवे की आय में लगभग 65 से 70 फीसदी का योगदान करता है। उदाहरण के लिए, वर्ष 2023-24 में रेलवे को कुल 2.6 लाख करोड़ रुपये की आय में से लगभग 1.7 लाख करोड़ रुपये माल ढुलाई से प्राप्त हुए। वर्तमान प्रबंधन ने इस राजस्व स्रोत को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसमें तर्कसंगत शुल्क, रोलिंग स्टॉक में वृद्धि और 'गति शक्ति' अधोसंरचना कार्यक्रम के तहत टर्मिनल का निर्माण शामिल है।

माल ढुलाई में हुई इस वृद्धि को सहारा देने वाली अतिरिक्त लोडिंग आंशिक रूप से उन स्थिर दरों के कारण है जो रेलवे ने प्रदान की हैं। हालांकि, इसने समिति का ध्यान आकर्षित किया और उसने इंगित किया कि दरों में अंतिम बड़ा संशोधन 2018 में हुआ था। सांसदों का तर्क है कि संगठन को दरों का वार्षिक आकलन करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे दरें राजमार्गों और अन्य परिवहन साधनों की तुलना में प्रतिस्पर्धी बनी रहें।

निस्संदेह, मालवहन परिवहन में रेलवे की हिस्सेदारी एक ऐसी समस्या है जिसे संबोधित करने की आवश्यकता है।

# जॉर्डन से ओमान तक, संबंधों को मजबूती

*प्रधानमंत्री की यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका के कदमों से उत्पन्न भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं इस क्षेत्र और वैश्विक व्यापार दोनों के लिए चिंता का सबब हैं*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा पश्चिम एशिया और अफ्रीका के साथ भारत के ऐतिहासिक व्यापारिक और सुरक्षा संबंधों को और मजबूती देने की दिशा में एक छोटा मगर महत्त्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री की यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका के कदमों से उत्पन्न भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं इस क्षेत्र और वैश्विक व्यापार दोनों के लिए चिंता का सबब हैं।

इन तीन देशों की यात्रा का जितना महत्त्व ऊपरी तौर पर दिख रहा है (जैसे इथियोपिया के प्रधानमंत्री और जॉर्डन के युवराज द्वारा प्रधानमंत्री के प्रति व्यक्त सम्मान) उतना ही उन समझौतों का भी है जिन पर हस्ताक्षर हुए। इनमें ओमान और भारत के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यह समझौता ऐसे मौके पर हुआ है जब दोनों देश राजनयिक संबंध स्थापित होने के 70 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।

यह व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) भारत और किसी पश्चिम एशियाई देश के बीच हुआ दूसरा एफटीए है। पहला वर्ष 2022 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ हुआ था। मगर ओमान के साथ यह सीईपीए वहां के बाजार में भारत को लगभग पूर्ण रूप से शुल्क-मुक्त पहुंच देता है और इसका दायरा एफटीए से कहीं अधिक है क्योंकि तत्काल 97.96 फीसदी शुल्क समाप्त हो जाएंगे।



इस बीच, भारत ने भी मूल्य के लिहाज से ओमान से लगभग 95 फीसदी आयात उदार बनाकर अपनी तरफ से भी सकारात्मक पहल की है। हालांकि, ओमान इस क्षेत्र में भारत के सबसे बड़े व्यापार साझेदारों में से एक नहीं है (यूएई के 100 अरब डॉलर और सऊदी अरब के 42 अरब की तुलना में कम है) मगर सीईपीए आर्थिक जुड़ाव और विस्तार के लिए बड़ी क्षमता की गुंजाइश तैयार करता है।

प्रमुख सेवा क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों द्वारा 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रावधान पश्चिम एशिया और अफ्रीका के सेवा क्षेत्र में भारत की पारंपरिक उपस्थिति को और धार देगा। भारतीय पेशेवरों के आने-जाने के लिए एक उदार गतिशीलता ढांचा भी अहम है। ओमान ने भारत से कच्चे संगमरमर के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने पर भी सहमति जताई है।

भारत के लिहाज से यह भी एक अहम प्रगति है क्योंकि इससे उसे तुर्किये पर अपनी निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। भारत इसे भी एक अहम भू-रणनीतिक लाभ के रूप में देख सकता है। तुर्किये द्वारा पाकिस्तान को समर्थन और जम्मू-कश्मीर पर भारतीय नीति की आलोचना के बाद भारत के साथ उसके संबंध खराब हो गए हैं।

प्रधानमंत्री अपनी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में जॉर्डन पहुंचे जो प्रधानमंत्री की पहली पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा थी। जॉर्डन के साथ कई सहयोग समझौते हुए जिनसे आपसी आर्थिक हितों में निहित पुरानी मित्रता को मजबूती मिली है। भारत, जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है और लंबे समय से उर्वरक आपूर्तिकर्ता के रूप में एक अहम भूमिका निभाता रहा है।

इथियोपिया में पारस्परिक रूप से मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के जरिये रणनीतिक लिहाज से अहम समझे जाने वाले अफ्रीका के इस देश में निवेश बढ़ाने के अवसर पर जोर दिया गया। इथियोपिया में लगभग 675 भारतीय कंपनियां पंजीकृत हैं और उन्होंने मुख्य रूप से कपड़ा और दवा क्षेत्रों में 6.5 अरब डॉलर का निवेश किया है। मगर चीन की तुलना में भारत काफी पीछे चल रहा है। भारत, इथियोपिया में एफडीआई का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत है। मगर चीन और तुर्किये के इथियोपिया के साथ कहीं अधिक व्यापक व्यापार, सुरक्षा और सैन्य संबंध हैं। इसे देखते हुए भारत को सहयोग के दायरे और इसकी गहराई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

ऐसा करना भारत के लिए इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि वह दुनिया के आर्थिक रूप से कमजोर देशों (ग्लोबल साउथ) का नेतृत्व करना चाह रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे लेकर भारत का रुख भी स्पष्ट कर चुके हैं। भारत ने जनवरी 2024 में ब्रिक्स समूह में इथियोपिया को बतौर सदस्य शामिल करने में प्रमुख भूमिका निभाई थी।

इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा अफ्रीकी संघ (एयू) का मुख्यालय भी है जिसके साथ भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन जल्द करने के लिए चर्चा चल रही है, जो पिछले एक दशक से अधर में लटका है। हाव-भाव और वास्तविकता दोनों लिहाज से तीन देशों की यह यात्रा इस क्षेत्र के साथ भारत के पारंपरिक संबंधों की एक रचनात्मक निरंतरता को दशार्ती है। मगर असली परीक्षा तो इस बात से होगी कि भारत इसका कितना लाभ उठा पाता है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## एलप्राजोलम पाउडर सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण

लोनी, 21 दिसंबरः थाना अंकुर




विहार पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध नशीला पदार्थ (एलप्राजोलम) पाउडर बेचने वाले तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 360 ग्राम अवैध नशीला एलप्राजोलम पाउडर बरामद करने का दावा किया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान पकड़े गए अभियुक्त की पहचान शबनम (57), आसमा (35) तथा गुल बहार उर्फ गुल्लो (25) के रूप में हुई है. जो सभी थाना अंकुर विहार क्षेत्र के डाबर तालाब खेत में रहने वाले बताए गए हैं।

चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध अवस्था में आ रहे युवकों को रोककर तलाशी लिए जाने पर उनके कब्जे से नशीला पाउडर बरामद हुआ। पूछताछ पूछताछ के दौरान पकड़े गए अभियुक्तों ने खुलासा करते हुए बताया है कि वे दिल्ली से चोरी-छिपे अवैध नशीला एलप्राजोलम पाउडर खरीदकर उसकी पुड़िया बनाकर राह चलते लोगों को बेचते थे और इससे मुनाफा कमाते थे। जिनके खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व में भी मारपीट, झगड़ा एवं एनडीपीएस एक्ट से संबंधित कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री के खिलाफ उनका यह अभियान आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगा।

## राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ युवा प्रकोष्ठ गा.बाद ने किया मासिक बैठक का आयोजन

समाज जागरण

लोनी, 21 दिसंबरः पूर्वी जवाहर नगर स्थित युवा महामंत्री पंडित मंथन शर्मा के निवास स्थान पर रविवार को राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ युवा प्रकोष्ठ गाजियाबाद की मासिक बैठक का आयोजन हुआ।

पंडित ऋषिपाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का आवाहन युवा जिला अध्यक्ष एडवोकेट नारायण दत्त शर्मा द्वारा किया गया। बैठक के दौरान समाज की विभिन्न वर्तमान समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। इस कड़ी में संगठन को सशक्त बनाने, ब्राह्मण समाज की



एकता, अधिकारों एवं संस्कृति की रक्षा तथा युवा मोर्चा के विस्तार को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

इस मौके पर संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने तथा समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प भी लिया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित प्रवेश दत्त भारद्वाज, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित अंकुर शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पंडित मुकेश शर्मा, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद पंडित कैलाश शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष एडवोकेट नारायण दत्त शर्मा, युवा जिला उपाध्यक्ष पंडित सोमपाल वशिष्ठ, युवा जिला मंत्री पंडित कैलाश शर्मा, युवा मीडिया प्रभारी पंडित जतिन शर्मा सहित युवा जिला मंत्री पंडित अमित शर्मा, पंडित सत्येंद्र शर्मा, पंडित कपिल कौशिक, पंडित कुंदन शुक्ला एवं अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### थाना सेक्टर-58 पुलिस की बड़ी कार्रवाई मोबाइल स्नैचिंग और धमकाने वाले गैंग के 3 अभियुक्त गिरफ्तार, कार और अवैध शस्त्र बरामद

नोएडा संवाददाता दैनिक समाज जागरणः गौतम बुद्ध नगर पुलिस आयुक्तालय की थाना सेक्टर-58 पुलिस ने सक्रिय गैंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो पार्कों में बैठी युवतियों और युवकों को डराकर मोबाइल फोन और नगदी लेने में शामिल थे।

पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से स्नैच किए गए मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त कार और एक अवैध शस्त्र बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



ADCP नोएडा के अनुसार, इस कार्रवाई से क्षेत्र में मोबाइल स्नैचिंग और पार्कों में अपराध की घटनाओं पर कड़ी नकेल कसी जाएगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र आए आगे: यूनाइटेड हिंदू फ्रंट

समाज जागरण

लोनी, 21 दिसंबरः बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रहे कथित दमन, हत्याओं, धार्मिक उत्पीड़न और मानवाधिकार उल्लंघनों को लेकर यूनाइटेड हिंदू फ्रंट गहरी चिंता व्यक्त की है। संगठन ने संयुक्त राष्ट्र (यूएनओ) एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से इस गंभीर मामले में तत्काल हस्तक्षेप के लिए मांग की है।

अपने जारी प्रेसनोट के माध्यम से



यूनाइटेड हिंदू फ्रंट ने कहां है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन जीने को मजबूर हैं। लगातार हत्याएं, लूटपाट, धार्मिक स्थलों पर हमले और महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो मानवता पर गंभीर आघात हैं। संगठन ने हाल की एक घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि पूरे हिंदू समाज पर प्रहार है।

अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों की इस मुद्दे पर चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि वैश्विक मंच वास्तव में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो उन्हें बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की पीड़ा पर भी आवाज उठानी चाहिए।

उन्होंने भारत सरकार से भी अपील की कि वह कूटनीतिक स्तर पर सख्त रुख अपनाते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए प्रभावी कदम उठाए। साथ ही मांग की गई कि धार्मिक उत्पीड़न तुरंत रोका जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। प्रेस विज्ञप्ति में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि विश्व के किसी भी कोने में सनातन हिंदुओं के साथ अन्याय होता है, तो भारत उनके संरक्षण के लिए मजबूती से खड़ा रहेगा।

अंत में संयुक्त राष्ट्र महासचिव और भारत के प्रधानमंत्री से इस विषय पर शीघ्र कार्रवाई कर पीड़ित हिंदू समाज को न्याय और सुरक्षा प्रदान करने के लिए आवाज उठाई हैं।

## पानी में फंसी गौ माता को सुरक्षित बाहर निकाल कर बचाई जान

समाज जागरण

लोनी, 21 दिसंबरः नगर पालिका क्षेत्र की अशोक विहार कॉलोनी स्थित गहरे पानी में फंसी एक बेसहारा गौ माता की जान बचाकर एंटी क्राइम ऑल इंडिया ट्रस्ट की टीम ने एक बार फिर सराहनीय कार्य किया है। स्थानीय लोगों ने ट्रस्ट के इस मानवीय कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक गाय के पानी में फंसे होने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचकर गौ माता की जान बचाने वाली ट्रस्ट टीम का नेतृत्व ट्रस्ट के अध्यक्ष रजनीश कुमार, उपाध्यक्ष परवेज चौधरी एवं राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद इजराइल के साथ समाजसेवी मोहम्मद इमरान ने किया।

मौके पर पहुंची टीम ने मोबाइल फोन के माध्यम से घटनाक्रम की सूचना अशोक विहार चौकी प्रभारी विवेक जावला को दी, इसके कुछ ही देर बाद पुलिस कर्मी कन्हैया मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना की सूचना पशुपालन विभाग को करते हुए गौ माता को पानी से सुरक्षित बाहर निकला। इसी दौरान लोनी पशु अस्पताल से हर्ष नामक कर्मचारी ने वहां पहुंचकर घायल गौ माता का प्राथमिक उपचार किया और उसकी समुचित देखभाल करने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिये।

स्थानीय लोगों ने एंटी क्राइम ऑल इंडिया ट्रस्ट, पुलिस प्रशासन और पशु अस्पताल टीम के इस सराहनीय कार्य के लिए जमकर सराहना की है।

## अवैध पैठ बाजार के खिलाफ व्यापारियों का एकजुट धरना
### प्रशासन की सख्ती के बाद अवैध बाजार कराया गया बंद

संवाददाता दैनिक समाज जागरण

क्षेत्र में लग रहे अवैध पैठ बाजार के विरोध में स्थानीय व्यापारियों ने एकजुट होकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। व्यापारियों का आरोप है कि बिना अनुमति लगने वाले पैठ बाजार से स्थायी दुकानदारों का व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा था, साथ ही राजस्व को भी नुकसान पहुंच रहा था।



धरने की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। व्यापारियों ने प्रशासन के समक्ष अपनी मांग रखते हुए कहा कि अवैध रूप से लगने वाले बाजार से न केवल व्यापार प्रभावित होता है, बल्कि यातायात व्यवस्था और कानून-व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है।

व्यापारियों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तत्काल सख्ती दिखाते हुए अवैध पैठ बाजार को बंद कराया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में बिना अनुमति कोई भी पैठ बाजार या अस्थायी बाजार नहीं लगाया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। धरना-प्रदर्शन में व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे। व्यापारियों ने प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि यदि आगे भी अवैध बाजार लगाने का प्रयास किया गया तो वे फिर से संगठित होकर आंदोलन करेंगे। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र के व्यापारियों में संतोष देखा गया और बाजार व्यवस्था को लेकर राहत की भावना बनी।

## एईई दिल्ली चैप्टर की 14वीं वार्षिक आम सभा एवं राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित
### ऊर्जा संरक्षण, नेट जीरो और सस्टेनेबल एनर्जी पर हुआ मंथन

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा संवाददाता दैनिक समाज जागरणः एसोसिएशन ऑफ एनर्जी इंजीनियर्स (AEE), दिल्ली चैप्टर की 14वीं वार्षिक आम सभा (AGM) तथा ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा प्रबंधन पर आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के बोर्ड रूम में किया गया। कार्यक्रम में देश-विदेश के ऊर्जा विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



कार्यक्रम की शुरूआत चैप्टर अध्यक्ष डॉ. आर. के. यादव के स्वागत भाषण से हुई। शारदा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शिवराम खरा ने ऊर्जा संरक्षण, ऊर्जा दक्षता और भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। एईई साउथ एशिया के उपाध्यक्ष डॉ. बिनॉय चौधरी, पुणे चैप्टर अध्यक्ष विनय गाडिकार सहित पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, कोलकाता और नागपुर चैप्टर्स के अध्यक्ष एवं सचिव ऑनलाइन माध्यम से जुड़े और ऊर्जा संरक्षण की इस पहल के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया।

बैठक में पेरेंट बॉडी अएए अटलांटा के साथ मिलकर ऊर्जा दक्षता और सस्टेनेबल प्रैक्टिस को आगे बढ़ाने के मिशन पर विशेष जोर दिया गया। सेमिनार का संयोजन शारदा विश्वविद्यालय के उप कुलपति डॉ. परमानंद द्वारा किया गया, जबकि संचालन डॉ. सुमन लता ने किया।

इस अवसर पर प्रो. विवेक कुमार ने वर्ष 2025 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रमुख उपलब्धियों में 30 अगस्त 2025 को IISWBM कोलकाता में आयोजित नेट-जीरो कॉन्फ्रेंस तथा 6 नवंबर 2025 को एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड के साथ नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने हेतु हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन शामिल रहा। साथ ही डॉ. प्रेम प्रकाश मित्तल को अएए इंटरनेशनल एनर्जी इंजीनियर ऑफ द ईयर 2025 के लिए रनर-अप के रूप में सम्मानित किया गया।

AGM में वर्ष 2026 के लिए निदेशक मंडल का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इसमें डॉ. आर. के. यादव को अध्यक्ष, श्री ए.सी. वर्मा, श्री अतर सिंह और श्री प्रवीण कुमार सूद को उपाध्यक्ष, प्रो. विवेक कुमार को सचिव, श्री विपिन रोहिला को संयुक्त सचिव, श्री अजय सिंह को कोषाध्यक्ष, श्री जी.पी. कुमावत को संयुक्त कोषाध्यक्ष तथा श्री एस.एस. मान, डॉ. अल्पना गोयल और डॉ. योगेश गुप्ता को कार्यकारी सदस्य चुना गया।

सेमिनार के तकनीकी सत्र में रोहित दत्त पालीवाल ने भारतीय कार्बन बाजार (ICM), प्रवीण कुमार सूद ने ईवी चार्जिंग एवं बैटरी तकनीक, विक्रांत अग्रवाल ने ईवी चार्जिंग स्टेशन एवं होम ऑटोमेशन सिस्टम तथा विपिन रोहिल्ला ने एरउड मॉडल और मापन एवं सत्यापन पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष नरेश कुमार गुप्ता ने शिक्षा, उद्योग और प्रोफेशनल संगठनों के आपसी सहयोग पर बल दिया। इस अवसर पर सुनील श्रीवास्तव, रविंद्र जोशी, डॉ. उषा तिवारी, डॉ. मुखोपाध्याय, डॉ. सी. मोहन सहित विभिन्न फैकल्टी सदस्य, छात्र और ऊर्जा पेशेवर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### #MissionShakti5 के तहत नोएडा पुलिस ने महिलाओं और बच्चों को किया जागरूक

**साइबर अपराध, लैंगिक अपराध और सुरक्षा हेल्पलाइन के बारे में दिया प्रशिक्षण**

नोएडा संवाददाता दैनिक समाज जागरणः नोएडा पुलिस टीम ने #MissionShakti5 के अंतर्गत महिलाओं, बालिकाओं और



बच्चों के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में पुलिस ने #WomenEmpowerment, लैंगिक अपराध, वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराध और उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न हेल्पलाइन नंबर–1090, 112, 1098, 1076 आदि–के संबंध में जानकारी दी गई और पम्पलेट वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य समुदाय में सुरक्षा बढ़ाना और महिलाओं व बच्चों को सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करना है।

नोएडा पुलिस ने कहा कि इस तरह की जागरूकता गतिविधियाँ नियमित रूप से आयोजित की जाती रहेंगी ताकि नागरिक कानून-व्यवस्था और सुरक्षा उपायों के प्रति सतर्क रहें।

## लक्ष्मी नारायण मंदिर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित
### 210 लोगों की हुई आंखों की जांच, जरूरतमंदों को दवाइयां, चश्मे और मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा

नोएडा संवाददाता दैनिक समाज जागरणः सेक्टर-56 स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में रविवार, 21 दिसंबर 2025 को मंदिर समिति द्वारा मंदिर के गीता भवन में एक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ह्लआई केयर हॉस्पिटलह्व एवं ब्रिट्स एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ।

शिविर के दौरान कुल 210 लोगों की आंखों की जांच की गई। जांच उपरांत 56 लोगों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं, जबकि 68 लोगों को निशुल्क नंबर के चश्मे प्रदान किए गए। वहीं, 21 लोगों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई,



जिन्हें आई केयर हॉस्पिटल में लेंस सहित निःशुल्क ऑपरेशन के लिए तिथि निर्धारित कर दी गई है।

शिविर में आए लोगों का मनोबल बढ़ाने और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए मंदिर समिति के ओ. पी. गोयल, जे. एम. सेठ, जी. के. बंसल, आर. के. भट्ट, हरीश सभरवाल, इंद्रपाल खण्डपुर, अम्बेश भांबरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। शिविर में आने वाले लोगों के लिए चाय, नाश्ता एवं दोपहर के भोजन की भी समुचित व्यवस्था की गई थी।

मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने संपूर्ण आयोजन की जिम्मेदारी संभालते हुए सभी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रूप से संचालित किया। समिति के श्री ए. के. गुप्ता ने पूरे शिविर का मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर मंदिर समिति की ओर से विशेष रूप से श्री आर. एन. गुप्ता एवं श्री ओ. पी. गोयल ने आई केयर हॉस्पिटल के टेक्नीशियनों, ब्रिट्स एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड तथा सभी वॉलंटियर्स का इस सामाजिक सेवा कार्य में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय सेवा समर्पण ट्रस्ट ने गरीबों को बांटे गर्म कपड़े
### दूसरी वर्षगांठ पर जरूरतमंदों के बीच किया गया सेवा कार्य

संवाददाता दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय सेवा समर्पण ट्रस्ट के स्थापना के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ट्रस्ट द्वारा ठिठुड़ती सर्दी से बचाव के लिए गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कपड़े, स्वेटर, जैकेट, जूते तथा खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस सेवा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सहभागिता निभाई।



इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र नंदा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा समर्पण ट्रस्ट समय-समय पर गरीबों, असहायों एवं जरूरतमंदों के लिए सेवा कार्य करता रहा है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और ट्रस्ट इसी उद्देश्य से लगातार सामाजिक कार्यों में सक्रिय है।

धर्मेंद्र नंदा ने जानकारी दी कि ट्रस्ट की शाखाएं मथुरा, मऊ, शाहजहांपुर, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़ (उत्तराखंड), राजस्थान तथा मध्य प्रदेश के भोपाल सहित कई स्थानों पर कार्यरत हैं, जहां नियमित रूप से गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता की जाती है।

इस सेवा कार्यक्रम में ट्रस्ट की राष्ट्रीय टीम के उपाध्यक्ष आशा पोद्दार, मधु चौधरी, महामंत्री विजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष निमिषा नेगी, संयोजक मनोज कटारिया, मंत्री ऊषा थापा, जिला नोएडा उपाध्यक्ष पल्लवी राय, अंजू चौहान, मंत्री गुड़िया भदोरिया, मंजू एवं रजनी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कपड़ों और राहत सामग्री के वितरण में सक्रिय भूमिका निभाई।

ट्रस्ट के इस प्रयास की स्थानीय लोगों ने सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

## थाना सेक्टर-63 में नाबालिगों का इस्तेमाल कर मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश

**4 अभियुक्त गिरफ्तार, 4 नाबालिग अभिरक्षा में; चोरी के मोबाइल बरामद**

सेंट्रल नोएडा संवाददाता
दैनिक समाज जागरण

थाना सेक्टर-63 (सेंट्रल नोएडा) पुलिस ने एक सक्रिय गिरोह का



पदार्फाश किया है, जो नाबालिग लड़कों को बहला-फुसलाकर मोबाइल फोन चोरी कराने में शामिल था। पुलिस ने गिरोह के 4 मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जबकि 4 नाबालिग अपचारियों को अभिरक्षा में लिया गया।

जाँच के दौरान पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किए गए मोबाइल फोन बरामद किए। अऊढ सेंट्रल नोएडा के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों और नाबालिगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई न केवल अपराधियों के खिलाफ संदेश है, बल्कि क्षेत्र में नाबालिगों का दुरुपयोग रोकने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी अहम कदम है।

## थाना सूरजपुर व सर्विलांस टीम की बड़ी कार्रवाई

**मोबाइल फोन दुकान से चोरी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार, नगदी व मोबाइल बरामद**

ग्रेटर नोएडा संवाददाता समाज जागरणः थाना सूरजपुर पुलिस एवं सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मनी ट्रांसफर व मोबाइल फोन की दुकान से मोबाइल फोन व नगदी चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किए गए मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, चोरी में इस्तेमाल किए गए उपकरण तथा एक अवैध शस्त्र भी बरामद किया है।




पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बीते दिनों थाना सूरजपुर क्षेत्र में स्थित एक मनी ट्रांसफर व मोबाइल फोन की दुकान से अज्ञात चोरों द्वारा मोबाइल फोन और नगदी चोरी की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना सूरजपुर पुलिस के साथ सर्विलांस टीम को जांच में लगाया गया था।

जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दो अभियुक्तों को धर दबोचा। पूछताछ में अभियुक्तों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी के मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, उपकरण और एक अवैध शस्त्र बरामद किया।

पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ा है। स्थानीय लोगों ने थाना सूरजपुर पुलिस एवं सर्विलांस टीम की तत्परता की सराहना की है।

**गौतमबुद्धनगर पुलिसकर्मियों के लिए योग एवं मेडिटेशन कार्यक्रम आयोजित**

## तनाव-मुक्त रहने और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हार्टफुलनेस संस्था ने दी प्रशिक्षण

नोएडा संवाददाता
दैनिक समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर पुलिस आयुक्त के निदेर्शानुसार, पुलिस उपायुक्त लाइन्स श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन, गौतमबुद्धनगर में पुलिसकर्मियों और प्रशिक्षणरत आरक्षियों के लिए योग एवं मेडिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को मानसिक रूप से तनाव-मुक्त रखना और उनकी एकाग्रता व स्वास्थ्य में सुधार करना था।

कार्यक्रम में लाइन्स पुलिस में नियुक्त अधिकारी/ कर्मचारी तथा RTC में प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। हार्टफुलनेस संस्था की टीम ने योग और मेडिटेशन के लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जिसमें रक्त परिसंचरण में सुधार, तनाव एवं चिंता से मुक्ति, मानसिक स्पष्टता और शांति, और एकाग्रता



में वृद्धि शामिल हैं।



इस अवसर पर हार्टफुलनेस संस्था के श्री आर. झा, श्री अजय इंदोलिया, श्री अमित वर्मा, श्रीमती ज्योति और श्री कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। पुलिस उपायुक्त लाइन्स, श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने भी कार्यक्रम की सफलता की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य और कार्यकुशलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

# सड़क हादसे में गन्ना ढुलाई वाहन चालक की मौत

**समाज जागरण कुलदीप सिंह**

लखीमपुर-खीरी। बीती रात गन्ना मिल से लौटते समय हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में गन्ना ढुलाई वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मैगलगंज निवासी अमित पंडित के रूप में हुई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार अमित पंडित अपने ट्रैक्टर से चीनी मिल में गन्ना उतारने के बाद वापस क्रय केंद्र की ओर जा रहे थे। रविवार सुबह घने कोहरे के कारण जहानीखेड़ाझबरबर मार्ग स्थित चंदिला चौराहा के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन से उनके ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अमित पंडित ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पसगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नजीबाबाद के मेजर दानिश का जम्मू में हुआ सम्मान

**समाज जागरण**

जम्मू /भारत सरकार की खेलो इंडिया पहल के अंतर्गत ASMITA योजना के तहत सॉफ्ट टेनिस नॉर्थ जोन प्रतियोगिता का जम्मू में भव्य शुभारंभ किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेजर दानिश ने डिविजनल सपोर्ट ऑफिसर के रूप में स्वयं खेलकर किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,दिल्ली, चंडीगढ़,जम्मू कश्मीर,पंजाब एवं हरियाणा से आई बालिकाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। मेजर दानिश ने खिलाड़ियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल को अनुशासन, आत्मविश्वास एवं राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बताया।




कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा मेजर दानिश का पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। उपस्थित खेल अधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों ने उनके खेल एवं युवाओं के प्रति समर्पण की सराहना की। उल्लेखनीय है कि नजीबाबाद निवासी मेजर दानिश निरंतर देश के विभिन्न भागों में अपने कार्य, अनुशासन और सामाजिक-राष्ट्रीय योगदान के माध्यम से नजीबाबाद(बिजनौर) का नाम रोशन करते आ रहे हैं।

# राजस्व टीम ने खलियान की भूमि को कब्जा मुक्त कराया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। तहसील क्षेत्र के ग्राम जहानाबाद में राजस्व टीम के राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार और योगेंद्र सिंह ने अहमदपुर सादात ग्राम जहानाबाद परगना अकबराबाद में खलिहान भूमि से अवैध अतिक्रमण को हटवाते हुए कब्जा मुक्त कराया। राजस्व टीम ने अतिक्रमण हटवाने के लिए भूमि पर बने गैर आवासीय कब्जे को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। तहसील प्रशासन की इस कार्यवाही के बाद अवैध कब्जा धारकों में हड़कंप मचा हुआ है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पिछले कई सालों से उक्त सरकारी जमीन पर दबंग का कब्जा था जिसको हटाने के लिए पूर्व में सूचना भी दी गई थी, जिस पर अमल न होने के बाद राजस्व टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए कीमती जमीन को कब्जा मुक्त कराया है।

# जीएसटी टीम ने फर्जी फर्म का किया खुलसा, लाखों की जीएसटी चोरी मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना। फर्जी फर्म बनाकर लाखों रुपए की जीएसटी चोरी का मामला सामने आया है जिसमें जीएसटी अधिकारियों द्वारा जब मौके पर सत्यापन करना चाहा तो फर्म कागजों पर ही चलती मिली और कथित फर्म स्वामी द्वारा जीएसटी का भुगतान प्राप्त करने का जीएसटी विभाग से क्लेम कर दिया। जीएसटी अधिकारियों द्वारा नगीना में पहुंचकर सत्यापन के दौरान फर्जी फर्म का खुलासा जीएसटी विभाग द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए थाने में तहरीर दे दी है। जिसपर पुलिस संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कारवाही शुरू कर दी है।

नूरपुर के शहीद नगर निवासी रुखसाना पुत्री सायीदुद्दीन ने स्थानीय मोहल्ला विश्नोई सराय स्थित धन की रेती नही असगर पुत्र अब्दुल्ला से दो दुकाने किराये पर लेकर उनमे कारोबार दशार्ते हुए जनता ट्रेडिंग कंपनी के नाम से जीएसटी का पंजीकरण 2017 में कराया था। इस फर्म जनता ट्रेडिंग कमानी द्वारा दिनांक 11 अक्टूबर 2017 जीएसटी अधिनियम के अंतर्गत पंजीयन प्राप्त किया गया है। जीएसटी विभाग के अनुसार जीएसटी पोर्टल पर व्यापारी की माह सितम्बर से दिसम्बर की अवधि में खरीद सम्बन्धित आंकड़े जीएसटीआर-2 ए में प्रदर्शित हो रहे है जिसके अनुसार उपलब्ध आईटीसी 135379.64 रुपए की है, जबकि व्यापारी द्वारा उक्त अवधि हेतु दाखिल जीएसटी रिटर्न जीएसटीआर-3 बी में रु0 13,31,385 रुपए की आईटीसी क्लेम की गयी है। इस प्रकार व्यापारी द्वारा जीएसटीआर-3 बी में 11,96,005.36 रुपए की आईटीसी बोगस रुप से अधिक क्लेम की गयी है। फर्म द्वारा जीसटी पोर्टल पर वर्ष 2017- 18 के माह सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर हेतु जीएसटीआर-01 दाखिल नहीं किया गया है। फर्म द्वारा माह सितम्बर हेतु जीएसटीआर0-3बी शून्य का दाखिल किया गया है। फर्म द्वारा माह अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर हेतु दाखिल जीएमटीआर-3 बी में 61566640 रुपए की आउटवर्ड सप्लाई घोषित करते हुए आईजीएसटी 292131रुपए सीजीएसटी 132193 रुपए, एसजीएसटी 132193 रुपए एवं सेस की 796224 रुपए की कर देयता स्वीकार की गयी है, जिसे आईटीसी से समायोजित करते हुए नकद कर के रूप में मात्र रु 21356.00 जमा किया जाना घोषित किया गया है।

जीएसटी विभाग की टीम नगीना पहुंचकर मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की विशेष अनुसंधान शाखा, इकाई बिजनौर द्वारा उक्त फर्म के घोषित व्यापार स्थल पता मौ० धन की रेती, नगीना मे अस्तित्व में नहीं पायी गयी। जिसका जीएसटी टीम ने फर्जी होने का खुलासा करते हुए नगीना थाने पहुंचे और थाना प्रभारी को तहरीर देते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की,, थाना प्रभारी ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# पुलिस मुठभेड़ में रेप के आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। फरधान थाना क्षेत्र में कोचिंग जा रही छात्रा से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपी गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया गया कि कुछ दिन पूर्व फरधान क्षेत्र में कोचिंग जा रही एक छात्रा के साथ दुष्कर्म की सनसनीखेज घटना सामने आई थी। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए क्राइम ब्रांच सहित कई पुलिस टीमें गठित कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।

पुलिस द्वारा लगातार दबिश और जांच के दौरान बीती रात मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी लीलकुआं क्षेत्र के पास मौजूद हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को घेर लिया। खुद को घिरा देख आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो आरोपी गोली लगने से घायल हो गए और मौके से गिरफ्तार कर लिए गए।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों ने ही फरधान थाना क्षेत्र के लीलकुआं के पास कोचिंग जा रही छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। उपचार के बाद दोनों आरोपियों से पूछताछ की गई और उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

पुलिस का कहना है कि इस घटना का मुख्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि मुख्य आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के निरीक्षण को पहुंचे सीएमओ

**समाज जागरण कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। जिले में आमजन को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संतोष गुप्ता ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरई एवं बांकेगंज ब्लॉक स्थित मैलानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर संचालित स्वास्थ्य मेलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) अनिल यादव भी उनके साथ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने स्वास्थ्य मेलों में उपलब्ध चिकित्सकीय सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, पंजीकरण व्यवस्था तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने मेले में उपचार के लिए पहुंचे मरीजों से बातचीत कर सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।



स्वास्थ्य मेलों में एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही थीं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को एक ही स्थान पर बहुआयामी चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को निःशुल्क जांच, परामर्श एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराना है। इन मेलों के माध्यम से बुखार, सर्दी-खांसी, रक्तचाप, मधुमेह, त्वचा रोग सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की जाती है। साथ ही गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार किया जाए तथा समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना का अधिकतम लाभ आम जनता तक पहुंच सके।

# कॉलेज परिसर में होमगार्ड का शव मिला: ई-रिक्शा लापता, पुलिस ने जांच शुरू की

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर बिजनौर के थाना क्षेत्र धामपुर के के. एम. इंटर कॉलेज परिसर में एक होमगार्ड का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मृतक की पहचान धामपुर बड़वान निवासी 58 वर्षीय जगदीश सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।यह घटना तब सामने आई जब कॉलेज के मैदान में खेल रहे बच्चों ने एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। बच्चों ने तत्काल एम्बुलेंस सेवा को सूचित किया। एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धामपुर ले जायागया,



जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिजनों को घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद वे तुरंत सीएचसी धामपुर पहुंचे। मृतक के बेटे ने बताया कि उनके पिता बीती रात लगभग आठ बजे ई-रिक्शा लेकर घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। सुबह उनका शव कॉलेज परिसर में मिलने की सूचना मिली। परिजनों का कहना है कि मृतक का ई-रिक्शा अब तक नहीं मिला है, जिससे घटना को लेकर संदेह गहरा गया है। शव पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं।जगदीश सिंह पिछले करीब 30 वर्षों से होमगार्ड के रूप में सेवा दे रहे थे। वर्तमान में उनकी तैनाती थाना शेरकोट में थी।पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि गंभीर हालत में मिले व्यक्ति को सीएचसी लाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शव पर कोई स्पष्ट चोट के निशान नहीं हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। मृत्यु के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस द्वारा अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# गेंहू, सरसों एवं आलू की फसल में लगने वाले सामयिक कीट-रोग के प्रबंधन के दिये सुझाव - जिला कृषि रक्षा अधिकारी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। जिला कृषि रक्षा अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने बताया कि जनपद के समस्त कृषको को सलाह दी जाती है कि वर्तमान में गेंहू, सरसों एवं आलू की फसल में तापमान के उतार-चढाव के कारण लगने वाले सामयिक कीट- रोग के प्रकोप की सम्भावना के दृष्टिगत रखते हुये फसलवार निम्नलिखित सुझाव एवं संस्तुतियां अपनाकर कीट/रोगों से बचाव एवं प्रबन्धन किया जा सकता हैं गेंहू की बुवाई हेतु रोग रहित बीज तथा रोग अवरोधी प्रजाति का चुनाव करना चाहिए।

अनावृत कंडुआ एवं करनाल बंट के नियंत्रण हेतु कार्बेन्डाजिम 50ः डब्लू०पी० की 2.5 ग्राम अथवा कार्बोक्सिन 75ः डब्लू०पी० की 2.5 ग्राम मात्रा प्रति किग्रा० बीज की दर से बीज शोधन कर बुवाई करनी चाहिए। भूमि जनित रोगों से बचाव हेतु ट्राईकोडर्मा 2.5 किग्रा० प्रति हे० की दर से 60-75 किग्रा० गोबर की खाद में मिलाकर हल्के पानी का छींटा देकर 8-10 दिन छाया में रखने के पश्चात बुवाई से पूर्व आखिरी जुताई के समय खेत में मिलाकर भूमि शोधन करना चाहिए।

दीमक /गुजिया- ब्युवेरिया बेसियाना 1.15ः की 2.5 किग्रा० मात्रा प्रति हे० की दर से 60-75 किग्रा० गोबर की खाद में मिलाकर हल्के पानी का छींटा देकर 8-10 दिन छाया में रखने के पश्चात बुवाई से पूर्व आखिरी जुताई के समय खेत में मिला देने से दीमक सहित अन्य भूमि जनित कीटों का नियंत्रण हो जाता है। खड़ी फसल में दीमक/ गुजिया के नियंत्रण हेतु क्लोरपाईरीफास 20ः ई०सी० 2.5 ली० मात्रा प्रति हे० की दर से सिचाई के पानी के साथ प्रयोग करें।

खरपतवार नियंत्रण अंतर्गत गेंहुसा एवं जंगली जई के नियंत्रण हेतु सल्फोसल्फ्युरान 75ः डब्लू०जी० की 33 ग्राम मात्रा प्रति हे० 350-400 ली० पानी में घोलकर अथवा क्लोडिनाफाप प्रोपेर्जिल 15ः डब्लू०पी० की 400 ग्राम मात्रा 500-600 ली० पानी में घोलकर बुवाई के 20-25 दिन के बाद छिड़काव करना चाहिए।

चैड़ी पत्ती वाले खरपतवारों के नियंत्रण हेतु मेटसल्फ्यूरान मिथाइल 20ः डब्लू०पी० की 20 ग्राम मात्रा अथवा कारफेंट्राजॉन इथाइल 40ः डी०फ० की 50 ग्राम मात्रा प्रति हे० 500 ली० पानी में घोलकर बुवाई के 20-25 दिन के बाद छिड़काव करना चाहिए ।

तिलहन की फसलों में राई/सरसों के बीज जनित रोगों से सुरक्षा हेतु 2.5 ग्राम थिरम 75ः प्रति किग्रा० बीज की दर से उपचारित करके बोयें। मेटालेक्सिल 2.0 ग्राम प्रति किग्रा० बीज शोधित करने से सफेद गेरुई एवं तुलासिता रोग की प्रारंभिक अवस्था में रोकथाम हो जाती है।

आरा मक्खी- डाईमिथोएट 30% ई०सी० 650 मिली० प्रति हे० अथवा क्यूनालफास 25% ई०सी० की 1.2 ली० मात्रा प्रति हे० की दर से 700 ली० पानी में घोलकर छिडकाव करें

पत्ती सुरंगक कीट-डाईमिथोएट 30% ई०सी० की 650 मिली० मात्रा प्रति हे० की दर से छिडकाव करें अथवा कार्बोफ्यूरान 3ः सी०जी० 66 किग्रा प्रति हे० की दर से बुरकाव करें।

आलू में लगने वाले ब्लैक स्कर्फ से बचाव हेतु स्वस्थ्य एवं रोग रोधी प्रजातियों तथा प्रमाणित बीज का चुनाव करना चाहिए। ब्लैक स्कर्फ-रोग से बचाव हेतु पेनफ्लूफेन 22.43 प्रतिशत एफ०एस० 83 मिली प्रति 100 ली० पानी के घोल में 800 किग्रा बीज की दर से बीजशोधन कर बुवाई करनी चाहिए अथवा थाईफ्लूजामाइड 24% एस०सी० 2.5 मिली० प्रति 10 किग्रा बीज की दर से बीजशोधन कर बुवाई करनी चाहिए।

# निघासन पुलिस ने वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण कुलदीप सिंह**

लखीमपुर-खीरी। थाना निघासन पुलिस ने रविवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो वांछित एवं शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना निघासन के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में दोनों आरोपियों के कब्जे से नकली सोने का टुकड़ा, नेपाली मुद्रा एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।




पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान जैनुद्दीन पुत्र वसीर अली निवासी सिंगहा थाना सिंगाही तथा रिजवान पुत्र अग्गा खां निवासी पठाननपुरवा थाना पढुआ, जनपद खीरी के रूप में हुई है।

पुलिस ने अभियुक्तों के पास से करीब 322 ग्राम वजन की पीली धातु की एक नकली सोने की ईंट का टुकड़ा बरामद किया है। इसके अलावा अभियुक्त जैनुद्दीन के पास से 88,000 रुपये नेपाली मुद्रा तथा अभियुक्त रिजवान के पास से 37,000 रुपये नेपाली मुद्रा बरामद की गई। साथ ही एक मोटरसाइकिल डिस्कवर (संख्या वढ31 3096) भी पुलिस ने कब्जे में ली है।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि अभियुक्तों का किसी बड़े गिरोह से संबंध है या नहीं।

इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक आदित्य कुमार यादव, कांस्टेबल राहुल कुमार एवं कांस्टेबल गौरव कुमार शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम की सराहना किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

# गज शावक को उचित देखभाल व पालन पोषण के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट भेजा

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर बढ़ापुर। नजीबाबाद वन विभाग के बढ़ापुर मां रेंज के अंतर्गत मां से बिछड़े नन्हे गज सावन को करीब तीन सप्ताह बाद उचित पालन पोषण के लिए विभाग के उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर पीलीभीत टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट में भेज दिया गया है बताया जाता है कि नजीबाबाद वनप्रभाग की बढ़ापुर वन रेंज के अंतर्गत आने वाले रामजीवाला बीट में एक हथनी ने एक नन्हे गज शावक को जन्म दिया था। जन्म के बाद ही नन्हा गज शावक अपनी मां से बिछड़ गया था। जिसके बाद पिछले करीब 18 दिनों से बढ़ापुर वन रेंज के कर्मचारी लगातार गज शावक को अपनी देखरेख में पालन पोषण कर रहे थे। बताया जा रहा है कि गज शावक के पालन पोषण में प्रतिदिन करीब 3000 का खर्च आ रहा था। जिसके चलते हुए भी विभागीय उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर शनिवार को गज शावक को उचित देखभाल व पालन पोषण के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट भेज दिया गया है। बढ़ापुर वन रेंजर द्वारा नन्हे का शावक को फूल माला पहनकर विदाई दी गई।



# दुकान की छत से दीवार में कुंबल लगाकर नगदी व सामान चोरी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर किरतपुर। रात को अज्ञात चोरों द्वारा नगर के मुखिया बाजार में स्थित पुरानी अनाज मंडी में कैराने की दुकान में दुकान की छत पर लगे जीने की दीवार के कोने से कुंबल करके दुकान में रखी। लगभग 25 हजार की नगदी और कुछ सामान चोरी कर लिया गया। मुख्य बाजार के पुरानी अनाज मंडी में अमन गोयल अनुपम गोयल अनुपम ट्रेडर्स पर परचून कैराने की दुकान का कार्य करते हैं दुकान स्वामी ने बताया कि वह बीती रात लगभग 8:00 बजे अपनी दुकान बंद करके अपने घर चले गए और आज सुबह उन्होंने आकर देखा तो उनकी दुकान का जीना खुला हुआ था। और उसकी साइड की दीवार से अज्ञात चोरों द्वारा कुंबल किया गया था एवं अज्ञात चूरू द्वारा दुकान में रखी लगभग 25000 की नगदी और कुछ खाने का सामान चोरी कर



मुख्य बाजार के अनाज मंडी का मामला थाना पुलिस को दी कस्बा इंचार्ज तुरंत लिया गया जिसकी सूचना उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचे और चोरी की घटना की समस्त जानकारी ली एवं दुकान के आसपास लगे समस्त सीसीटीवी कैमरे को चौक किया। दुकान स्वामी द्वारा चोरी की घटना की तहरीर थाने में दे दी गई है कस्बा इंचार्ज ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा की मदद से शीघ्र ही को चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा। अज्ञात चोरों द्वारा मुख्य बाजार में चोरी की घटना से पता चलता है कि उनके दिमाग में पुलिस का बिल्कुल भय नहीं है। जबकि थाना प्रभारी और कस्बा इंचार्ज द्वारा प्रतिदिन रात्रि में नगर के मुख्य बाजार और चौराहे पर पैदल गस्त की जा रही है जहां पर आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों को चेक किया जा रहा है जिससे अपराधों पर नियंत्रणऔर शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग बना रहे।

# किरतपुर अनाज मंडी में किराने की दुकान में हजारों रुपए की चोरी

**समाज जागरण अजमल अंसारी**

जनपद बिजनौर किरतपुर नगर के मुख्य बाजार स्थित पुरानी अनाज मंडी में एक किराने की दुकान में शुक्रवार की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों द्वारा दुकान की छत से जीने की दीवार में कुम्बल लगाकर लगभग 25 हजार रुपए की नगदी और कुछ सामान सहित लगभग 50 हजार रुपए की चोरी की घटना कौन जम दिया गया है।

यह दुकान अनुपम ट्रेडर्स के नाम से अनुपम गोयल और अमन गोयल संचालित करते हैं। दुकान मालिक अनुपम गोयल ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार की देर शाम लगभग 8 बजे दुकान बंद की थी शनिवार की सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने जीने का दरवाजा खुला पाया और




दीवार में कुम्बल किया हुआ था। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज दीपक नागर मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का मुआयना किया। उन्होंने दुकान के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरा की फुटेज भी खंगालीं। दुकान मालिक द्वारा थाने में चोरी की तहरीर दे दी गई है। कस्बा इंचार्ज दीपक ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा। थाना प्रभारी पुष्पा देवी ने भी शीघ्र ही मामले का पदार्फाश करने का आश्वासन दिया।

पुलिस द्वारा नगर के मुख्य बाजारों और चौराहों पर रात्रि गश्त बढ़ाई जा रही है, जिसके चलते संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की जा रही है, ताकि अपराधों पर नियंत्रण रखा जा सके और शांति व्यवस्था बनी रहे।

# कोडिन सिरप की तस्करी में तीन गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर कोडिनयुक्त सिरप की तस्करी के हाई प्रोफाइल मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। जबकि नहटौर में रहने वाले इनके चौथे आरोपी की तलाश में पुलिस लगी है। यह कार्रवाई सिर्फ एक केस में की गई है, अभी कोडिन की दूसरी प्राथमिकी में भी कार्रवाई होना बाकी है शहर कोतवाली पुलिस ने अरुण कुमार निवासी गांव मंगोलपुरा, शिवांशु और रेसब निवासी मंगोलपुरा को गिरफ्तार करते हुए चालान कर दिया। इनके एक और साथी की तलाश की जा रही है जोकि नहटौर क्षेत्र का रहने वाला है और साल



2016 तक मेडिकल स्टोर चलाता था। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि नहटौर निवासी आरोपी ने उनकी मेडिकल एजेंसी से कोडिनयुक्त सिरप का स्टॉक उठाकर कहीं और बेच दिया था। गिरफ्तार होने वाला एक आरोपी एक केस में हुई कार्यवाई, दूसरे की विवेचना जारी अरुण फिलहाल पंजाब में शिक्षा विभाग में बतौर योग शिक्षक के रूप में तैनात है। अरुण के नाम ही मेडिकल का लाइसेंस चल रहा था। जिसने नौकरी लगने के बाद भी लाइसेंस को सरेंडर नहीं किया। बता दें कि गाजियाबाद की कैडिज लाइफ साइंस कंपनी से लाइकेरेक्स-टी सिरप की आपूर्ति बिजनौर में भी होने की बात सामने आने के बाद औषधि निरीक्षक ने जांच की थी। शुरूआती जांच करने के बाद शिव शक्ति बाला जी मेडिकोज से जुड़े अरुण कुमार और शिवांशु सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके अलावा आकाश चौहान और तुषार कुमार निवासी चक्कर चौराहा के खिलाफ औषधि निरीक्षक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इन दोनों मेडिकल फर्म के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# भारत गैस एजेंसी पर कंपनी के अधिकारियों द्वारा नए सिलेंडर को लेकर अवगत कराया गया

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद दिनांक 20.12.2025 को भारत गैस एजेंसी, नजीबाबाद पर भारत पैट्रोलियम कापोरेशन लिमिटेड द्वारा ग्रहणियों की सुविधाओं को मद्देनजर रखते हुये नये उत्पाद कम्पोजिट सिलेंडर की लाचिंग कम्पनी के अधिकारी हैड छढऋ नार्थ श्री राजेश कुम्भारे, स्टेट हैड श्री सुरेन्द्र डोगरा, प्रादेशिक प्रबन्धक श्री सुकेश चन्द्रशेखर व मैनेजर एल०पी०जी० सेल्स श्री कृष्ण कुमार गुप्ता की उपस्थिति मे धूमधाम से की गयी। कम्पनी के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि भारत पैट्रोलियम कापोरेशन लिमिटेड अपने ग्राहको की सेवा व सुरक्षा के लिये पूर्णतः प्रतिबंध है। इसिलिये इन नये



सिलेंडरो का खाली का वजन लगभग 6 किग्रा० है, जिससे किसी को भी इसे उठाने में आसानी रहती है, तथा आग लगने पर फटता भी नही है। इसके साथ ही इस नये सिलेंडर मे शेष बची गैस की मात्रा का भी पता चलता रहता है, प्लास्टिक का होने के कारण यह रसोई के फर्श को भी खराब नही करता है। कोई भी भारत गैस उपभेक्ता अपने पुराने गैस कनेक्शन की सिक्योरिटी के अतिरिक्त मात्र 300/- रुपए प्रति सिलेंडर सिक्योरिटी जमा करके अपने पुराने सिलेंडर के बदले यह सिलेंडर प्राप्त कर सकता है। इस सिलेंडर की खुबियों के कारण भारत गैस एजेंसी, नजीबाबाद पर इस सिलेंडर की लाचिंग के पहले ही दिन 11 उपभोक्तओं ने स्वेच्छा से अपने पुराने सिलेंडरो के बदले नये कम्पोजिट सिलेंडर बदलवाये। इस अवसर पर भारत गैस एजेंसी के वितरक श्री गुरुपाल सिंह, श्री सृजन सिंह, श्री हर्ष दलाल व एजेंसी स्टाफ के सन्नी कर्णवाल, विश्वास रूहेला, राजेश रावत, सर्वेश सिंह, नितिन कुमार व रेशू रानी उपस्थित रहे।

# राजस्व टीम ने खलियान की भूमि को कब्जा मुक्त कराया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। तहसील क्षेत्र के ग्राम जहानाबाद में राजस्व टीम के राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार और योगेंद्र सिंह ने अहमदपुर सादात ग्राम जहानाबाद परगना अकबराबाद में खलिहान भूमि से अवैध अतिक्रमण को हटवाते हुए कब्जा मुक्त कराया। राजस्व टीम ने अतिक्रमण हटवाने के लिए भूमि पर बने गैर आवासीय कब्जे को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। तहसील प्रशासन की इस कार्यवाही के बाद अवैध कब्जा धारकों में हड़कंप मचा हुआ है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पिछले कई सालों से उक्त सरकारी जमीन पर दबंग का कब्जा था जिसको हटाने के लिए पूर्व में सूचना भी दी गई थी, जिस पर अमल न होने के बाद राजस्व टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए कीमती जमीन को कब्जा मुक्त कराया है।

# किसानों को दिल्ली में किया गया सम्मानित

**समाज जागरण**

बागपत। किसानों को किसान ट्रस्ट द्वारा चौधरी चरण सिंह पुरस्कार समारोह में किया गया सम्मानित। बड़ौत तहसील क्षेत्र से वार्ड नंबर 10 बागपत से जिला पंचायत सदस्य पद की भावी प्रत्याशी सुधा तोमर मलकपुर के नेतृत्व में किसानों को दिल्ली मे किसान ट्रस्ट द्वारा चौधरी चरण सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न किसानों के सच्चे मसीहा स्वर्गिय चौधरी चरण सिंह की जयंती के मौके पर रालोद प्रमुख कैबिनेट मंत्री जयंत चौधरी ने किसानों को सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान मलकपुर चौधरी बाबूराम सिंह तोमर ने कहा कि हम सब लोगों को मिलकर चौधरी चरण सिंह की



विरासत को आगे बढ़ाने के लिए हमें किसानों के लिए काम करना होगा। यही सच्ची श्रद्धांजलि देश में साबित होगी हम सब लोगों को मिलकर उनके बताए मार्ग पर चलना होगा। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी विक्की उर्फ अनुज तोमर, सुधा तोमर, पूर्व प्रधान मलकपुर बाबूराम चौधरी, पूर्व प्रधान बाछोड विकास, रालोद जिला अध्यक्ष बागपत डॉ सुभाष गुर्जर, नेता रमन शर्मा, जयंत चौधरी के निजी सचिव चौधरी वीरपाल मलिक, चौधरी अमरजीत सिंह, नीरज चौहान, ममता चौधरी, मिथिलेश चौधरी, वरुण चौधरी के अलावा भारी संख्या में समाजसेवियों रालोद नेताओं को दिल्ली में सम्मानित किया गया।

# दो दिवसीय बैडमिंटन टूनार्मेंट का शुभारंभ

**समाज जागरण**

बड़ौत। नगर के जनता वैदिक कॉलेज में जेआईसी बैडमिंटन एके डमी के तत्वाधान में दो दिवसीय बैडमिंटन टूनार्मेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि चौधरी 84 देश का पंडित सुभाष शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक कालेज प्रधानाचार्य डॉक्टर यशपाल शास्त्री रहे। गायत्री देवी कॉलेज के प्रबंधक कपिल तोमर ने उद्घाटन के अवसर पर कहा कि समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताएं होती रहनी चाहिए। प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं में उत्साह बढ़ता है। खेल के मैदान पर आकर बच्चों सर्दियों में स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए गायत्री देवी



कॉलेज के प्रबंधक कपिल तोमर ने कहा की जनपद बागपत का युवा खिलाड़ी अपनी कलाओं का प्रदर्शन करके आज देश-विदेश में अपना नाम रोशन कर रहा है। जनपद बागपत निशानेबाजी, कबड्डी अन्य खेल प्रतियोगिताओं में भी विदेश तक जाना जाता है।बागपत जनपद की मिट्टी में जन्मे खिलाड़ी जहां भी जाते है वही जनपद बागपत का नाम रोशन करके आते है। बागपत जनपद की मिट्टी सोना उगलती है यही जनपद बागपत की आन मान शान है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाज सेवी डॉक्टर इरफान मलिक ने किया। इस अवसर पर दीपक सरोवर, राजीव कुमार, डॉक्टर हर्षवर्धन, विशाल चौधरी, कोच राजन चौहान, कोच गौरव चौधरी, कोच अनमोल पवार, अमरदीप शर्मा, विपिन कुमार के अलावा काफी संख्या में टूनार्मेंट में कई स्थानों की टीम ने भाग लिया।

# राष्ट्रीय खोखर महासभा भारत के राष्ट्रीय संयोजक ने की वार्ता

**समाज जागरण**

छपरौली। बदरखा गांव निवासी शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा की समाज की पगड़ी की तमाम उम्र लाज रखूंगा और समाज के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम करूंगा। यह बातें रविवार को मीडिया के सामने रूबरू होते हुए राष्ट्रीय खोखर महासभा भारत के राष्ट्रीय संयोजक



बनने के बाद कहीं खोखर महासभा द्वारा जो सम्मान मुझे दिया गया है यह मेरे जीवन का मेरे समाज द्वारा पहला सम्मान है। शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा की खोखर समाज की तरफ से उत्तराखंड के हरिद्वार में धर्मशाला के लिए जमीन का दान देने की भी जो घोषणा इसी महीने की थी मैं उसे पर कार्य करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि चैयरमेन छपरौली राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र खोखर हलालपुर मंदिर के संस्थापक एवं राष्ट्रीय संरक्षक डॉक्टर तेजवीर सिंह खोखर के दिशा निर्देश में हमेशा कार्यरत रहूंगा।

# जनपद को 10.24 करोड़ की सौगात सांसद डॉ राजकुमार की पहल

**कृष्णा नदी पर पुल बनेगा हजारों ग्रामीणों को मिलेगा सीधा लाभ**

**डॉ राजकुमार सांगवान की मजबूत पैरवी से बागपत विकास की नई राह**

**5.12 करोड़ रुपए की पहली किस्त हुई आवंटित**



**समाज जागरण बागपत।**

जनपद के विकास को नई गति देने वाली एक बड़ी सौगात केंद्र व प्रदेश सरकार के सहयोग से धरातल पर उतरने जा रही है। सांसद डॉ राज कुमार सांगवान के अथक प्रयासों से कृष्णा नदी पर दीर्घ सेतु निर्माण को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। यह पुल गांव असारा से टीकरी तक सड़क मार्ग के बीच बनाया जाएगा, जिससे क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की कुल लागत 10 करोड़ 24 लाख 39 हजार रुपये है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इसके लिए 5 करोड़ 12 लाख 20 हजार रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है। यह परियोजना नाबार्ड वित्त पोषित आरआईडीएफ-31 योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुई है। पुल के साथ-साथ पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँच मार्ग और सुरक्षात्मक कार्य भी कराए जाएंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में कृष्णा नदी पार करना बड़ी समस्या बन जाता था। किसानों, छात्रों, मजदूरों और मरीजों को लंबा चक्कर लगाना पड़ता था। पुल के निर्माण से न केवल दूरी कम होगी, बल्कि समय और धन की भी बचत होगी। क्षेत्र की कृषि, व्यापार और आवा गमन को नई मजबूती मिलेगी। सांसद डॉ राजकुमार सांगवान लंबे समय से इस पुल की आवश्यकता को संसद और संबंधित मंत्रालयों के समक्ष प्रमुखता से उठाते रहे। लगातार प्रयासों और समन्वय के चलते यह परियोजना स्वीकृत हो सकी।

ग्रामीणों ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुल क्षेत्र के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार तकनीकी स्वीकृति के बाद शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा और गुणवत्ता तथा समय बद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान में हिंदी क्षेत्रीय भाषा में अनिवार्य अनुभाग हो लागू : डॉ संदीप शर्मा

**समाज जागरण बागपत।**

विधि विशेषज्ञ एवं पूर्व सहायक प्रोफेसर विधि डॉ सन्दीप कुमार शर्मा ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था को भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक मूल्यों से सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और समयोचित माँग उठी है कि प्रत्येक विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में प्रत्येक कक्षा का कम-से-कम एक अनुभाग हिंदी अथवा संबंधित क्षेत्रीय भाषा में अनिवार्य रूप से संचालित किया जाए। यह माँग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारतीय भाषाओं में शिक्षा तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति2020 की मूल भावना के पूर्णतः अनुरूप है, जिसमें मातृभाषा-स्थानीय भाषा में शिक्षा को बौद्धिक विकास, समा वेशिता और समान अवसर का सशक्त माध्यम माना गया है। साथ ही यह पहल केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के उस दृष्टिकोण को भी सुदृढ़ करती है, जिसमें शिक्षा को आमजन से जोड़ने और भाषा-आधारित



भेदभाव को समाप्त करने पर बल दिया गया है। वर्तमान में यह देखा जा रहा है कि अनेक निजी एवं कुछ सार्वजनिक शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा का माध्यम लगभग पूर्णतः अंग्रेजी तक सीमित होता जा रहा है, जिसके कारण ग्रामीण, पिछड़े एवं हिंदी-क्षेत्रीय भाषा पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को शैक्षणिक, मानसिक एवं प्रतिस्पर्धात्मक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति समानता के संवै धानिक सिद्धांत और शिक्षा तक समान पहुँच के उद्देश्य के विपरीत है। यदि प्रत्येक कक्षा में हिंदी अथवा क्षेत्रीय भाषा का एक अनिवार्य अनुभाग संचालित किया जाए, तो इससे शिक्षा अधिक समावेशी और सुगम बनेगी। विद्यार्थियों की समझ, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति क्षमता में वृद्धि होगी। भारतीय भाषाओं का संरक्षण व संवर्धन होगा तथा अंग्रेजी आधारित कृत्रिम बौद्धिक वर्चस्व समाप्त होगा। अतः केंद्र सरकार, शिक्षा मंत्रालय, यू जी सी, ए आई सी टी ई तथा संबंधित नियामक संस्थाओं से यह अपेक्षा की जाती है कि वे इस विषय में स्पष्ट दिशा-निर्देश एवं बाध्यकारी नीति बनाकर सभी शैक्षणिक संस्थानों में इसे चरणबद्ध रूप से लागू करें। यह कदम न केवल आत्मनिर्भर भारत और भारतीय ज्ञान परंपरा को सशक्त करेगा, बल्कि शिक्षा को वास्तव में जन-जन की पहुँच तक ले जाने में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# अपने किसान मसीहा की जयंती गर्व से मनाएंगे : चौ नीरपाल

**समाज जागरण बागपत।**

रालोद खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चौधरी एडवोकेट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोकदल की बैठक में बोलते हुए राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के



राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि 23 दिसम्बर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान दिवस, समता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। जिसके तहत 23 दिसम्बर को प्रात11 बजे सहारनपुर हसनपुर चुंगी पर एकत्रित होकर कार्यकर्ता चौधरी चरण सिंह चौक तक पदयात्रा करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चौधरी एडवोकेट ने कहा कि चौधरी साहब देश के महान किसान नेता रहे। ऐसे महान पुरुष की जयंती मनाना किसानों के लिए गर्व की बात है। उनकी विचार धारा देश को मजबूत बनाती है। इस अवसर कैप्टेन अरविन्द फौजी, सूबेदार धर्मवीर, बबलू चौधरी, विपिन चौधरी, अनुज चौधरी, संजय चौधरी, सुधीर चौधरी, अमित चौधरी, विशाल चौधरी, नवीन चौधरी, आशीष चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# नौकरी के नाम पर साइबर ठगी करने वाले गिरफ्तार

**पुलिस ने दो महिला समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार भेजा जेल**

**समाज जागरण बागपत।**

साइबर थाना पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए दो महिलाओं समेत सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी इंटरव्यू आयोजित कर लोगों को नौकरी का झांसा देते थे और फिर उनसे ऑनलाइन ठगी करते थे। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ा।

एसपी सूरज राय ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से ठगी में इस्तेमाल होने वाले भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अहम दस्तावेज बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गिरोह अब तक हजारों से अधिक लोगों को साइबर ठगी का शिकार बना चुका है। गिरफ्तार



आरोपियों में बागपत के बड़ौत कस्बा निवासी मोहित, पुनीत और वरदान शामिल हैं। इसके अलावा शामली निवासी अक्षय और दिल्ली निवासी अनुज को भी गिरफ्तार किया गया है। इस साइबर अपराध में संलिप्त दो महिलाओं को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ बागपत समेत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में करीब 20 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस लंबे समय से इनकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 12 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, 6 हजार से अधिक लोगों का डेटा, फर्जी दस्तावेज, 2 सिम कार्ड, 15 बैंक पासबुक, 2 चेकबुक, 2 यूपीआई क्यूआर कोड, एक एटीएम कार्ड और 11 अन्य प्रकार के कार्ड बरामद किए हैं। एसपी सूरज राय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ आरोपी पहले भी दिल्ली में साइबर ठगी के मामलों में जेल जा चुके हैं। आरोपियों के पास से कुछ अन्य संदिग्ध मोबाइल नंबर भी मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। यदि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के नाम सामने आते हैं, तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दिगंबर जैन मंदिर कमेटी ने बढ़ती सर्दी में असहायों को बांटे गए

**समाज जागरण बागपत।**

खट्टा प्रहलादपुर गांव में रविवार को दिगंबर जैन मंदिर कमेटी की ओर से 71 कंबलों का वितरण किया गया। यह आयोजन बढ़ती हुई सर्दी को देखते हुए असहाय महिलाओं और वृद्धों के लिए किया गया, जिसमें गांव के कमजोर



वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर अहिंसा सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि बढ़ती हुई सर्दी को देखते हुए संपन्न परिवारो को आगे आना चाहिए और गरीबों की मदद करना चाहिए। मुख्य अतिथि संदीप जैन ने कहा कि गरीबों की सेवा करना बहुत ही पुण्य का कार्य है। हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष रणवीर चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए ताकि गांव समाज के कमजोर लोगों को इसका फायदा मिल सके। इस अवसर पर शेर सिंह राणा, डॉक्टर गजराज सिंह, दीपक जैन, मयंक, अभिषेक, सपना, निशा, पूनम, विद्या, चमन, काली एवं गांव समाज के बहुत लोग उपस्थित रहे।

# खेकड़ा ब्लॉक प्रमुख के पति पर हुआ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज, राजनीति गरमाई

**समाज जागरण बागपत।**

खेकड़ा ब्लॉक प्रमुख रश्मि धामा के पति, और चर्चित नेता परविंदर घामा के खिलाफ, विभिन्न संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बाद बागपत की राजनीति में उबाल आ गया है। आपको बता दे कि पूर्व ब्लाक प्रमुख और वर्तमान में पीडीसी सदस्य जितेंद्र धामा ने बागपत की खेकड़ा कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाते हुए, कहा कि खेकड़ा ब्लॉक प्रमुख रश्मि धामा के पति परविंदर धामा एक अपराधिक छवि के आदमी है, जिनके खिलाफ दिल्ली बागपत और अन्य स्थानों पर धमकी और अन्य संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज है, आरोप है कि, परविंदर धामा ने पूर्व ब्लाक प्रमुख जितेंद्र धामा पर अपनी हथियार तानकर जहां उसे जान से मारने की धमकी दी, वही चुनाव ना लड़ने की भी हिदायत दे डाली, पुरे मामले को लेकर जितेंद्र धामा खेकड़ा कोतवाली पहुंचे और अपनी



तथा परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से परविंदर धामा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जितेंद्र धामा ने परविंदर धामा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि, वह गुंडा किस्म का आदमी है, और बड़े-बड़े बदमाशों से उसके संबंध है। जिस कारण वह उनकी हत्या करा सकता है।

जितेंद्र धामा की तहरीर पर पुलिस ने ब्लॉक प्रमुख रश्मि धामा के पति परविंदर धामा के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है, और पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# चौधरी चरण सिंहः किसानों की आवाज और भारत की कृषि नीति के शिल्पकार

**समाज जागरण बागपत।**

23 दिसंबर भारत के कृषि इतिहास में एक विशेष दिन है। यह दिन किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो भारत के महान किसान नेता, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती का प्रतीक है। चौधरी साहब ने अपना संपूर्ण राजनीतिक जीवन किसान, खेतिहर मजदूर और ग्रामीण भारत के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। लोकदल के क्षेत्रीय महा सचिव, डॉ. अनिल आर्य ने बताया कि चौधरी चरण सिंह का मानना था कि जब तक किसान समृद्ध नहीं होगा, तब तक देश सशक्त नहीं हो सकता। उन्होंने सत्ता को साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम बनाया। जमींदारी उन्मूलन, भूमि सुधार, काश्तकारों के अधिकार, न्यूनतम शोषण और न्यायपूर्ण व्यवस्था—ये सभी उनकी दूरदर्शी सोच के ठोस उदाहरण हैं। उत्तर प्रदेश में जमींदारी



उन्मूलन कानून को प्रभावी रूप से लागू कर उन्होंने लाखों किसानों को जमीन का वास्तविक मालिक बनाया, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिली। कृषि नीति पर उनकी सोच व्यावहारिक और किसान-केंद्रित थी। वे उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ किसान की आय, सम्मान और सुरक्षा को समान महत्व देते थे। कर्ज.के बोझ, बिचौलियों के शोषण और बाजार की असमानताओं के विरुद्ध उन्होंने सदैव आवाज उठाई। उनका स्पष्ट संदेश था—किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि राष्ट्र की रीढ़ है। आज जब हम किसान हितों की बात करते हैं, तो चौधरी चरण सिंह की विचारधारा और अधिक प्रासंगिक हो जाती है। राष्ट्रीय लोकदल उन्हीं आदर्शों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। किसानों के अधिकारों की रक्षा, उचित मूल्य, सिंचाई, बिजली, बीज, खाद और बाजार तक समान पहुंच सुनिश्चित करने का संकल्प।किसान दिवस के इस अवसर पर, हम सबका दायित्व है कि चौधरी चरण सिंह के विचारों को केवल स्मरण तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें नीतियों और जमीनी कार्यों में उतारें। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# किसान नेता की पत्नी की मौत पर लापरवाही का आरोप

**गौरव टिकैत ने प्रदीप धामा से मुलाकात कर आंदोलन की रणनीति बनाई**

**समाज जागरण बागपत।**

भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) एक बड़े आंदोलन की तैयारी कर रही है। यह आंदोलन किसान नेता प्रदीप धामा की पत्नी की सांप काटने से हुई मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग की कथित लापरवाही के विरोध में किया जा रहा है। बीकेयू कार्यकताओं का आरोप है कि अस्पताल में भर्ती के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों की लापरवाही के कारण उनकी मौत हुई और अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रदीप धामा ने तीन दिन पहले विकास भवन सभागार में अधिकारियों के समक्ष यह मामला उठाया था। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से बीकेयू कार्यकताओं और पदाधिकारियों में रोष है।इसी क्रम में, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत के बेटे गौरव टिकैत आज बागपत पहुंचे। उन्होंने प्रदीप धामा से मुलाकात की और संगठन के कार्यकताओं से भी बातचीत की। गौरव टिकैत ने प्रदीप धामा को आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। गौरव टिकैत ने कहा कि लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन की जिम्मेदारी वह स्वयं लेंगे। उन्होंने प्रदीप धामा से कहा कि आंदोलन की रणनीति वह खुद तैयार करेंगे और जल्द ही स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदीप धामा ने यह भी बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात का समय मांगा है। जल्द ही वे प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर इस पूरे मामले से उन्हें अवगत कराएंगे।

# आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 23-24 दिसंबर, 2025 को पेसा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा

पेसा पोर्टल व पेसा संकेतकों का शुभारंभ होगा और सभी पेसा राज्यों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 (पेसा) के लागू होने की वर्षगांठ के अवसर पर लोक संस्कृति के उत्सव के रूप में दो दिवसीय पेसा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 23 और 24 दिसंबर, 2025 को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित होगा। पेसा अधिनियम की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 24 दिसंबर को ह्यपेसा दिवस भी मनाया जाएगा। आंध्र प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री श्री कोनिदाला पवन कल्याण महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। पंचायती राज मंत्रालय के केंद्रीय सचिव विवेक भारद्वाज इस अवसर पर केंद्र तथा राज्य सरकारों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इस आयोजन में पंचायत प्रतिनिधियों, खिलाड़ियों और सांस्कृतिक कलाकारों सहित सभी 10 पेसा राज्यों से लगभग 2,000 प्रतिनिधियों के भाग लेने की आशा है।

# केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने सुंदरबन में एनटीसीए और प्रोजेक्ट एलिफेंट की बैठकों की अध्यक्षता की; बाघ और हाथी के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय रणनीतियों की समीक्षा की

बाघ संरक्षण योजनाओं को मंजूरी दी गई और चीता परियोजना के विस्तार का मूल्यांकन किया गया; मानव-वन्यजीव संघर्ष समाप्ति और अखिल भारतीय बाघ गणना के छठे चक्र की समीक्षा परियोजना हाथी संचालन समिति ने हाथियों की गणना, संघर्ष प्रबंधन की समीक्षा की और विज्ञान-आधारित, समुदाय-केंद्रित संरक्षण दृष्टिकोणों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की 28वीं बैठक और परियोजना हाथी की 22वीं संचालन समिति की बैठक 21 दिसंबर 2025 को पश्चिम बंगाल के सुंदरबन बाघ अभ्यारण्य में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इन बैठकों में बाघ और हाथी बहुल राज्यों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, वैज्ञानिकों और क्षेत्र विशेषज्ञों के साथ-साथ प्रमुख संरक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने परियोजना बाघ और परियोजना हाथी की प्रगति की समीक्षा करने और भारत में बाघों और हाथियों के संरक्षण के लिए भावी रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए भाग लिया।

एनटीसीए की बैठक की अध्यक्षता करते हुए, श्री यादव ने भारत के विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त बाघ संरक्षण मॉडल पर जोर दिया और विज्ञान-आधारित प्रबंधन, भू-भाग स्तर की योजना, सामुदायिक भागीदारी, अंतर-राज्यीय समन्वय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व का उल्लेख किया।18 अप्रैल 2025 को आयोजित 27वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई और उसमें लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा की गई। चार क्षेत्रीय बैठकों के परिणामों पर चर्चा की गई जिसमें बाघ अभ्यारण्यों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों पर विशेष ध्यान दिया गया। मानव-बाघ संघर्ष से निपटने के उपायों पर चर्चा की गई जिसमें एक त्रिपक्षीय रणनीति और 'बाघ अभ्यारण्यों के बाहर बाघों का प्रबंधन' परियोजना का शुभारंभ शामिल है। कर्मचारियों की कमी, वित्तीय बाधाओं, पयार्वास क्षरण और आक्रामक प्रजातियों के प्रबंधन से संबंधित मुद्दों की भी समीक्षा की गई और राज्यों तथा संबंधित अधिकारियों को उचित अनुवर्ती कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किए गए। इस बैठक में एनटीसीए की तकनीकी समिति की बैठकों के निर्णयों की पुष्टि की गई जिनमें बाघ संरक्षण योजनाओं की स्वीकृति; चीता परियोजना का विस्तार और विकास; बाघों का स्थानांतरण; शिकार संवर्धन; भूदृश्य प्रबंधन योजना; मांसाहारी जानवरों के स्वास्थ्य प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम; और राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की स्थायी समिति को परियोजना प्रस्तावों पर एनटीसीए द्वारा दिए गए सुझाव शामिल हैं।

7वें राष्ट्रीय वन्यजीव संरक्षण बोर्ड के निदेशों के अनुपालन पर अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की गई जिसमें गुजरात के गांधीसागर वन्यजीव अभ्यारण्य और बन्नी घास के मैदान में चीता परियोजना का विस्तार और कैम्पा के तहत समर्थित पहलों की प्रगति शामिल है। प्रस्तावित ग्लोबल बिग कैट समिट के लिए की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

मंत्री ने अखिल भारतीय बाघ गणना के छठे चक्र में हुई प्रगति, विभिन्न क्षेत्रों में भू-स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों, नवंबर 2025 से जमीनी सर्वेक्षणों की शुरूआत और प्रोजेक्ट चीता के तहत अंतरराष्ट्रीय सहयोग सहित एनटीसीए की प्रमुख चल रही गतिविधियों की समीक्षा की। इन गतिविधियों में दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और बोत्सवाना के प्रतिनिधिमंडलों की यात्राएं भी शामिल थीं। बैठक में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर भी ध्यान दिया गया और बाघ संरक्षण एवं प्रबंधन पर इसके प्रभावों पर विचार-विमर्श किया गया।

# राज्य स्तरीय ओपन कराटे चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

- भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभासासद चौधरी धर्मवीर सिंह ने किया खेल का शभारंभ
- राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओ में हरियाणा देगा देश को मैडल: सांसद धर्मवीर सिंह

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी। ऑल इंडिया शीतो-यूं कराटे ऑगेर्नाइजेशन एवं वेदांक ग्लोबल स्पोट्र्स फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय 5वीं हरियाणा राज्य स्तरीय ओपन कराटे चैंपियनशिप 2025 का शुभारंभ भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने किया इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रसिद्ध समाज सेवी नरेश गर्ग ढिगावा वाले ने की।

इस अवसर पर प्रदेश पहुंचे खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि कराटे का खेल अपने आप में आत्म रक्षा का खेल है । उन्होंने कहा कि यह खेल उनके संज्ञान के मुताबिक किसान के बैलों से संबंध रखता है । कहीं ना कहीं वहीं से इस खेल की उपज हुई है , उन्होंने कहा कि आज खेलों के क्षेत्र में हरियाणा प्रदेश आगे बढ़ रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उन्होंने भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव करवाया और जिसके तहत काफी संख्या में खिलाड़ी आगे आए। जिन्हें कभी किसी स्थान पर प्लेटफॉर्म नहीं मिल पाया था। उन्होंने कहा कि आने वाले कॉमनवेल्थ खेलों या फिर ओलंपिक खेल हो या एशियाई खेल हो उसमें हरियाणा प्रदेश के खिलाड़ी देश का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने चैंपियनशिप के आयोजकों को बधाई दी । उन्होंने कहा कि इस प्रकार की खेल स्पधाएं समय-समय पर होनी चाहिए। कहा कि खेल युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। कराटे जैसे मार्शल आर्ट से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है।

इस अवसर पर समारोह अध्यक्ष समाजसेवी नरेश गर्ग ढिगावा ने कहा कि कराटे के खेल के माध्यम से हमारे खिलाड़ी देश और दुनिया में नाम रोशन कर रहे हैं, यह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है।

चैंपियनशिप के आयोजक एवं ऑल इंडिया शीतो-यूं कराटे ऑगेर्नाइजेशन के चेयरमैन हरीश कोच व भारतीय पर्वत रोही रीना भट्टी, हरियाणा कराटे एसोसिएशन के संयुक्त सचिव अनिल भारद्वाज ने कहा कि यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर कराटे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच प्रदान करेगी। प्रतियोगिता में हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों से करीब 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया है, जो विभिन्न आयु वर्गों में काता और कुमिते स्पधाओं में दमखम दिखा रहे हैं।

इस अवसर पर योगेश कालरा ,महासचिव, कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया , अनूप महासचिव, हरियाणा स्पोट्र्स कराटे एसोसिएशन,अनिल भारद्वाज संयुक्त सचिव, हरियाणा कराटे एसोसिएशन (पंचकूला), कार्यक्रम अध्यक्ष प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी नरेश गर्ग ढिगावा, भिवानी, भारतीय पर्वतारोही रीना भट्टी , रोहताश चौहान अध्यक्ष, भाजपा मंडल लोहारू , विशिष्ट अतिथि अमन मलिक निदेशक, के.सी.एम. ग्रुप, समाजसेवी सचिन जैन संचालक, वर्धमान ज्वैलर्स, पार्षद नरेंद्र सर्राफ, सुनीता सिंह संचालिका केसीएम आर्मी स्कूल, समाजसेवी सुरेंद्र लोहिया अध्यक्ष, पी.सी.सी.ए.आई, नंद किशोर अग्रवाल प्रसिद्ध समाजसेवी, भिवानी , राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक भारद्वाज, विशाल मेहता जूनियर कराटे कोच, हरियाणा सरकार ,सुश्री विजेता मुंडालिया पूर्व कोच, साई, प्रसिद्ध समाजसेवी नरेश गर्ग , सावित्री यादव निदेशक, विवेकानंद स्कूल,सुश्री नीलम सांगवान अध्यक्ष, चरखी दादरी स्पोट्र्स कराटे एसोसिएशन, सुशील शर्मा मुख्य तकनीकी निदेशक, हरियाणा स्पोट्र्स कराटे एसोसिएशन, नरेंद्र शराफ समाजसेवी एवं पूर्व एम.सी., भिवानी, रिंकू कुमार, सचिन सरदाना ,सुश्री प्रिया लेघा अधिवक्ता, सुश्री सीमा बंसल समाजसेवी, रजनीश गर्ग, अरुण नितिन गोयल, संजय यादव कार्यकारी अधिकारी, सुरेश कुमार,चौधरी दुष्यंत, रजनीश सर्राफ मास्टर राजेश मुखी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई बाबा प्रेमनाथ कि 28वीं वरसी

**समाज जागरण**



कालांवाली (सुरेश जोरासिया) समीपवर्ती गांव हस्सू में स्थित डेरा बाबा शिवनाथ में संत बाबा प्रेमनाथ जी की 28वीं वरसी बडी धूमधाम से मनाया गई। बाबा जी वरसी के संबंध में रखे गए श्री सहज पाठ के सवेरे 10बजे भोग पाए गए। भोग के उपरांत गुरु का लंगर अटूट बरताया गया।इस मौके पर मंहत बाबा अमरदास कोटफता,मंहत बाबा देवा दास मंडाला,मंहत कृष्ण दास कालांवाली, ज्ञान सरूप गुरुसर,मंहत बाबा जमना दास दुनेवाला,मंहत बाबा रवि प्रकाश कोटदुना,मंहत बाबा फमण दास बंगीकलां,मंहत ज्ञान दास जजल,मंहत भीम दास माहीनंगल,मंहत बलवीर दास केवल, गांव हस्सू के सरपंच जसकर्ण सिंह गिल, पूर्व सरपंच दर्शन सिंह, पूर्व पंच ज्ञान सिंह,पूर्व पंच बलविंदर सिंह,जगसीर सिंह,जत्थेदार महिन्द्र सिंह जगतार सिंह तारी, दविन्द्र सिंह के इलावा अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे उपस्थित थे। इस मौके पर डेरे के मुख्य सेवादार मंहत बाबा चरणदास ने सभी संत महापुरुषों व आई हुई साध संगत का धन्यवाद किया।इस मौके पर गांव हस्सू के सरपंच जसकर्ण सिंह गिल, पूर्व सरपंच दर्शन सिंह, पूर्व पंच ज्ञान सिंह , पूर्व पंच बलविंदर सिंह,जगसीर सिंह, जत्थेदार महिन्द्र सिंह जगतार सिंह तारी, दविन्द्र सिंह के इलावा अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे

# चैहड़ खुर्द के पूर्व सरपंच स्व. राजेंद्र सिंह की धर्मपत्नी जानकी देवी का विगत दिवस निधन

**समाचार निर्देश, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 20 दिसंबर। चैहड़ खुर्द के पूर्व सरपंच स्व. राजेंद्र सिंह की धर्मपत्नी जानकी देवी का विगत दिवस निधन हो गया। दिवंगत जानकी देवी 72 वर्ष की थी और अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर गई हैं। जानकी देवी युवा समाज सेवी ग्लोबल नर्सिंग होम बहल की माता थी। उनके निधन पर क्षेत्र के पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, सिंचाई विभाग, चिकित्सा सेवाओं से जुड़े लोगों सहित पूर्व मंत्री जेपी दलाल, पूर्व विधायक सोमवीर सिंह, मा. धर्मपाल ओबरा, ओमप्रकाश बड़वा, मंडल भाजपा बहल के अनेकों पदाधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है और शोकाकुल को उनके आवास चैहड़ खुर्द पहुंच सांत्वना देने वालों का तांता लगा है।

# 25 दिसंबर को लोहारू उपमंडल के गांव चैहड़ खुर्द में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा : एसडीएम मनोज दलाल

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 21 दिसंबर। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार प्रदेशभर में सुशासन सप्ताह के दौरान 19 से 25 दिसंबर तक प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिला में प्रशासन द्वारा प्रत्येक उपमंडल में गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों में प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया जा रहा है। इसी कड़ी में 25 दिसंबर को लोहारू उपमंडल के गांव चैहड़ खुर्द में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ये जानकारी देते हुए एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया जाएगा।इस अभियान के दौरान सरल पोर्टल और सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाएगा। नागरिकों की शिकायतों को प्रमुखता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन गांव की ओर अभियान के दौरान अधिकारी अपने कार्य को और तेज गति प्रदान करें। उन्होंने बताया कि डीसी साहिल गुप्ता द्वारा प्रत्येक उपमंडल में संबंधित एसडीएम को वहां का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन से सीधे रूप से जुड़े विभागों के अधिकारी इस अभियान के दौरान और अधिक गंभीरता से कार्य करें।

# बहल के आटो मार्केट से आटो मैकेनिक की दुकान से चोरी के मामले में दूसरे आरोपी को भी किया गिरफ्तार

## पुलिस टीम ने चोरी की वारदात में प्रयोग की गई एक बोलेरो कैंपर गाड़ी व करीब 4 क्विंटल लोहे का स्क्रैप किया बरामद

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 21 दिसंबर। आपरेशन हाट-स्पाट डोमिनेशन के तहत डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू ने बहल के आटो मार्केट से आटो मैकेनिक की दुकान से चोरी के मामले में दूसरे आरोपी को किया गिरफ्तार। गिरफ्तार आरोपित की पहचान महेश वासी चैहड खुर्द के रूप में हुई है और इसके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी की वारदात में प्रयोग की गई एक बोलेरो कैंपर गाड़ी व करीब 4 क्विंटल लोहे का स्क्रैप किया बरामद। इसी क्रम में डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू द्वारा आटो मार्केट बहल में दुकान के बाहर से सामान चोरी करने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी है। चोरी का मामला संजय वासी गोकलपुरा ने थाना बहल में शिकायत 11 दिसंबर की रात्रि को अज्ञात आरोपियों द्वारा दुकान से वेल्डिंग मशीन की बैटरी, गियर बाक्स, स्टीयरिंग, ए.सी. कंप्रेशर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया। शिकायत के आधार पर थाना बहल में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियोग में प्रभावी कार्रवाई करते हुए डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू के एएसआई जसवंत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दूसरे आरोपी को नांगल से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी को पेश माननीय न्यायालय में कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया था। आरोपित महेश को पेश न्यायालय में किया गया जहां न्यायालय ने आरोपित को जिला कारागार भेजने के आदेश दिए हैं वहीं अभियोग में आरोपित कपिल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी को लाडवा समागम में 'आदि सनातन धर्म रत्न' से नवाजा गया

## जगतगुरु ब्रह्मऋषि कुमार स्वामी महाराज के समागम में सकारात्मक ऊर्जा का संचार, समाज में धर्म और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा

**कुरुक्षेत्र संवाददाता समाज जागरण**

कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा में आयोजित 774वें समागम के दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी को आदि सनातन धर्म रतन की विशिष्ट उपाधि से सम्मानित



किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज में धर्म, नैतिकता और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए प्रदान किया गया।

समागम के दौरान मुख्यमंत्री श्री सैनी ने कहा, समागम में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जगतगुरु ब्रह्मऋषि कुमार स्वामी महाराज मनुष्य को जीवन की दिशा देने का काम कर रहे हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है।

इस अवसर पर धर्मगुरु ब्रह्मऋषि कुमार स्वामी महाराज ने उपस्थित लोगों को जीवन में धर्म और मानव मूल्यों के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान और सत्कर्म समाज को सकारात्मक दिशा देने में अहम भूमिका निभाते हैं।

समागम में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, श्रद्धालु और आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक संदेशों के माध्यम से लोगों में नैतिकता, सकारात्मक दृष्टिकोण और मानवता के मूल्यों को जागरूक करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने आयोजकों और धर्मगुरु का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे समागम समाज में एकजुटता और आध्यात्मिक चेतना फैलाने का प्रमुख माध्यम हैं। उन्होंने इस उपाधि को प्राप्त करना अपने लिए सम्मान और समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक बताया।

# 22 दिसंबर को सिवानी उपमंडल के गांव लीलस में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा : एसडीएम विजया मलिक

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 21 दिसंबर। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार प्रदेशभर में सुशासन सप्ताह के दौरान 19 से 25 दिसंबर तक प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिला में प्रशासन द्वारा प्रत्येक उपमंडल में गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों में प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया जा रहा है। इसी कड़ी में 22 दिसंबर को सिवानी उपमंडल के गांव लीलस में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ये जानकारी देते हुए एसडीएम विजया मलिक ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया जाएगा।इस अभियान के दौरान सरल पोर्टल और सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाएगा। नागरिकों की शिकायतों को प्रमुखता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन गांव की ओर अभियान के दौरान अधिकारी अपने कार्य को और तेज गति प्रदान करें। उन्होंने बताया कि डीसी साहिल गुप्ता द्वारा प्रत्येक उपमंडल में संबंधित एसडीएम को वहां का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन से सीधे रूप से जुड़े विभागों के अधिकारी इस अभियान के दौरान और अधिक गंभीरता से कार्य करें।

# बहल-पिलानी बाईपास रोड़ के किनारे गंदे पानी की निकासी को बनाए गए नालों की सफाई नहीं होने से नाले हुए ओवरफ्लो

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**







बहल, 21, दिसंबर। बहल-पिलानी बाईपास रोड़ के किनारे गंदे पानी की निकासी को बनाए गए नालों की सफाई नहीं होने से नाले ओवरफ्लो हो गए और बदबूदार पानी सड़क और आबादी में बहने लगा है। इस समस्या से अंबेडकर नगर के बाशीदें व सड़क के राहगीर परेशानी का सामना कर रहे। इसको लेकर यहां के बाशिंदों ने समस्या से निजात दिलाने की मांग प्रशासन और ग्राम पंचायत से की है। अंबेडकर पार्क के नजदीक व वार्ड नंबर 17 के नागरिकों ने मांग करते हुए बताया कि गंदे पानी की निकासी के खातिर बनाए गए नालों की सफाई करीबन गत 2 साल से नहीं हुई है और नालों में कदर गाद व कचरे से भर आया की पानी सड़क पर बह रहा है और आबादी में साम्राज्य जमा चुका है। बेतरतीब ढंग से बने नाले शुरू से ही विवादों और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े रहे हैं। नालों की गहराई 10 से 15 फीट तक बनी है और पानी की निकासी समुचित नहीं होने की वजह से इनमें घास, झाड़ और कचरा भरा पड़ा हैं। नालों से बारिश व घरों का पानी ठीक से निकल नहीं पता और लोगों की जान पर आफत पर बना हुआ है। नाले गहरे, चौड़े व खुले हैं। अमूमन मवेशियों के गिरने से मौत की फेहरिस्त लंबी है। नाले वर्षों पूर्व पहले पंचायत समिति के करीब 30 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने और इन्हीं पर लोक निर्माण विभाग ने करीब 50 लाख रुपए लगाकर भी नालों से पानी निकालने में सफल रहे हैं। नाले गंदे पानी व गंदगी लबालब भरकर पूरी तरह बंद पड़ चुके हैं। जिससे पानी रोड पर बहने लगा है और घरों के सामने भी पानी इकट्ठा होना लगा है। जिसके कारण स्थानीय नागरिकों का अपने घरों से निकलना मुश्किल हो गया है वासी राजेश चांदला और मा. प्रदीप पूनिया ने बताया कि इन नालों की साफ सफाई की कोई सुध लेने वाला नहीं है और हम संबंधित विभाग से मांग करते हैं कि इन नालों की तुरंत सफाई करवाया जाए। ताकि पानी की निकासी हो सके और मक्खी मच्छर पैदा होने बीमारियों की फैलने से बचा जा सके। पानी रोड पर जमा होने से सड़क भी टूटने लगी है। जिससे सरकार को राजस्व हानि होगी सबसे खतरनाक बात ये भी है कि इन नालों के ऊपर बिजली के एच पोल पर दो तीन ट्रांसफार्मर भी है जिनमें करंट आने का भय भी बना रहता है।

# श्री बालाजी धाम डोभ पर भव्य संकीर्तन एवं पहुँची 69 वीं पैदल ध्वजा यात्रा

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**







रोहतक 21 दिसम्बर भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम गाँव डोभ के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रत्येक रविवार श्री बालाजी धाम डोभ पर संकीर्तन,भंडारा एवं निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाता हैं जिसमे आंख जाँच, दांत जाँच, फिजियोथेरेपिस्ट, मेडिसिन और देशी वैध द्वारा इलाज किया जाता हैं सभी दवाईयां और चश्मे निशुल्क दिये जाते हैं

आज का सवामनी भंडारा श्री जतिन नागपाल (नागपाल स्वीट्स भिवानी चुंगी रोहतक) द्वारा लगाया गया संकीर्तन में चिराग जांगड़ा द्वारा बालाजी का सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया गया रिंकू महादेव द्वारा सुन्दर-सुन्दर झांकियों प्रस्तुत की गई आगे प्रधान जी ने बताया कि प्रत्येक रविवार को शनि देव मित्र मण्डल तेज कॉलोनी रोहतक एवं भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर भिवानी स्टैंड से सुबह 10 बजे पैदल ध्वजा यात्रा श्री बालाजी धाम डोभ के लिये चलती हैं श्री दुर्गा भवन मंदिर से ज्योत प्रचण्ड कर के यात्रा कि शुरूआत की जाती हैं सभी हाथ में ध्वजा लिये जय श्री राम के जयकारे लगाते हुये श्री बालाजी धाम डोभ पहुँचे रास्ते में दो जगह पड़ाव होता हैं पहला पड़ाव नजदीक खुशबू गार्डन के सामने जगदम्बा ट्रेक्टर हाउस एवं रास्ते में दुसरा पड़ाव पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने भिवानी रोड पर होता हैं मन्दिर से भक्तों की वापसी के लिये निःशुल्क ऑटो उपलब्ध करवाई जाती हैं

इस अवसर पर मुख्य रूप नवीन तनेजा,हर्षित कोचर,रमेश गुप्ता, दीपक प्रकाश जैन,पवन सरीन, मन मोहन, अशोक भगत, सत्यवान सैनी, धर्मपाल रोहिल्ला,तुषार कात्याल, वंश, सैंटी, खुशाल,पंडित नरेश कौशिक, राजेश गोयल, सुनील निमाड़ी, अमित कौशिक एवं अन्य भक्तजन उपस्थित रहे

# मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंचकूला में स्वदेशी महोत्सव-2025 का उद्घाटन किया

## "स्वदेशीः आत्मनिर्भर भारत का आधार"

**पंचकूला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

पंचकूला में आयोजित स्वदेशी महोत्सव-2025 का उद्घाटन मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वदेशी भारत की स्वतंत्रता आंदोलन की मूल भावना रही है और महात्मा गांधी ने इसे स्वावलंबन का आधार बनाया था।



मुख्यमंत्री श्री सैनी ने आगे कहा, आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से नई शक्ति मिल रही है। यह महोत्सव न केवल भारतीय उत्पादों को बढ़ावा देने का अवसर है, बल्कि युवाओं और नागरिकों में स्वदेशी के महत्व को समझाने का माध्यम भी है।

स्वदेशी महोत्सव-2025 में देशभर के हस्तशिल्प, कुटीर उद्योग, स्थानीय उत्पादक और स्टार्टअप्स ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और देश में आर्थिक आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना है।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित नागरिकों और उद्यमियों से अपील की कि वे स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं और राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता के मिशन में सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर राज्य के कई मंत्री, अधिकारी और समाज के प्रतिष्ठित लोग भी मौजूद रहे।

महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिससे युवाओं और आमजन को भारतीय कला, संस्कृति और उद्योग के महत्व से परिचित कराया गया।

# महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावः महायुति को मिली ऐतिहासिक सफलता

## भाजपा और NDA की विजय 'विकसित महाराष्ट्र' के संकल्प पर जनता के विश्वास का प्रतीक

**महाराष्ट्र संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति को मिली ऐतिहासिक सफलता केवल एक चुनावी विजय नहीं है, बल्कि यह विकसित महाराष्ट्र के संकल्प पर जनता के अटूट विश्वास की स्पष्ट और सशक्त मुहर है।

भाजपा महाराष्ट्र की नेता ने इस अवसर पर कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस जी के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने जनसेवा और विकास की रोशनी को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाया है। उन्होंने आगे कहा कि यह विजय उन सभी समर्पित कार्यकताओं और कर्मठ साथियों के अथक परिश्रम का परिणाम है, जिन्होंने जनता के बीच पहुँचकर उनके विश्वास और समर्थन को सुनिश्चित किया।

भाजपा और एनडीए ने चुनावी जीत को जनता की अपेक्षाओं और आशीर्वाद के रूप में लिया है। पार्टी ने महाराष्ट्र के प्रत्येक मतदाता का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि यह जनादेश राज्य में विकास, जनसेवा और स्थायी प्रगति के मार्ग को और सुदृढ़ करेगा।

# हरियाणा सरकार ने गरीब कैदियों को वित्तीय मदद के लिए नई गाइडलाइंस जारी की

## अर्थिक रूप से कमजोर कैदियों को जुमार्ना और जमानत की परेशानी से राहत मिलेगी

**हरियाणा संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

हरियाणा राज्य में आर्थिक रूप से कमजोर कैदियों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने गरीब कैदियों को सहायता योजना के तहत संशोधित दिशा-निर्देश और एसओपी (SOP) जारी किए हैं।

सरकार के अनुसार, इन विस्तृत गाइडलाइंस का उद्देश्य उन कैदियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है, जो केवल जुमार्ना राशि न भर पाने या जमानत राशि के अभाव के कारण जेलों में बंद हैं। नई रडढ में यह सुनिश्चित किया गया है कि ऐसे आर्थिक रूप से अक्षम कैदी न्यायिक प्रक्रिया के दौरान उचित सहायता प्राप्त कर सकें और उनके जेल में अनावश्यक रहने की अवधि कम हो।

डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि यह कदम न्यायिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार गरीब और जरूरतमंद कैदियों के अधिकारों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रही है और उन्हें न्यायिक प्रणाली में बराबरी का अवसर सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। हरियाणा सरकार की यह पहल न्याय और मानवाधिकार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे समाज में न्यायसंगत और संवेदनशील व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

# हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष ने गायक कुलबीर सैनी के गाने का पोस्टर किया रिलीज

## मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी ने किया पोस्टर लॉन्च

**हरियाणा संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**



हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी की धर्मपत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन सैनी ने गायक कुलबीर सैनी के नए गाने मुरली कृष्णा दी का पोस्टर रिलीज किया।

पोस्टर लॉन्च के दौरान श्रीमती सुमन सैनी ने कहा कि यह गाना लोगों में धार्मिक और सांस्कृतिक संदेश फैलाने का एक माध्यम है। उन्होंने कलाकार कुलबीर सैनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि संगीत के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक और सकारात्मक संदेश पहुंचाना महत्वपूर्ण है।

कुलबीर सैनी के गाने मुरली कृष्णा दी को जल्द ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाएगा और इसे धार्मिक उत्सवों एवं सांस्कृतिक आयोजनों में भी प्रदर्शित किया जाएगा।

इस अवसर पर कई वरिष्ठ अधिकारी और बाल कल्याण परिषद के सदस्य भी मौजूद रहे। उन्होंने इस पहल को सराहते हुए कहा कि संगीत के माध्यम से सामाजिक और धार्मिक जागरूकता फैलाना समाज के लिए प्रेरणादायक कदम है।

# दिल्ली की महिलाएंः विकसित दिल्ली के निर्माण में सक्रिय और सशक्त

**दिल्ली संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

दिल्ली की महिलाएं अब केवल परिवार और समाज तक ही सीमित नहीं, बल्कि विकसित दिल्ली के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि हर महिला सुरक्षित महसूस करे, हर हुनर को अवसर मिले और हर कदम पर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सके।

सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि महिलाओं को काम करने की स्वतंत्रता, आगे बढ़ने का भरोसा और समान अवसर प्रदान करना उसकी नीतियों का केंद्रबिंदु है। इसके साथ ही, महिला सशक्तिकरण को वास्तविक और व्यावहारिक रूप में लागू करने के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की भी शुरूआत की गई है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण अब केवल संकल्प नहीं, बल्कि दिशा और मिशन बन चुका है। इसका उद्देश्य महिलाओं को समाज, शिक्षा, व्यवसाय और नेतृत्व में बराबरी का अवसर देना है।

# नवागत मुख्य अभियंता प्रमिल मिश्रा का शहडोल में भव्य स्वागत, कर्मचारी यूनियन ने किया सम्मान



**समाज जागरण**

शहडोल।शहडोल क्षेत्र के नवागत मुख्य अभियंता इंजीनियर श्री प्रमिल मिश्रा के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कर्मचारी जनता यूनियन की ओर से उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया और नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी गईं।स्वागत समारोह में यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में श्री एस. के. तिवारी, एडवोकेट प्रांतीय सचिव श्री के. डी. द्विवेदी, एडवोकेट प्रांतीय अध्यक्ष, उमेश कुमार कंचेर अध्यक्ष शहडोल, जगजीवन मिश्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष, एस. ए. कुरेशी, सचिन मिश्रा, सचिन जायसवाल सहित अन्य कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।इस दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने नवागत मुख्य अभियंता के समक्ष क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं, कर्मचारियों के हितों और विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुचारू व पारदर्शी बनाने को लेकर अपने विचार रखे। श्री प्रमिल मिश्रा ने भी सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शहडोल क्षेत्र में बेहतर विद्युत आपूर्ति, उपभोक्ता संतुष्टि और कर्मचारियों के सहयोग से सकारात्मक कार्य वातावरण तैयार करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

# **"I❤BARGAWAN (AMLAI)" भी नहीं बचा सका नगर की पहचान

## दो दिन में ही तोड़ दिया गया नगर परिषद का नया बोर्ड, संजय नगर तिराहे पर खुली गुंडागर्दी**

**समाज जागरण अमलाई**
**(नगर परिषद बरगवा क्षेत्र)**

नगर परिषद बरगवा (अमलाई) द्वारा शहर की पहचान और सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से संजय नगर तिराहे के पास लगाया गया *"I ❤ BAR GAWAN (AMLAI) साइन बोर्ड महज दो दिन में ही शरारती व विध्वंसक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया। तस्वीरों में साफ नजर आता है कि भारी लोहे से बने अक्षरों को जानबूझकर उखाड़ा गया, उनके टुकड़े नीचे बिखेर दिए गए। यह कोई हादसा नहीं बल्कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की सोची-समझी साजिश प्रतीत होती है।
सबसे बड़ा सवाल यह है कि व्यस्त संजय नगर तिराहे पर इतनी बड़ी तोड़फोड़ हुई और न तो किसी ने




रोका, न ही जिम्मेदारों को समय रहते जानकारी मिली। क्या नगर परिषद ने किसी तरह की सुरक्षा या निगरानी की व्यवस्था की थी? या फिर हर बार की तरह इस मामले को भी अज्ञात तत्वों के नाम पर छोड़ दिया जाएगा? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह सिर्फ एक बोर्ड नहीं बल्कि जनता के टैक्स के पैसों से बनाई गई नगर की पहचान थी। दो दिन में ही उसका इस तरह टूट जाना नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।
अब देखना यह है कि नगर परिषद बरगवा (अमलाई) दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करती है या फिर नया बोर्ड लगाकर इस शर्मनाक घटना पर पर्दा डाल देती है। जनता जवाब चाहती है, सिर्फ आश्वासन नहीं।

# विश्व ध्यान दिवस पर राजयोग, डिजिटल वैलनेस एवं मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित हुई मीडिया कार्यशाला

## ब्रह्माकुमारीज विषय विशेषज्ञों ने दी विस्तार से जानकारी

**समाज जागरण**

अनूपपुर/ ब्रह्माकुमारीज राजयोग मेडिटेशन सेंटर,बुढ़ार में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर मीडिया सम्मेलन सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। सम्मेलन में संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए राजयोग, डिजिटल वेलनेस एवं मानसिक स्वास्थ्य (मेंटल हेल्थ) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत



चर्चा की गई। कार्यशाला में कोयलांचल क्षेत्र के अनेक इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार गण उपस्थित रहे। सेवा केंद्र की संचालिका रीता दीदी ने ब्रह्माकुमारीज संस्थान के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं समाज में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर माउंट आबू से पधारे सॉफ्टवेयर इंजीनियर बीके हिमांशु ने संस्थान द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के लिए की जा रही सेवाओं की विस्तार से जानकारी साझा की।
उन्होंने डिजिटल वैलनेस तथा साइबर सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां पत्रकारों को प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान बीके प्रवीण भाई ने उपस्थितजनों

को राजयोग मेडिटेशन की अनुभूति कराई, जिससे सभी ने मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। पत्रकार श्री मोहन नामदेव ने ब्रह्मा कुमारीज संस्थान के द्वारा किए जा रहे समाज कल्याण कार्यों की सराहना की।तथा इस प्रकार के आयोजनों को भविष्य में और बड़े स्तर पर आयोजित करने का आग्रह किया। उपस्थित पत्रकारो द्वारा सामाजिक और आध्यात्मिक ज्ञान के कार्यक्रम की सराहना की गई।
कार्यक्रम के अंत में बीके रीता दीदी ने सभी मीडिया कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि पिछले एक महीने से ब्रह्मा कुमारीज बुढ़ार द्वारा कोयलांचल क्षेत्र के लगभग 25 शासकीय आशासकीय स्कूलों और कॉलेजों में बच्चों के लिए डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाया जा रहा है, जिसकी सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है।

# अवैध उत्खनन करते पकड़ी गई सहकार ग्लोबल की पीसीसी मशीन, चितरंगी एसडीएम की रेड से मचा हड़कंप




**समाज जागरण**
**विजय तिवारी सिंगरौली।**

जिले में लंबे समय से पनप रहे रेत माफिया के काले कारोबार पर आखिरकार प्रशासन ने करारा प्रहार कर दिया है। कलेक्टर गौरव बैनल के स्पष्ट निदेर्शों के बाद चितरंगी एसडीएम सौरभ मिश्रा ने राजस्व टीम के साथ जब ग्राम रेही स्थित रेत खदान पर अचानक छापा मारा, तो वहां की हकीकत देखकर अधिकारी भी चौंक गए। जांच में सामने आया कि सहकार ग्लोबल कंपनी खुलेआम लीज क्षेत्र से बाहर रेत का अवैध उत्खनन कर रही थी। नियम-कानून को ठेंगा दिखाते हुए खनन माफिया द्वारा मौके पर पीसीसी मशीन से रेत निकाली जा रही थी। कार्रवाई के दौरान मशीन को मौके पर ही जब्त कर थाना चितरंगी को सौंप दिया गया।बताया जा रहा है कि सरकार ग्लोबल कंपनी के खिलाफ कई महीनों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। ग्रामीणों और स्थानीय सूत्रों द्वारा अवैध उत्खनन, पर्यावरण क्षति और राजस्व चोरी की शिकायतें प्रशासन तक पहुंचाई गई थीं, लेकिन माफिया के नेटवर्क के चलते अब तक कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। कलेक्टर ने जब इन शिकायतों को गंभीरता से लिया, तब जाकर प्रशासनिक चुप्पी टूटी और छापेमारी की तलवार चली। इस कार्रवाई के बाद रेत माफिया में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि अवैध उत्खनन से जुड़े कई लोग अब मशीनें हटाने और सबूत मिटाने में जुट गए हैं। प्रशासन की इस सख्ती से यह साफ संदेश गया है कि अब सेटिंग नहीं, सीधी कार्रवाई होगी।
जिला प्रशासन ने दो टूक कहा है कि अवैध उत्खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियम तोड़ने वाली कंपनियों और माफियाओं पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। लेकिन सवाल यह भी है कि अब तक लीज सीमा से बाहर उत्खनन कैसे चलता रहा? क्या इसमें निचले स्तर की मिलीभगत की भी जांच होगी? क्या केवल मशीन जब्ती से माफिया पर लगाम लगेगी या एफआईआर और ब्लैक लिस्टिंग भी होगी? रेत माफिया के खिलाफ यह कार्रवाई सिर्फ शुरूआत मानी जा रही है। आने वाले दिनों में यदि प्रशासन इसी तेवर में रहा, तो जिले में वर्षों से फल-फूल रहे अवैध खनन नेटवर्क की परत-दर-परत पोल खुल सकती है।

# प्रशासनिक आदेशों की धज्जियां उड़ाने पर प्रहार -बनगवां नगर परिषद में अंधेर नगरी- चौपट राजा के तर्ज पर हों रहा कार्य

## संयुक्त संचालक के रोक के आदेश भी बेअसर बेखौफ जारी है विवादित भवन का निर्माण

**समाज जागरण**

राजनगर- अनूपपुर जिले के नगर परिषद बनगवां में नियमों और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों को ठेंगे पर रखा जा रहा है। संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास शहडोल ने पत्र (क्र./2076) जारी कर नवीन कार्यालय भवन के निर्माण को रोकने के निर्देश दिए थे लेकिन धरातल पर काम युद्ध स्तर पर जारी है। भाजपा पार्षद की शिकायत और कैबिनेट मंत्री दिलीप जायसवाल के हस्तक्षेप के बाद भी काम न रुकना परिषद की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। आखिर किसके रसूख के आगे संयुक्त संचालक का आदेश बौना साबित हो रहा है...? क्या प्रशासन को किसी बड़ी अनहोनी या यह जारी सरकारी राशि का दुरुपयोग का इंतजार है?

**मौत के मुहाने पर बनगवां परिषद का नया ठिकाना**

गोफ एरिया की आशंका के बावजूद अधिकारियों ने नहीं थामी निर्माण की रफ्तार क्या बनगवां का नया परिषद भवन किसी बड़े हादसे की नींव पर खड़ा हो रहा है? संयुक्त संचालक कार्यालय ने स्पष्ट पूछा है कि जिस जगह निर्माण हो रहा है, क्या वह SECL का गोफ एरिया (धसकने वाली जमीन) है? क्या वहा का SBC टेस्ट हुआ है? इन तकनीकी और सुरक्षात्मक सवालों का जवाब




देने के बजाय परिषद प्रबंधन ने निर्माण कार्य चालू रखा है। संयुक्त संचालक द्वारा कार्य रोकने के स्पष्ट आदेश के बावजूद मशीनें गरज रही हैं और ईंटें जुड़ रही हैं। यदि भविष्य में जमीन धसकती है या स्ट्रक्चर फेल होता है तो क्या इसकी जिम्मेदारी सीएमओ लेंगे? नियमों को दरकिनार कर किया जा रहा यह निर्माण सीधे तौर पर सरकारी धन की बबार्दी और जान से खिलवाड़ है। मंत्री के निर्देश और जमीनी हकीकत में विरोधाभास मंत्री के निदेर्शों की खुली अवहेलना राजनगर के केंद्र बिंदु की मांग को कुचलकर विवादित स्थल पर ही डटे जिम्मेदार राजनगर की जनता और पार्षद की मांग थी कि नगर परिषद का भवन शहर के बीचों-बीच बने जिस पर कैबिनेट मंत्री दिलीप जायसवाल ने संज्ञान लेते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में नगरी प्रशासन एवं विकास शहडोल संभाग से निर्माण रोकने का फरमान जारी हुआ लेकिन बनगवां परिषद के अधिकारियों के इरादे कुछ और ही नजर आते हैं। शिकायत का निराकरण तो दूर, विभाग को बिंदुवार जानकारी दिए बिना ही काम को बदस्तूर जारी रखा गया है। यह न केवल प्रशासनिक आदेश की अवेलना है बल्कि जनता की भावनाओं और क्षेत्रीय मंत्री के निदेर्शों को भी खुली चुनौती है। आखिर वह कौन सी मजबूरी या कमीशन का खेल है जिसके चलते रोक के बावजूद काम को बंद नहीं किया जा रहा!

# नर्मदा कुंड का नाम गांधी कुंड रखने पर जेपी साहू का कड़ा विरोध

## कहा—मां नर्मदा सर्वोपरि, आस्था से जुड़े कुंड का नाम बदलना सर्वथा गलत

**समाज जागरण**

अनूपपुर अमरकंटक। पवित्र नगरी अमरकंटक में नर्मदा उद्गम क्षेत्र स्थित कोटितीर्थ घाट पर नर्मदा कुंड को गांधी कुंड नाम दिए जाने को लेकर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। इस मुद्दे पर जेपी साहू—सनातनी तिरंगा यात्रा संयोजक (शहडोल संभाग) एवं विश्व सनातन कल्याण संघ के मध्य प्रदेश युवा अध्यक्ष—ने कड़ा ऐतराज जताया है। जेपी साहू ने कहा कि मां नर्मदा सनातन आस्था का सर्वोच्च प्रतीक हैं। अमरकंटक वह पावन धरा है जहां से मां नर्मदा का उद्गम होता है और यहीं से उनके पवित्र प्रवाह की यात्रा आरंभ होती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यह क्षेत्र तप, साधना और मोक्ष से जुड़ा रहा है, जहां सदियों से ऋषि-मुनियों ने साधना की है। अमरकंटक में नर्मदा कुंड वह प्रथम स्थल है जहां श्रद्धालु स्नान कर मां नर्मदा का आशीर्वाद लेते हैं, ऐसे ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल का नाम बदलना आस्था के विपरीत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महात्मा गांधी राष्ट्रपिता हैं और उनका सम्मान सर्वस्वीकार्य है, लेकिन आस्था से जुड़े नर्मदा कुंड का नाम परिवर्तन उचित नहीं। जेपी साहू ने सुझाव दिया कि अमरकंटक में महात्मा गांधी के नाम पर पार्क, चौक या अन्य विकास कार्य किए जाएं, जिससे नगर का समग्र विकास हो सके, परंतु नर्मदा कुंड का नाम गांधी कुंड रखना सर्वथा गलत है।

अंत में उन्होंने प्रशासन से नामकरण पर पुनर्विचार कर तत्काल सुधार की मांग करते हुए कहा कि जब तक निर्णय वापस नहीं लिया जाता, वे इसका पुरजोर विरोध जारी रखेंगे।

# भाजपा मंडल बिजुरी की आवश्यक बैठक संपन्नः मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर कार्यकताओं को दिए निर्देश

**समाज जागरण**

बिजुरी। भारतीय जनता पार्टी मंडल बिजुरी द्वारा निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रम को लेकर रविवार को नगरपालिका परिषद बिजुरी में मंडल अध्यक्ष रविंद्र शर्मा रिंकू के निर्देश से महत्वपूर्ण कार्यशाला एवं बैठक का आयोजन किया गया।

**मतदाता सूची की शुद्धता पर जोर**

बैठक में मुख्य रूप से निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष



गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मंडल महामंत्री कैलाश कोल ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सूची सबसे महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने सभी बूथ प्रभारियों और BLA-2 को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए।

**फॉर्म 6, 7 और 8 की दी गई जानकारी**

नगर पालिका बिजुरी की अध्यक्ष सहबीन पनिका ने तकनीकी पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि नए नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6, नाम काटने के लिए फॉर्म-7 और संशोधन के लिए फॉर्म-8 को समय-सीमा के भीतर भरकर जमा करना अनिवार्य है। उन्होंने BLA-2 की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया।

**कार्यकर्ताओं को मिला प्रशिक्षण**

कार्यशाला में बूथ अध्यक्षों और कार्यकताओं को फॉर्म भरने की प्रक्रिया और डिजिटल माध्यमों के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया। बैठक में तय किया गया कि आगामी कुछ दिनों तक विशेष अभियान चलाकर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जाएगा।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका, गुंजन साहू, अन्नू देवी, संतोसी सिंह,तरुनेन्द्र सिंह, शम्भू साहू, महादेव गोस्वामी मंडल के पदाधिकारी, बूथ प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, BLA-2 और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेन्ट्रल बैंक ने मनाया स्थापना दिवस

## बन्नौदा में वृक्षारोपण कर पर्यावरण की सीख

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया के स्थापना के 115 वा स्थापना दिवस आज सामाजिक सरोकार और पर्यावरणीय संदेश को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज गाँव -गाँव जाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया। इस तारतम्य में सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया की पाली शाखा प्रबंधक अपने स्टाफ के साथ बन्नौदा ग्राम पंचायत पहुँच कर वृक्षारोपण कार्य किया गया। शाखा प्रबंधक हिमांशु रंजन ने बताया की आज सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया का 115 वा स्थापना दिवस के अवसर पर सेन्ट्रल बैंक की विभिन्न शाखाओं के व्दारा समाज के बीच में पहुँच कर बैंक से जुडने के लाभ के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी, साथ ही वृक्षारोपण कार्य करके लोगों को पर्यावरणीय लाभ के बारे में संदेश दिया गया। स्थापना दिवस पर गाँवों में जन जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को बैंकिंग से मिलने वाले लाभों और जोखिमों से बचने के तरीकों से अवगत कराया गया।

# सहकार भारती की बैठक संपन्न

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

उमरिया --- उमरिया जिले में सहकार भारती की एक दिवसीय बैठक राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिलीप पाटिल के मुख्य आतिथ्य में चंदेल होटल में संपन्न हुई। इस अवसर पर सहकार भारती के प्रदेश प्रमुख गोपाल निगम के नेतृत्व में आहूत की गयी थी। सर्व प्रथम भारत माता के चलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित किया गया तत्पश्चात सहकार भारती के संस्थापक माधव राव गोड बोले के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर संगठन मंत्रो के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बैठक में स्वागत भाषण दिवाकर सिंह के व्दारा उदबोधित करते हुए कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि, और अन्य अतिथियो जिले के पदाधिकारियों व उपस्थित समुदाय का अपने माधुर्य वाणी से स्वागत, वंदन अभिनंदन किया गया । प्रदेश प्रमुख गोपाल निगम जी ने संगठन की गतिविधियों से उपस्थित प्रतिभागियों को अवगत कराते हुए सहकार भारती के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि की आंसदी से दिलीप पाटिल ने सहकार भारती के कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया की सहकारिता का व्यापक तौर पर प्रचार प्रसार करना है ताकि लोगों तक सहकारिता और सहकारिता तक लोगों की पहुंच आसान हो सकें। आगे आपने बताया की सहकारिता क्षेत्र से जुड़े लोगों को प्रशिक्षित करना और उसके बिषय में उन्हें परिपक्व बनाने का हमारा उद्देश्य है ताकि लोग इसका भरपूर लाभ उठा सकें। सहकार भारती के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए आपने बताया की सहकारी संस्थाओं एवं उसके प्रकल्पों का निर्माण करना, उसे सुचारू रूप से चलाना है,सहकारी समितियों को मजबूत बनाना तथा जन नागरिकों को बहुतायत में जोड़ने का काम हमें करना है, ताकि अधिकाधिक लोगों को इसका आर्थिक लाभ मिल सकें और लोग सहकार में ही अपनी समस्याओं का समाधान खोज सकें। प्रारंभिक चरण में जन कल्याण की शासकीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हेतु हमें प्रयास करना है। देखा जाता है की सहकारी संस्थाओं में अभी भी शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन मनमानी तौर पर किया जा रहा है, इस पर रोक लगाने के लिए हमें आगे आना होगा।

कार्यक्रम में आभार प्रर्दशन देवेन्द्र व्दिवेदी जी के व्दारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन महामंत्री शिवकुमार मिश्रा के व्दारा किया गया। इस बैठक में पवन पांडे जी सहकार भारती शहडोल, सुरेन्द्र सिंह जिला अध्यक्ष सहकार भारती उमरिया, प्रमोद तिवारी संगठन मंत्री, घनश्याम बाघवानी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति उमरिया, अशोक तिवारी मंत्री सहकार भारती उमरिया, देवेन्द्र तिवारी प्रवक्ता सहकार भारती उमरिया, राघवेन्द्र जी, श्रीमती संगीता रघुवंशी, श्रीमती रागनी सिंह, श्रीमती ऊषा सिंह तहसील प्रमुख बांधवगढ़ सहकार भारती, ज्ञानेश सिंह उपाध्यक्ष सहकार भारती उमरिया, रमेश तिवारी, गौरव तिवारी जिला कार्य कारणी सदस्य, नारायण राय करकेली तहसील प्रमुख की उपस्थिति में संपन्न हुई।

# डॉक्टर दास की सेवा भावना से क्षेत्र में हर्ष की लहर

**समाज जागरण**

जैतहरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी में जब से डॉक्टर हिमांशु दास सदस्य हुए हैं उनकी पदस्थापना के बाद जैतहरी नगर , आसपास के ग्रामीण अंचलों से आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है कई वर्षों से जैतहरी नगर में ऐसे चिकित्सक की आवश्यकता भी थी जो समय पर सही उपचार कर सके और मरीज को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। और शासन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर हिमांशु दास की पदस्थापना की उनकी पदस्थापना के बाद लोगों में हर्ष की लहर देखी जा रही है।

# कटनी में इलाज नहीं, वसूली का सिस्टमः अस्पताल बने डर का अड्डा

## दलाल-डॉक्टर-अधिकारियों की जुगलबंदी में गरीब मरीज सबसे बड़ा शिकार

**समाज जागरण**

कटनी ।जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था आज जनता को राहत नहीं, बल्कि डर और कर्ज दे रही है। इलाज के नाम पर यहां एक ऐसा सिस्टम खड़ा हो चुका है, जिसमें मरीज नहीं बल्कि पैसा प्राथमिकता बन गया है। निजी अस्पतालों की बढ़ती संख्या के साथ-साथ मरीजों की लूट भी उसी रफ्तार से बढ़ी है, लेकिन जिम्मेदार आंख मूंदे बैठे हैं।जिले के कई निजी अस्पतालों में दलालों का सक्रिय नेटवर्क है, जो मरीज को बीमारी से ज्यादा बिल का भय दिखाता है। सामान्य बीमारी को गंभीर बताकर भर्ती कराया जाता है और इलाज शुरू होने से पहले ही आर्थिक शोषण का खेल चालू हो जाता है।
अस्पताल के अंदर दवा दुकान, बाहर कानून बेबस कटनी के अधिकतर निजी अस्पतालों में मेडिकल स्टोर अस्पताल परिसर के भीतर ही संचालित हो रहे हैं। दवाएं बाजार की ही होती हैं, लेकिन मरीज को यह कहकर डराया जाता है कि यह दवा बाहर नहीं मिलेगी।
हकीकत यह है कि वही दवा नाम बदलकर कई गुना कीमत पर बेची जाती है, ताकि मरीज कहीं और जाने की हिम्मत ही न कर सके।

**सवाल उठता है कि**

क्या ड्रग कंट्रोल विभाग केवल कागजों में मौजूद है?या फिर निजी अस्पतालों के आगे कानून भी मजबूर हो चुका है? इलाज कम, जांच और भर्ती का खेल ज्यादा डॉक्टरों को समाज ने जीवन रक्षक माना, लेकिन कटनी में कुछ डॉक्टरों ने इसी भरोसे को कमाई का जरिया बना लिया।
जरूरत से ज्यादा जांच, बिना वजह भर्ती और महंगी दवाओं की लंबी सूची—मरीज अस्पताल से ठीक कम और आर्थिक रूप से टूटकर ज्यादा निकलता है। स्वास्थ्य विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है, जिसने आज तक न दवाओं के रेट पर ध्यान दिया, न ही अस्पतालों की कार्यप्रणाली की गंभीर जांच की।

**आयुष्मान योजनाः गरीबों की ढाल या लूट का लाइसेंस?**

गरीबों के इलाज के लिए शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना, कटनी में दोहरी वसूली का हथियार बनती जा रही है। कई अस्पताल मरीज से नगद राशि भी लेते हैं और आयुष्मान कार्ड से पूरा भुगतान भी निकाल लेते हैं। मरीज को यह तक नहीं बताया जाता कि योजना में क्या कवर है और क्या नहीं। उसकी अनभिज्ञता का फायदा उठाकर छोटी बीमारी में भी पूरी योजना राशि निकाल ली जाती है। कार्रवाई शून्य, संरक्षण भरपूर चौंकाने वाली बात यह है कि तमाम शिकायतों और चचाओं के बावजूद आज तक किसी बड़े निजी अस्पताल पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई।सूत्रों की मानें तो विभागीय अधिकारी और अस्पताल संचालक एक-दूसरे के लिए सुविधाओं की दीवार बने हुए हैं—जहां नियम सिर्फ आम आदमी के लिए हैं।अब सवाल सिस्टम से है जब अस्पताल कुछ ही वर्षों में करोड़ों की संपत्ति खड़ी कर लेते हैं, तो यह मानना मुश्किल नहीं कि यह केवल इलाज नहीं, बल्कि संगठित कमाई का मॉडल है।

**अब सवाल सिर्फ भ्रष्टाचार का नहीं है—**

सवाल यह है कि कब मिलेगी गरीब मरीज को राहत? और क्या जिला प्रशासन इस सिस्टम पर हाथ डालने की हिम्मत दिखाएगा?कटनी की जनता जवाब चाहती है,क्योंकि इलाज अधिकार है—कमाई का साधन नहीं।

# स्वास्थ्य की दिशा में सराहनीय पहल एम आई लाइफ स्टाइल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ऑर्गेनिक आयुर्वेदिक वेलनेस प्रोडक्ट्स का विशेष आयोजन

**समाज जागरण बुढ़ार।**

बुढ़ार क्षेत्र में जनस्वास्थ्य को सुदृढ़ करने एवं आयुर्वेदिक जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एम आई लाइफ स्टाइल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ऑर्गेनिक आयुर्वेदिक वेलनेस प्रोडक्ट्स एवं दवाइयों को लेकर एक विशेष एवं प्रेरणादायी आयोजन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। एम आई लाइफ स्टाइल प्राइवेट लिमिटेड अपने उच्च प्रीमियम क्वालिटी वाले ऑर्गेनिक आयुर्वेदिक उत्पादों के लिए जानी जाती है। कंपनी के सभी उत्पाद भारत सरकार के आयुष मंत्रालय से प्रमाणित हैं, जो आमजन को सुरक्षित, प्रभावी एवं भरोसेमंद आयुर्वेदिक स्वास्थ्य समाधान प्रदान करते हैं। इन उत्पादों का उद्देश्य प्राकृतिक उपचार पद्धति के माध्यम से लोगों को स्वस्थ, संतुलित और रोगमुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।यह आयोजन राजवाड़ा रेस्टोरेंट, बुढ़ार में आज शाम 07:00 बजे संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेदिक जीवनशैली, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों एवं वेलनेस से जुड़े उत्पादों की विस्तृत जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी गई। उपस्थित लोगों को बताया गया कि नियमित रूप से आयुर्वेदिक उत्पाद अपनाकर कई गंभीर एवं पुरानी बीमारियों से बचाव संभव है।गरिमामयी उपस्थिति इस आयोजन में जनप्रतिनिधि, चिकित्सक, समा जसेवी एवं क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम में अभिषेक गुप्ता, डां बढ़गईया, अमिता




सिंधानिया, प्रदीप जैन, संतोष चौधरी, कन्हैया पासवान, कन्हैया चौधरी, विजय साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।आयोजन को सफल बनाने में आयोजक गोविंद रैदास, रवि सोनी, मनसुर भाई, मुन्ना साहू, सत्यम गुप्ता, राजाराम गुप्ता एवं कैलाश विशनंदानी की अहम भूमिका रही।इसके साथ ही बुढ़ार के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जनहित में प्रेरणादायी पहल कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों ने एम आई लाइफ स्टाइल प्राइवेट लिमिटेड की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।निस्संदेह, यह आयोजन स्वस्थ समाज की दिशा में एक सकारात्मक और अनुकरणीय कदम साबित हुआ, जिससे आने वाले समय में जनस्वास्थ्य को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

# नगराम थाने में एसीपी मोहनलालगंज ने की गोष्ठी, कानून-व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

नगराम। लखनऊ, एसीपी मोहन लालगंज विकास कुमार पांडेय ने शनिवार देर रात सर्किल के थाना नगराम में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। गोष्ठी के दौरान एसीपी ने सड़क सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। एसीपी ने कोहरे के मौसम में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अन्य वाहनों पर रेडियम पट्टी अनिवार्य रूप से लगवाने के लिए जनसामान्य को जागरूक करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इससे रात्रि व कोहरे के समय होने वाले हादसों में काफी हद तक कमी लाई जा सकती है।इसके साथ ही नकबजनी व चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ग्राम सुरक्षा समितियों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करने पर जोर दिया गया। एसीपी ने पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त, सतर्क निगरानी और निरंतर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

गोष्ठी के दौरान बीट प्रणाली को मजबूत करने, सूचना तंत्र को सक्रिय रखने और आमजन से बेहतर संवाद स्थापित करने पर भी चर्चा की गई। एसीपी ने स्पष्ट कहा कि जनसुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही

बर्दाश्त नहीं की जाएगी।पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं।

# बाइकों की भिडन्त में एक बाइक सवार दो युवक घायल, एक गंभीर

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 2 पर अम्बापुर गांव के समीप बाइको की भिडन्त में एक बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायल अवस्था में उनको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उनका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के उदई सरांय गांव निवासी शिवकुमार का 40 वर्षीय पुत्र संजय व गाँव निवासी मेवालाल का 25 वर्षीय पुत्र राजेंद्र दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकले थे। जब बाइक थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 2 पर अम्बापुर गांव के समीप पहुंची तभी दूसरी तेज रफ्तार बाइक सवार इनकी बाइक को कट मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक सवार संजय व राजेंद्र दोनों रोड पर गिरकर घायल हो गए। फोन कर घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर इलाज कर रहे हैं। जिसमें संजय की हालत गंभीर बनी हुई है वहीं अपना इलाज करा रहे घायल राजेंद्र ने घटना की जानकारी दिया।

## चार पहिया वाहन से खुद को बचाने के प्रयास में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा, चालक व सवार महिला घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर गाजीपुर थाना क्षेत्र के इन्द्रो के समीप अचानक सामने आए चार पहिया वाहन से खुद को बचाने के प्रयास में ई-रिक्शा अरिहंत्रित होकर पलट गया। जिससे रिक्शा चालक व सवार महिला दोनों गंभीर से घायल हो गए। घायल अवस्था मे उनको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सुकेती गांव निवासी रज्जन का 20 वर्षीय पुत्र श्यामू जो रिक्शा चालक है। वह थाना क्षेत्र की टिकरी गांव निवासी बुधराज की 45 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी को सवार कर जा रहा था। जब वह इन्द्रो के समीप पहुंचा तभी अचानक सामने आए चार पहिया वाहन से खुद को बचाने के प्रयास में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे रिक्शा चालक श्यामू व रिक्शे पर सवार महिला उर्मिला देवी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए गाजीपुर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घयलो को भर्ती कर उनका इलाज कर रहे हैं। वही जिला अस्पताल पहुंचे घायल श्यामू के भाई शिव कुमार ने घटना की जानकारी दिया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बेरा गढ़ीवा गांव के समीप ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पडरी गांव निवासी वासुदेव का 26 वर्षीय पुत्र सुजीत बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। वहां से वापस लौटते समय जब उसकी बाइक थाना क्षेत्र के बेरा गढ़ीवा गांव के समीप पहुंची तभी ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक सुजीत रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत फोन कर घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। वही साथ अस्पताल आए घायल के पिता वासुदेव ने बताया सुजीत बाइक पर सवार होकर सात मील गया था। वहां से वापस लौटते समय ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हो गया है।

## अनियंत्रित बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल, डॉक्टर ने किया रेफर

**समाज जागरण**

फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र के पपरेंदा गांव के समीप अनियंत्रित बाइक सवार रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पपरेन्दा गांव निवासी टिर्रा का 50 वर्षीय पुत्र गणेश बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब वह गांव के बाहर रोड पर पहुंचा तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे बाइक चालक गणेश गंभीर रूप से घायल हो गया हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए जहानाबाद सीएचसी पहुंचा। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# संत दादूदयाल जी महाराज शोभायात्रा के अध्यक्ष बने लक्ष्मण कुमार कंडेरे !

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! कंडेर समाज फिरोजाबाद के जिलाध्यक्ष ब्रह्मदत्त कंडेरे द्वारा जैन मंदिर में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें संत दादू दयाल महाराज की शोभायात्रा के लिए अध्यक्ष का निर्विरोध चुनाव सम्पन हुआ शोभायात्रा का अध्यक्ष लक्ष्मण कुमार कंडेरे,महामंत्री छीतर सिंह एवं राकेश कुमार को सर्व सम्मति से कोषाध्यक्ष बनाया गया

चुनाव के बाद समाज के लोगों द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया बैठक में रामजीलाल कंडेरे,विशाल कंडेर, सोनू कंडेर, सुभाष कंडेर,सरनाम सिंह, किशन पाल, ऊदल सिंह, हरिविलास सिंह,चमन लाल,नरसिंह पाल,दौलतराम, किशन कुमार ,दिनेश कुमार,रामगोपाल, रोहित दास नैनी, विजय कुमार आदि लोग उपस्थित रहे !

# पुलिस ने हत्याभियुक्त पकड़ा, दो की तलाश

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**




फि रोजाबाद। थाना एका पुलिस व सर्विलांस पुलिस ने प्रेमशंकर उर्फ छुटकू की हत्या में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मामले में दो और अभियुक्तों की तलाश है। गाली देने के कारण उसकी हत्या की गई।

प्रभारी निरीक्षक संजुल कुमार पाण्डेय ने पुलिस बल के साथ चैकिंग के दौरान हत्याभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस को उसके बारे मे पता चला था। पुलिस ने उसे धारू पुल से गोपालपुर की ओर जाने वाली नहर की पटरी से पकड़ा है। पुलिस को देख उसने भागने का प्रयास किया था। पुलिस ने पकड़े अभियुक्त का नाम क्षेत्रपाल पुत्र नन्नू सिंह बताया है। वह सुजायत पुर थाना एका का रहने वाला है। हत्याकांड में बिजेन्द्र पुत्र माधौ सिंह तथा गजराज पुत्र रामजीलाल निवासी सुजायतपुर थाना एका फरार चल रहे है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

पकड़े अभियुक्त ने बताया प्रेम शंकर उर्फ छुटकू नगला भारा का रहने वाला था। नगला भारा एवं सुजायतपुर ग्राम में लगभग 700-800 मीटर की दूरी है । पैदल जाने वाले अधिकांश सुजायतपुर ग्राम के लोग नगला भार होकर ही निकलते हैं। मृतक शराब के नशे में आने जाने वाले लोगों को गालियाँ देता था। घटना से पूर्व भी मृतक ने शराब के नशे में लोगों को गालियाँ दी थीं । इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने तथा गाँव के ही बिजेन्द्र व गजराज ने उसको मारा पीटा एवं मफलर से गला कसकर प्रेमशंकर उर्फ छुटकू की हत्या कर दी गयी। हत्या के बाद शव को ग्राम के पास खेतों में बने मंदिर की कोठरी में डाल दिया था।

एसएसपी सौरभ दीक्षित ने दो टीमों का गठन किया था।

एसपी देहात अनुज चौधरी ने बताया पुलिस मामले में अभी दो लोगों की और तलाश है। उनकी तलाश में हर संभावित क्षेत्रों में दबिशे दी जा रही है। उनको भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आलू की फसल में समय से करें झुलसा रोग का नियंत्रण-जिला उद्यान अधिकारी

**समाज जागरण**
**दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि रबी मौसम में आलू की अगेती फसल किसानों के लिए मुनाफे का सौंदा होती है, लेकिन जरा से लापरवाही होने पर आर्थिक नुकसान पड़ जाता है। जिन किसानों ने आलू की खेती की है, उन्हें इस समय ठंड बढ़ने के साथ-साथ पाला एवं झुलसा रोग का खतरा सताने लगता है। ऐसे में किसान भाईयों को समय रहते जरूरी बचाव करते हुए फसल का उपचार करने की आवश्यकता है।

जिला उद्यान अधिकारी ने जिले के किसानों को सलाह दी है कि ठंड के मौसम में कई दिनों तक बादलयुक्त मौसम होने के कारण वातावरण में नमी की मात्र बढ़ जाती है। वातावरण में 80 प्रतिशत से अधिक नमी एवं 10 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच तापक्रम में होने पर आलू में झुलसा रोग का खतरा बढ़ जाता है। यदि समय से इसका उपचार न किया जाय तो पूरी फसल खेत में ही झुलस जाती है। इससे उत्पादन में 80 से 90 प्रतिशत तक कमी आ जाती है तथा साथ में इसकी गुणवत्ता प्रभावित होती है। आलू की फसल में यह रोग फाइटोब्योरा नामक फफूंद से होता है। इस रोग में पौधों की पत्तियां सिरे से झुलसने लगती है। प्रभावित पत्तियों पर भूरे एवं काले रंग के धब्बे बनते है जो तीव्र गति से ऊपर की ओर फैलते जाते है। इसमें 3 से 4 दिनों के अन्दर ही सम्पूर्ण फसल नष्ट हो जाती है। रोग के प्रभाव से आलू के कन्दों का आकार छोटा रह जाता है। आलू की अच्छी पैदावार लेने के लिए अगेती व पिछेती झुलसा का नियन्त्रण करना बेहद जरूरी है। रोग के नियन्त्रण के लिए किसान भाई मेटालाक्सिल 4 प्रतिशत तथा मैंको जेब 64 प्रतिशत या कार वेन्डा जिम 12 प्रतिशत तथा मैंकोजेब 63 प्रतिशत को 600 ग्राम तथा इमिडाक्लोरोपिड़ 17.8 प्रतिशत 150 मिली लीटर दवा को 150 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति एकड़ की दर से 10-12 दिनों के अन्तराल पर दो छिड़काव करें। साथ ही फसल को पाले से बचाव हेतु खेत में यथा सम्भव नमी बनाए रखें, जिसके लिए नियमित अन्तराल पर हल्की सिंचाई करते रहे या खेत के चारों तरफ धुंआ करें।

# सॉफ्टबॉल क्रिकेट टूनार्मेंट 4 जनवरी से 9 जनवरी तक

**समाज जागरण**




फिरोजाबाद! जिला सॉफ्टवौल किकेट एसो सिएशन के सचिव अनिल लहरी अध्यक्ष डी सी गुप्ता ने बताया कि,,दिनाँक 4 जनवरी दिन रविवार से 9 जनवरी तक जिला सॉफ्टवौल किकेट एसोसिएशन फिरोजाबाद द्वारा स्वर सतीश प्रकास मित्तल जी एवं कैलाश चंद अग्रवाल जी सुख रानी भटनागर जी मालती देवी गुप्ता जी की स्मृति मै एस आर कालेज ग्राउंड पर आयोजित हो रहा है जिसमे आठ आठ राज्य की महिला-पुरुष की टीमे भाग लेरही है टूनार्मेंट की तैयारिया एस आर के कालेज ग्राउंड पर भव्य रुप से चल रही है ग्राउंड को नगर निगम के द्वारा भी समतली करण किया जा रहा है ,सचिव अनिल लहरी ने बताया कि टूनार्मेंट की सभी समिति गठित कर ली गयी है जो जल्द ही घोषित कर दी जायेगी नगर के खेल प्रेमियों से अपील है ज्यादा सेज्यादा संख्या मै आकर खेल का आन्नद ले काफी समय के बाद ऑल इण्डिया स्तर का टूनार्मेंट फिरोजाबाद मे होने जा रहा है उन्होने कहा इस मे आठ राज्यो की षुरुष और महिला की टीमे भाग लेरही हैं !

# 10 दिवसीय दिव्य कथा का आयोजन 23 दिसंबर से

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद! अशोक सिंघल वात्सल्य विद्यापीठ कोटला, अखिल भारतीय देववाणी परिषद एवं संस्कृत भारती परिवार के संयुक्त तत्वाधान में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की 10 दिवसीय दिव्य कथा ( ज्ञान यज्ञ) का आयोजन,,,23 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक पालीवाल हॉल गाँधी पार्क, फिरोजाबाद में होने जारहा हैं, जिसमें पर्यन्त नित्यप्रति प्रातः 10 बजे से श्रीराम महायज्ञ का आयोजन वात्सल्य विद्यापीठ कोटला एवं गंगेश्वर संस्कृत महाविद्यालय शिकोहाबाद के ब्रम्हचारीछात्रों द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर गौशाला पर संपन्न होगा। इसके उपरांत श्रीराम चंद्र पालीवाल ऑडिटोरियम में श्रीमद रामचारित मानस का सश्वर पाठ (नवान्य पारायण ) 31 ब्रम्ह चारी छात्रों द्वारा सामूहिक रूप से प्रतिदिन सम्पन्न होगा। सायंकालीन बेला में प्रतिदिन उज्जैन महाकाल लोक उज्जैन के पीठाधीश्वर श्रेद्धेय श्री प्रणवपुरी जी महाराज द्वारा हनुमन्ति शैली में दिव्य मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की कथा का वाचन होगा। कथा के मुख्य यजमान श्री हनुमान प्रसाद गर्ग उनकी धर्मपत्नी श्रीमतीकमलेश गर्ग होंगीं। श्रीराम महायज्ञ के यजमान गौरव गोयल एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्राची गोयल रहेंगे। स्वागताध्यक्ष के रूप में दीपक गुप्ताऔर उनकी पत्नी होंगीं। ये शभी कार्यक्रम स्वर्गीय श्रीमती रीटा विज धर्मपत्नी ओंकारनाथ विज की पुण्यस्मृति में सम्पन्न होंगे। इसी पुनीत अवसर पर नगर के सुप्रसिद्ध समाज सेवी धर्मनिष्ठ उदधोगपति हरिमोहन गुप्ता एवं पत्नी श्रीमती शकुंतला गुप्ता के दाम्पत्य सूत्र बंधन की स्वर्णजयंती के उपलक्ष्य में सुहागनगारी( फिरोजाबाद)के प्रमुख व्यक्तित्व नामक कृति का लोकार्पण सदर विधयाक मनीष असीजा द्वारा किया जायेगा। वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से हनुमान प्रसाद गर्ग, पंडित देवेंद्र शास्त्री, अनिल उपाध्याय, धर्मेन्द्र नाथ शर्मा, राजेश दुबे, आदर्श, संयुक्त परिवार, अनूप चंद्र जैन एडवोकेट, देवब्रत पांडेय, ओंकारनाथ विज आदि लोग उपस्थित थे !

## जनपद में शीतलहर के दृष्टिगत राहत एवं बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

**समाज जागरण**
**दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति ने बताया है कि जनपद में 20 व 21 दिसम्बर 2025 को रोड व आरेन्ज अलर्ट की कटेगरी में प्रदर्शित किया गया है। उन्होने अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को शीतलहर में राहत एवं बचाव हेतु एडवाइजरी जारी करते हुये बताया है कि अपने आप को सूखा रखे, ऊनी कपड़े पहने, घर के अन्दर ही रहें, गर्म पानी पिये। सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखे। कपड़ों की कई परते पहनना भी लाभदायक रहता है। आपात कालीन आपूर्तियों के लिये सभी सामान तैयार रखे। शीतलहर के दौरान पर्याप्त पानी स्टोर करे क्योकि पाइपों में पानी जम सकता है, जितना सम्भव हो घर के अन्दर र हे। ठंडी हवा से बचने के लिये कम से कम यात्रा करे। अपने शरीर को सुखाकर रखे। यदि कपड़े गीले हो जाये तो उन्हें तुरन्त बदले। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। दस्ताने के बजाय मिट्टन्स को प्राथमिकता दे, मिट्टन्स अधिक गर्मी और तापावरोधन प्रदान करते है। मौसम की ताजा जानकारी के लिये रेडियो सुने, टीवी देखे, समाचार पत्र पढ़े एवं बुजुर्गो और बच्चों का ख्याल रखे। नियमित रूप से गर्म पेय पिये तथा शराब न पिये यह आपके शरीर के तापमान को कम करता है। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियो, पैर की उंगलियो, कानो की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रतिसजग रहे। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करे। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। कम्पकपी को नजरअंदाज न करें यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कम्पकपी महसूस होने पर तुरन्त घर लौटे।

उन्होने बताया है कि हाइपोथर्मिया के मामले में व्यक्ति को गर्म स्थान पर ले जाये और कपड़े बदल दे। व्यक्ति के शरीर को शारीरिक सम्पर्क, सूखे कम्बल, कपड़ो, तौलियो या चादरो से गर्मी दे। शरीर के तापमान को बढ़ाने मे मदद करने के लिये गर्म पेय पिलाये लेकिन मादक पेय न दे। जितनी जल्दी हो सके व्यक्ति को उचित चिकित्सा उपलब्ध कराये। उन्होने यह भी बताया है कि कोहरा से बचाव के सम्बन्ध में बताया है कि वाहन चलाते समय या किसी परिवहन माध्यम से बाहर निकलते समय सावधान रहे। वाहन चलाते समय फॉग लाइट का प्रयोग करे। घने कोहरे में वाहन चलाते समय सुरक्षित परिवहन हेतु सड़क पर बनी पट्टिकाओ का अनुसरण करे। जब तक आवश्यक न हो तब तक बाहर निकलने से बचे और चेहरे को ढक कर रखे। अपने सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियो को पर्याप्त रूप से ढके क्योकि शरीर के अधिकांश गर्मी इन अंगो से निकलती है। हीटर का इस्तेमाल करते समय हवा का प्रवाह बनाये रखे, ताकि जहरीले धुये सांस में न जाए, बिजली और गैस हीटिंग उपकरणों का इस्तेमाल करते समय आवश्यक सुरक्षा उपाय करे।

# केशवाही में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित, विद्यार्थियों ने प्रकृति और जैव विविधता को करीब से जाना

**समाज जागरण राजीव कुमार**

शहडोल। वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति बच्चों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वन परिक्षेत्र केशवाही में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को जंगल, प्रकृति और जैव विविधता से सीधे जोड़ते हुए पर्यावरण संतुलन और संरक्षण का महत्व समझाया गया। वन संरक्षक अनुपम सहाय (आईएफएस), वन वृत्त शहडोल की उपस्थिति में वन परिक्षेत्र केशवाही अंतर्गत बीट धूम्माडोल के कक्ष क्रमांक 1015 स्थित नागउपका में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति, वन एवं जैव विविधता के प्रति संवेदनशील बनाना रहा। इस अवसर पर वन संरक्षक अनुपम सहाय ने विद्यार्थियों को जंगलों की उपयोगिता, वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी अंकुर तिवारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशवाही के विद्यार्थी, प्राचार्य एवं शिक्षकगण शामिल हुए। साथ ही जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत सदस्य रेखा पाव, जनपद सदस्य ज्ञान सिंह, ग्राम पंचायत धूम्माडोल एवं रुपौला के सरपंच उपस्थित रहे। पुलिस चौकी केशवाही प्रभारी गंगा मार्को एवं वन परिक्षेत्र केशवाही का समस्त स्टाफ भी कार्यक्रम में मौजूद रहा। शासकीय ट्रेनर वेदन सिंह धुर्वे (वनपाल) एवं देव सुमन पांडे (वनरक्षक) ने




विद्यार्थियों को ट्रेल भ्रमण कराते हुए दीमक की उपयोगिता, विभिन्न वृक्ष प्रजातियों की पहचान, वन उत्पादों, पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता के महत्व की जानकारी दी। ट्रेल के बाद विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को वन संरक्षक द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मैं भी बाघ गीत का सामूहिक गायन कर वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया। लेंटाना झाड़ी से निर्मित अनुभूति लोगो के माध्यम से इको-फ्रेंडली व्यवहार का भी संदेश दिया गया। रेंजर अंकुर तिवारी ने बच्चों को बताया कि जंगल का प्रत्येक जीव पारिस्थितिकी तंत्र का अहम हिस्सा है और सभी का संरक्षण आवश्यक है। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका रेंजर द्वारा सरल और रोचक तरीके से उत्तर दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा, ताकि वे भविष्य में प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व भी सर्किल भुमकार की बीट गोडारू के कक्ष क्रमांक 979 स्थित तुरार्पानी स्थल पर अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

# जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट करेगा दो दिवसीय सहायक उपकरण वितरण शिविर

**विवेक कुमार**
**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। समाज के कमजोर, असहाय और जरूरतमंद वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट एक सराहनीय पहल करने जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं दिव्यांग बच्चों के हित में 22 और 23 दिसंबर को मोहनलालगंज में दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जरूरतमंद लाभार्थियों को सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा।इस संबंध में जानकारी देते हुए ट्रस्टी, चेयरमैन प्रतिनिधि, व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अजय पाण्डेय सत्यम ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए पहले ही रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। रजिस्ट्रेशन के माध्यम से ऐसे दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं बच्चे चिन्हित किए गए हैं, जिन्हें सहायक उपकरणों की वास्तविक आवश्यकता है।डॉ. अजय पाण्डेय ने बताया कि चयनित लाभार्थियों को चलने-फिरने में सहायक उपकरण, सुनने से संबंधित उपकरण एवं दैनिक जीवन को सरल और सुगम बनाने वाले अन्य सहायक साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इन उपकरणों के माध्यम से दिव्यांग और वृद्धजन आत्मनिर्भर बन सकेंगे और अपने दैनिक कार्य बिना किसी परेशानी के कर सकेंगे।यह वितरण कार्यक्रम 22 व 23 दिसंबर को कस्बा मोहन लालगंज स्थित पुराने पावर हाउस के सामने सत्यम धर्म कांटा परिसर में आयोजित किया जाएगा। शिविर के दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारी, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने बताया कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्गों को सहयोग प्रदान कर उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर देना है। ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर मानव सेवा की मिसाल पेश की जाती रही है। इस पहल से क्षेत्र के दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं उनके परिजनों में उत्साह और उम्मीद का माहौल रहेगा।

# योगासना स्पोर्ट्स फाउंडेशन की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न, पारंपरिक खेलों को मिलेगी नई दिशा

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज। लखनऊ।राजधानी लखनऊ के विजय नगर स्थित मुख्य संरक्षक एवं पूर्व प्रशासनिक अधिकारी अजय दीप सिंह के आवास पर रविवार को योगासना स्पोर्ट्स फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण कार्यकारिणी बैठक एवं सम्मान समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। योगेन सह पारम्परिक क्रीड़ाह्व के ध्येय वाक्य के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में योगासन के साथ-साथ भारत की गौरवशाली पारंपरिक खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में आगामी वर्ष 2026 के खेल कैलेंडर पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि फाउंडेशन अब केवल योगासन तक सीमित न रहकर मल्लखंब, खो-खो, कबड्डी, गटका, दंगल, लाठी-कला और शूट बॉक्सिंग जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों के संरक्षण, प्रशिक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करेगा। वर्ष 2026 में इन खेलों को लेकर राज्य व राष्ट्रीय स्तर की बड़ी प्रतियोगिताओं के आयोजन की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई।कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य संरक्षक अजय दीप सिंह ने संगठन की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने पर मीडिया प्रभारी अवनीश पाण्डेय को अंगवस्त्र पहनाकर विशेष रूप से सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। एसोसिएशन के अध्यक्ष यूसुफ




बेग ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की असली पहचान योग और पारंपरिक खेलों में निहित है। संगठन का उद्देश्य इन विधाओं में छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उत्तर प्रदेश को खेल जगत में अग्रणी बनाना है।वहीं, जनरल सेक्रेटरी डॉ. महेश लाल एवं कोषाध्यक्ष आचार्य सुरेश कुमार ने वर्ष 2026 की प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि संगठन का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को मुख्यधारा से जोड़ना है।बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि योगासना स्पोर्ट्स फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश आने वाले समय में पारंपरिक भारतीय खेलों को नई पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।यह बैठक निश्चित रूप से प्रदेश में पारंपरिक खेलों के उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने सुंदरबन में एनटीसीए और प्रोजेक्ट एलिफेंट की बैठकों की अध्यक्षता की; बाघ और हाथी के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय रणनीतियों की समीक्षा की

बाघ संरक्षण योजनाओं को मंजूरी दी गई और चीता परियोजना के विस्तार का मूल्यांकन किया गया; मानव-वन्यजीव संघर्ष समाप्ति और अखिल भारतीय बाघ गणना के छठे चक्र की समीक्षा परियोजना हाथी संचालन समिति ने हाथियों की गणना, संघर्ष प्रबंधन की समीक्षा की और विज्ञान-आधारित, समुदाय-केंद्रित संरक्षण दृष्टिकोणों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की 28वीं बैठक और परियोजना हाथी की 22वीं संचालन समिति की बैठक 21 दिसंबर 2025 को पश्चिम बंगाल के सुंदरबन बाघ अभ्यारण्य में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इन बैठकों में बाघ और हाथी बहुल राज्यों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, वैज्ञानिकों और क्षेत्र विशेषज्ञों के साथ-साथ प्रमुख संरक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने परियोजना बाघ और परियोजना हाथी की प्रगति की समीक्षा करने और भारत में बाघों और हाथियों के संरक्षण के लिए भावी रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए भाग लिया। एनटीसीए की बैठक की अध्यक्षता करते हुए, श्री यादव ने भारत के विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त बाघ संरक्षण मॉडल पर जोर दिया और विज्ञान-आधारित प्रबंधन, भू-भाग स्तर की योजना, सामुदायिक भागीदारी, अंतर-राज्यीय समन्वय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व का उल्लेख किया।

18 अप्रैल 2025 को आयोजित 27वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई और उसमें लिए गए

# वी पी एस राजातालाब की दिव्यांका सिंह को बाल कवि सम्मलेन में मिला प्रथम स्थान

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी।। जिले में स्थित वाराणसी पब्लिक स्कूल, राजातालाब की कक्षा 12वीं (जीवविज्ञान वर्ग) की छात्रा दिव्यांका सिंह ने बाल कवि सम्मेलन में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं जनपद का नाम गौरवान्वित किया है।

इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट काव्य प्रस्तुति के लिए दिव्यांका सिंह को 30,000 (तीस हजार रुपये) की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 19 दिसम्बर 2025 को आयुक्त कार्यालय, वाराणसी में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किया गया।




विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं समस्त विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर दिव्यांका सिंह को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता विद्यार्थियों में साहित्यिक अभिरुचि, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देने वाली है।वाराणसी पब्लिक स्कूल, राजातालाब सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध रहा है और इस प्रकार की उपलब्धियाँ विद्यालय की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गुणवत्ता को प्रदर्शित करती हैं।

# ठंड को देखते हुए समाजसेवी ने गरीबों में बाटे कंबल

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। लगातार बढ़ रही ठंड को देखते समाजसेवी संगठनों ने गरीबों को राहत देने का कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। जिसके अतंर्गत रविवार को आराजी लाइन विकासखंड के चकरा (खेवली) गांव में गरीबो एवं जरूरतमंद परिवारों में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पर्यावरण प्रेमी समाजसेवी मनीष पटेल एवं लौटन राम ने किया। इस दौरान दर्जनों जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरों पर राहत और खुशी साफ दिखाई दी।इस मौके पर समाजसेवी मनीष पटेल एवं लौटन राम ने संयुक्त रूप से कहा कि ठंड के इस मौसम में कंबल गरीब परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होंगे और भविष्य में भी ऐसे ही कंबल वितरण का कार्य कार्य जारी रहेंगे,जिससे लोगो को ठंड से बचने सहयोग प्रदान करेगा।कंबल प्राप्त करने वाले गरीबों ,असहायों ने समाजसेवी मनीष एवं लौटन का आभार व्यक्त किया। वही गरीबों कंबल पाकर कहा की ठंड के इस मौसम में यह सहायता उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। कार्यक्रम के दौरान संतोष पटेल, सुशील कुमार,विपिन मास्टर, डॉ सतीश कुमार, डॉ अशोक ,डॉ शिवराज, अजय,बृजेश,राममूरत, पुष्पा सहित लोगों ने विशेष सहयोग किया।



# सौ महिलाओ को नि:शुल्क सिलाई मशीन किया गया वितरित।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। रविवार को 'अकेला बाबा जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट' द्वारा 100 जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की गईं। यह कार्यक्रम गजानंद लॉन, चांदमारी में आयोजित किया गया।

वी. ओ. चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण के सीएसआर सहयोग से संपन्न हुए




इस वितरण समारोह का नेतृत्व ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील पटेल ने किया। डॉ. विपिन पाठक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे।

मुख्य अतिथि डॉ. विपिन पाठक ने अपने संबोधन में ट्रस्ट के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर विकास तिवारी, अजय शुक्ला, सुधीर पाण्डेय, दिलीप चौबे, उदय राज सिंह, अवधेश कुमार पाण्डेय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में संचालक अवधेश पाण्डेय ने आभार व्यक्त किया।

# हिन्दू धर्म संस्कृति, परस्पर प्रेम सहयोग, स्वाभिमान संरक्षण को लेकर हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी हरहुआ क्षेत्र के सेठबी किशोरी लाल जालान सरस्वती विद्यामन्दिर चक्का में हिन्दू सम्मेलन हिन्दू धर्म ,संस्कृति एवम समाज की बन्धुता,परस्पर प्रेम ,सहयोग तथा स्वाभिमान संरक्षण को लेकर हिन्दू समनेलन सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ हवन और भारत माता के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया।




स्वामी जितेन्द्रानन्द सरस्वती महाराज 'भारतीय संत समिति एवं गंगा महासभा महामंत्री' जी का धर्म जागरण परियोजना प्रमुख काशी प्रान्त मधुवन यादव व अन्य पदाधिकारीयो ने माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

महाराज जी ने कहा कि सभी को जाति पात भूलकर एक होने का समय है।जब हम श्मशान व महाकुंभ में जाति नहीं पूछते हम सभी भारत माता के संतान हैं फिर भेदभाव क्यों! हमारी एकता अखंडता ही भारत माता को विश्व गुरु बनाता है।

काशी जिले के संघ चालक शशिभूषण ने संघ के पंचवर्षीय कार्यक्रम के बारे में अवगत कराते हुए संघ के सौ वर्ष पूरे होने पर खुशी जताई।

अन्य वक्ताओं में काशी राम जी, श्रीमती नीतू कुमारी ने जाति पात से दूर रहे तथा नारी शक्ति अहिल्याबाई होलकर,रानी लक्ष्मीबाई बनकर समाज को दिशा दें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते प्रमिल पांडेय ने कहा हिंन्दू कभी पतित नहीं होता।सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रमुख रूप से रामगोपाल सिंह चेयरमैन साईं सिटी, मधुवन यादव धर्म जागरण परियोजना प्रमुख काशी प्रान्त, अविनाश, ज्योति, अजय गुप्ता, प्रधान गण राजनारायण पटेल ,भगत यादव, दीपक चौहान ,सोनू प्रसाद ,बांके कन्नौजिया,रविन्द्र राय, दिलीप पांडेय, सन्तोष ,जीतलाल ,राजेन्द्र गुप्ता ,गणेश अग्रहरि, दीवाकर सिंह व उमाकांत सिंह सहित सैकड़ों हिन्दुजन शामिल रहे। सफल संचालन प्रधानाचार्य नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया।

# युवती की सिर कूंचकर हत्या, मिला शव

समाज जागरण वाराणसी ओंकार नाथ

दानगंज, चोलापुर थाना क्षेत्र के चौकी दानगंज अंतर्गत कैथोर गांव में रविवार को बगीचे में 25 वर्षीय युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। शव खून से लभगथ तथा सिर बुरी तरह कुचला हुआ तथा पैर टूटा हुआ मिला और उसे बाजरे के सूखे पौधों से छिपाने का प्रयास किया गया था। घटनास्थल की स्थिति देखकर ग्रामीणों ने युवती की बेहद बेरहमी से हत्या किए जाने की आशंका जताई है।



जानकारी के अनुसार रविवार दिन मे पशुपालक मवेशी चराने बगीचे की ओर गए थे। इसी दौरान उनकी नजर बगीचे में पड़े शव पर पड़ी। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने डायल 112 पर पुलिस को जानकारी दी। मौके पर थाना प्रभारी चोलापुर दीपक कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और पटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों को भी मूचित किया गया। कुछ ही देर में एसीपी सारनाथ बिदुषि सक्सेना मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। युवती की पहचान और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह किस क्षेत्र की रहने वाली थी और वहां कैसे पहुंची। घटनास्थल पर फैले खून के निशान इस ओर इशारा कर रहे हैं कि हत्या संभवत मौके पर ही की गई और चाद में शव को छिपाने की कोशिश की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल हत्या की आशंका को ध्यान में रखते हुए सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

# तारकेश्वर सिंह यादव को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर निकाली गई भव्य सम्मान यात्रा

समाज जागरण वाराणसी ओंकार नाथ

दानगंज ,चोलापुर थानाक्षेत्र के बनियापुर निवासी लक्ष्मण अवॉर्डी तारकेश्वर सिंह यादव को उत्तर प्रदेश शूटिंग बाल फेडरेशन का प्रदेश सचिव बनाए जाने पर रविवार को एक भव्य सम्मान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा साईं



गांव स्थित उपवन लान से उदयपुर नहर होते हुए सोयेपुर घनश्याम सिंह महाविद्यालय तक निकाली गई। इस दौरान क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के साथ कई दर्जन शूटिंग बाल के खिलाड़ी मौजूद रहे। शूटिंग बाल के कोच और स्वर्ण पदक विजेता तारकेश्वर सिंह को फेडरेशन का प्रदेश का सचिव बनाए जाने से खिलाड़ियों के साथ क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर जिला सचिव भैयालाल पटेल, संजय पटेल, अभिनव मिश्रा, अनुराग मिश्रा, बीरेंद्र पटेल, बृजेश यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध प्लाटिंग को किया गया ध्वस्त

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा हरहुआ क्षेत्र में कई स्थानों पर सचिव डॉ0 वेदप्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में अवैध प्लाटिंग का ध्वस्तीकरण किया गया।

औसानपुर में विवेक अग्रवाल व योगेश अग्रवाल की 5.3बीघा अवैध प्लाटिंग की बाउंड्री, गेट और बैरिकेटिंग को ध्वस्त किया गया।सातो महुआ पावर हाउस के उत्तर स्थित अज्ञात लगभग 6 बीघा अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

इसके बाद टीम मय जेसीबी सहित अनौरा के पास गोसाईपुर में पुरुषोत्तम अग्रवाल व रविन्द्र अग्रवाल द्वारा लगभग 4.5 बीघा अवैध प्लाटिंग को पूरी तरह से ध्वस्तीकरण किया गया।



इसके बाद टीम मय पुलिस फोर्स के साथ उन्दी (सुतबलपुर) में लगभग 0.796 बीघा अज्ञात अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। कोई भी व्यक्ति मौके पर प्रतिरोध नहीं किया। यह ध्वस्तीकरण प्राधिकरण द्वारा पूर्ण नियोजित और अभियान के तहत किया गया।

# हरहुआ बाजार में आटा चक्की से गल्ला चोरी, बाइक सवार दो अज्ञात फरार

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ। बड़ागांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरहुआ वाराणसी पुलिस चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित हरहुआ बाजार में रविवार की सुबह चोरी की एक घटना सामने आई, जिससे स्थानीय व्यापारियों में दहशत का माहौल है। आटा चक्की की एक दुकान से बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने लकड़ी की पेटी में रखा नकदी व महत्वपूर्ण कागजात चुरा लिए और बाबतपुर की ओर फरार हो गए।

मालूम हो कि हरहुआ बाजार में धरवीन्द जायसवाल की आटा चक्की की दुकान है। पीड़ित धरवीन्द जायसवाल प्रतिदिन की तरह रविवार को भी सुबह करीब 6 बजे दुकान खोलकर आटा पिसाई का कार्य कर रहे थे। सुबह लगभग 9 बजे वे पास की चाय की दुकान पर कुछ लोगों से मिलने चले गए। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति, जिनके चेहरे कपड़े से ढके हुए थे, दुकान के पास पहुंचे। एक व्यक्ति बाइक पर ही बैठा रहा, जबकि दूसरा व्यक्ति उतरकर सीधे दुकान के भीतर गया। आरोपी ने दुकान में रखी लकड़ी की पेटी को कपड़े में लपेटा और बाहर निकालने लगा। इस दौरान पड़ोस के एक दुकानदार की नजर उस पर पड़ गई। जब तक वह कुछ समझ पाता, आरोपी पेटी लेकर बाइक पर सवार हो गया और साथी के साथ तेज रफ्तार में बाबतपुर की दिशा में भाग निकला। पड़ोसी दुकानदार ने शोर मचाया और आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी।

शोर सुनकर जब धरवीन्द जायसवाल मौके पर पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। तत्काल उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तथा हरहुआ पुलिस चौकी का पैंथर दस्ता मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक पूछताछ की। इसके बाद पुलिस टीम वापस लौट गई।

# सड़क दुर्घटना में दंपति घायल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में चल रहा है इलाज

समाज जागरण

राजगढ़ मीरजापुर/ राजगढ़ थाना क्षेत्र के स्थानीय गाँव के बकहर पुल पर रविवार के शाम 4 बजे के लगभग बाइक सवार दंपति सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गयें। स्थानीय लोगों के मदद से एंबुलेंस बुलाकर राजगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहाँ इलाज किया जा रहा है।

30 वर्षीय महेश कुमार निवासी सिरसीया ,ककराही, सोनभद्र। अपने पत्नी मीना देबी को बाइक पर बैठाकर राजगढ़ क्षेत्र के रामपुर 38 गाँव में अपने ससुराल जा रहे थे।

जैसे ही राजगढ़ गाँव के बकहर पुल के पास पहुंचे, विपरीत दिशा से आ रही ट्रक से पास लेने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। सड़क पर गिरकर दंपति गंभीर रूप से घायल हो गये।

इस संबंध में सीएचसी के चिकित्सक संत लाल ने बताया कि मीना देवी को भर्ती करके इलाज किया जा रहा है। वही महेश कुमार को हल्की चोटें आई है। मलहम पट्टी करके छोड़ दिया गया है।

# राजगढ़ के रूद्रा इंटरनेशनल स्कूल इंदिरा नगर राजगढ़ में बड़े धुम-धाम से वार्षिक उत्सव हुआ संपन्न छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सबका मनमोहा

## मुख्य अतिथि ने कहा बच्चे देश के भविष्य है, देश का नवनिर्माण बच्चों पर आधारित है।

समाज जागरण

राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड क्षेत्र के राजगढ़ के इंदिरा नगर में स्थित रूद्रा इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में वार्षिक उत्सव रविवार के दोपहर बडे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रवीण सिंह पटेल (फुलपुर लोक सभा सीट प्रयागराज) व चेयरमैन अम्बरीश दूबे ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर फुल अर्पण दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रुद्राक्ष कार्यक्रम संपन्न हुआ।





विद्यालय के प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि सांसद प्रवीण सिंह पटेल व विशिष्ट अतिथि चेयरमैन अम्बरीश दूबे को माल्यार्पण कर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद विद्यालय के छात्र व छात्राओं के द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। छोटे बच्चों ने मोबाइल से होने वाले नुकसान के बारे में कार्यक्रम पेश करके लोगों को जागरूक किया। इसके अलावा बच्चों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम पेश किया और सभी को सम्मानित भी किया गया। जिसमें सबसे पहले बच्चों ने बंदना गीत प्रस्तुत किया, इसके बाद बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिवादन किया।

विद्यालय के बच्चों ने, विभिन्न-विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों व अतिथि गणों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही मुख्य अतिथि फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल ने कहा बच्चे देश के भविष्य है। देश का नवनिर्माण बच्चों पर आधारित है। बच्चों के शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। वही स्कूल के प्रबंधक श्रवण कुमार ने कार्यक्रम में सरीख होने वाले अतिथि गणों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा नेता राज बहादुर सिंह दिनेश वर्मा धर्मेंद्र सिंह विक्की सिंह धीरेंद्र सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार पाण्डेय अध्यापक व अध्यापिका व भारी संख्या में अभिभावक गण मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण से लेकर रोजगार सृजन तक, इलेक्ट्रिक वाहन भारत की अगली विकास गाथा को गति दे रहे हैं: डॉ. जितेंद्र सिंह

समाज जागरण

नई दिल्ली, 21 दिसंबरः आज भारत मंडपम में आयोजित इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) एक्सपो के अपने दौरे के दौरान, केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधानमंत्री कार्यालय में कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से लेकर रोजगार सृजन तक, इलेक्ट्रिक वाहन भारत की अगली विकास गाथा को गति दे रहे हैं।

मंत्री ने प्रदर्शकों से बातचीत की और घरेलू कंपनियों द्वारा प्रदर्शित इलेक्ट्रिक परिवहन समाधानों और मेक इन इंडिया ईवी उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला का अवलोकन किया।

अपने दौरे के दौरान, मंत्री ने प्रदर्शनी में कई स्टालों का दौरा किया और इलेक्ट्रिक वाहनों, पुर्जों और स्वच्छ गतिशीलता प्रौद्योगिकियों में भारतीय निमार्ताओं द्वारा की जा रही तीव्र प्रगति को सराहा। उन्होंने स्वदेशी ईवी कंपनियों के बढ़ते आत्मविश्वास और क्षमता की प्रशंसा करते हुए इस क्षेत्र को भारत के स्वच्छ, हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर संक्रमण का एक प्रमुख स्तंभ बताया।

मीडिया को संबोधित करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू से ही पर्यावरण संरक्षण और ई-मोबिलिटी के बारे में व्यापक जन जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया है, साथ ही वैश्विक स्तर पर उपलब्ध नए तकनीकी विकल्पों की भी चर्चा की है। उन्होंने कहा कि भारत न केवल इन वैश्विक नवाचारों से लाभान्वित हो रहा है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा और सतत परिवहन की दिशा में इस परिवर्तनकारी यात्रा में एक सक्रिय भागीदार के रूप में भी उभर रहा है।




मंत्री ने स्वच्छ ऊर्जा तंत्र में सुधारों और हालिया नीतिगत पहलों के बीच समानता बताते हुए कहा कि परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए शांति विधेयक, 2025 का पारित होना स्वच्छ और विश्वसनीय ऊर्जा स्त्रोतों को मजबूत करने के लिए सरकार के समग्र दृष्टिकोण को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी भी स्वच्छ ऊर्जा की ओर वैश्विक बदलाव के अनुरूप है और साथ ही भारत के विकासात्मक और पर्यावरणीय लक्ष्यों को पूरा करती है।

इलेक्ट्रिक वाहनों की उपयोगकर्ता-अनुकूल प्रकृति के बारे में बोलते हुए, डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि ईवी पारंपरिक वाहनों की तुलना में ड्राइविंग में काफी आसानी प्रदान करते हैं, जिनमें शारीरिक श्रम कम होता है और संचालन सरल होता है। उन्होंने ईवी की बहुपयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि एम्बुलेंस, ई-रिक्शा, यात्री वाहन और वाणिज्यिक उपयोगों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में इनका उपयोग बढ़ रहा है। इस प्रकार ये विविध परिवहन आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त हैं।

मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी न केवल परिवहन, पर्यावरण और स्वच्छ ऊर्जा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि विशेष रूप से युवाओं के लिए उद्यमिता, रोजगार और आजीविका का एक शक्तिशाली इंजन बनकर उभर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में निर्मित तंत्र ने युवा उद्यमियों को सरकार से तकनीकी और वित्तीय सहायता प्राप्त करते हुए मामूली निवेश के साथ इलेक्ट्रिक वाहन से संबंधित उद्यम शुरू करने और उन्हें कम समय में उच्च कारोबार वाले उद्यमों में बदलने में सक्षम बनाया है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में अवसरों के बारे में युवाओं के बीच जागरूकता और व्यापक पहुंच की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी नवाचार-आधारित विकास, आत्मनिर्भरता और सतत विकास का एक आशाजनक मार्ग है।

भारत मंडपम में आयोजित हो रहे ईवी एक्सपो में अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता, स्टार्टअप, प्रौद्योगिकी प्रदाता और नीतिगत हितधारक एक मंच पर एकत्रित हुए हैं ताकि नवाचारों का प्रदर्शन किया जा सके, विचारों का आदान-प्रदान किया जा सके और मेक इन इंडिया और विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप स्वच्छ और स्मार्ट मोबिलिटी की दिशा में भारत की प्रगति को गति दी जा सके।

# असम के नामरूप में यूरिया संयंत्र के भूमि पूजन के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का मूल पाठ

समाज जागरण

असम के गवर्नर लक्ष्मण प्रसाद आचार्य जी, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा जी, केंद्र में मेरे सहयोगी और यहीं के आपके प्रतिनिधि, असम के पूर्व मुख्यमंत्री, सबार्नंद सोनोवाल जी, असम सरकार के मंत्रीगण, सांसद, विधायक, अन्य महानुभाव, और विशाल संख्या में आए हुए, हम सबको आशीर्वाद देने के लिए आए हुए, मेरे सभी भाइयों और बहनों, जितने लोग पंडाल में हैं, उससे ज्यादा मुझे वहां बाहर दिखते हैं। सौलुंग सुकाफा और महावीर लसित बोरफुकन जैसे वीरों की ये धरती, भीमबर देउरी, शहीद कुसल कुवर, मोरान राजा बोडौसा, मालती मेम, इंदिरा मिरी, स्वर्गदेव सवार्नंद सिंह और वीरांगना सती साधैनी की ये भूमि, मैं उजनी असम की इस महान मिट्टी को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ।

मैं देख रहा हूँ, सामने दूर-दूर तक आप सब इतनी बड़ी संख्या में अपना उत्साह, अपना उमंग, अपना स्नेह बरसा रहे हैं। और खासकर, मेरी माताएँ बहनें, इतनी विशाल संख्या में आप जो प्यार और आशीर्वाद लेकर आईं हैं, ये हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, सबसे बड़ी ऊर्जा है, एक अद्भुत अनुभूति है। मेरी बहुत सी बहनें असम के चाय बगानों की खुशबू लेकर यहां उपस्थित हैं। चाय की ये खुशबू मेरे और असम के रिश्तों में एक अलग ही ऐहसास पैदा करती है। मैं आप सभी को प्रणाम करता हूँ। इस स्नेह और प्यार के लिए मैं हृदय से आप सबका आभार करता हूँ।

आज असम और पूरे नॉर्थ ईस्ट के लिए बहुत बड़ा दिन है। नामरूप और डिब्रुगढ़ को लंबे समय से जिसका इंतजार था, वो सपना भी आज पूरा हो रहा है, आज इस पूरे इलाके में औद्योगिक प्रगति का नया अध्याय शुरू हो रहा है। अभी थोड़ी देर पहले मैंने यहां अमोनियाझ्यूरिया फर्टिलाइजर प्लांट का भूमि पूजन किया है। डिब्रुगढ़ आने से पहले गुवाहाटी में एयरपोर्ट के एक टर्मिनल का उद्घाटन भी हुआ है। आज हर कोई कह रहा है, असम विकास की एक नई रफ्तार पकड़ चुका है। मैं आपको बताना चाहता हूँ, अभी आप जो देख रहे हैं, जो अनुभव कर रहे हैं, ये तो एक शुरूआत है। हमें तो असम को बहुत आगे लेकर के जाना है, आप सबको साथ लेकर के आगे बढ़ना है। असम की जो ताकत और असम की भूमिका ओहोम साम्राज्य के दौर में थी, विकसित भारत में असम वैसी ही ताकतवर भूमि बनाएंगे। नए उद्योगों की शुरूआत, आधुनिक कृषि के क्षेत्र में नए अवसर, टी-गार्डेन्स और उनके वर्कर्स की उन्नति, पर्यटन में बढ़ती संभावनाएं, असम हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। मैं आप सभी को और देश के सभी किसान भाई-बहनों को इस आधुनिक फर्टिलाइजर प्लांट के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएँ देता हूँ। मैं आपको गुवाहटी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल के लिए भी बधाई देता हूँ। बीजेपी की डबल इंजन सरकार में, उद्योग और कनेक्टिविटी की ये जुगलबंदी, असम के सपनों को पूरा कर रही है, और साथ ही हमारे युवाओं को नए सपने देखने का हौसला भी दे रही है। विकसित भारत के निर्माण में देश के किसानों की, यहां के अन्नदाताओं की बहुत बड़ी भूमिका है। इसलिए हमारी सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए दिन-रात काम कर रही है। यहां आप सभी को किसान हितैषी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कृषि कल्याण की योजनाओं के बीच, ये भी जरूरी है कि हमारे किसानों को खाद की निरंतर सप्लाई मिलती रहे। आने वाले समय में ये यूरिया कारखाना यह सुनिश्चित करेगा। इस फर्टिलाइजर प्रोजेक्ट पर करीब 11 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यहां हर साल 12 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा खाद बनेगी। जब उत्पादन यहीं होगा, तो सप्लाई तेज होगी। लॉजिस्टिक खर्च घटेगा।

नामरूप की ये यूनिट रोजगार-स्वरोजगार के हजारों नए अवसर भी बनाएगी। प्लांट के शुरू होते ही अनेकों लोगों को यहीं पर स्थायी नौकरी भी मिलेगी। इसके अलावा जो काम प्लांट के साथ जुड़ा होता है, मरम्मत हो, सप्लाई हो, कंस्ट्रक्शन का बहुत बड़ी मात्रा में काम होगा, यानी अनेक काम होते हैं, इन सबमें भी यहां के स्थानीय लोगों को और खासकर के मेरे नौजवानों को रोजगार मिलेगा।

आप सोचिए, किसानों के कल्याण के लिए काम बीजेपी सरकार आने के बाद ही क्यों हो रहा है? हमारा नामरूप तो दशकों से खाद उत्पादन का केंद्र था। एक समय था, जब यहां बनी खाद से नॉर्थ ईस्ट के खेतों को ताकत मिलती थी।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवकों द्वारा कोठारी बंधु शाखा पर, भव्य रूप से किया गया हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



ओबरा/ सोनभद्र। राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा नगर ओबरा के कोठारी बंधु शाखा के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय के प्रांगण में सकल हिंदू समाज जागरण हेतु हिंदू सम्मेलन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कोठरी बंधु शाखा पर निवास करने वाले स्वयंसेवक एवं जिला मंत्री (अनुसूचित मोर्चा) भाजपा इं० पंकज गौतम ने किया इं० गौतम ने कहा की हिंदू समाज को एकत्रित करने हेतु हमारे आस पास के रहने वाले सभी हिंदू परिवारों की समस्या को अपनी समस्या समझ कर कार्य करना होगा तथा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओबरा जिला के प्रचारक आलोक भाई ने कहा कि धर्मांतरण के गतिविधियों पर ध्यान देते हुए सकल हिंदू समाज को एकत्रित होना होगा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री विष्णु देव जी रहे तथा कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर प्रधानाध्यापक अखिलेश त्रिपाठी एवं सरस्वती विद्या मंदिर प्रधानाध्यापक बंसधारी यादव के नेतृत्व में छोटे बच्चों द्वारा समाज को संदेश देने हेतु पर्यावरण, मातृशक्ति एवं कुटुंब प्रबोधन विषयों पर नाट्य कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन श्री देवेंद्र आचार्य जी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कारवां रविंद्र, ओबरा मंडल के अध्यक्ष शिवनाथ जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष उमेश शुक्ला, सभासद दशरथ शुक्ला, पूर्व सभासद महेंद्र यादव, नारायण मंडल, राकेश, अजय, सर्वेश एवं सकल हिंदू समाज उपस्थित रहा।

# राजाराम महाविद्यालय में कम्बल वितरण कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर किया गया शुभारंभ

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**




सोनभद्र। जिलाधिकारी बी०एन० सिंह ने आज चोपन ब्लाक क्षेत्र के भरहरी गांव में राजाराम महाविद्यालय में कड़ाके की ठण्ड को देखते हुए कम्बल वितरण कार्यकम को दीप प्रज्जवलित कर व माँ सरस्वती जी के चित्र पर मल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर जिला धिकारी ने कहा कि कड़ाके की पड़ रही ठण्ड को देखते हुए कम्बल का वितरण तहसील क्षेत्रों में किया जा रहा है। गांव में ऐसे व्यक्ति का चिन्हांकन किया जाये जो असहाय व गरीब हैं, की स्थिति को देखते हुए कम्बल का वितरण किया जाये, जिससे कड़ाके की ठण्ड से किसी को परेशानी न होने पायें। उन्होंने प्रत्येक तहसील क्षेत्र में कम्बल का वितरण किया जाना है, इस कार्य के लिए गरीब व असहाय व्यक्तियों का चिन्हांकन करते हुए कम्बल का वितरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। कम्बल वितरण कार्यक्रम के मौके पर पूर्व सांसद रामसकल ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सांसद निधि से आवंटित धनराशि से विद्यालय का निर्माण व मरम्मत का कार्य कराया है। इसी प्रकार से मेडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेज को मान्यता के आधार पर विद्यालय प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहाकि विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को उच्च स्तर की शिक्षा के लिए बेहतर शिक्षा दिये जाने प्रयास किया जा रहा है, जिससे यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्रागण उच्च स्तर की शिक्षा के क्षेत्र में खुद को बेहतर साबित करने में सक्षम हों सकें। इस मौके पर पूर्व सांसद रामसकल, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकरी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी श्री विनय कुमार सिंह उपस्थित रहें।

## सुधांशु शर्मा को मिली प्रयागराज की नई जिम्मेदारी, भारतीय पत्रकार एसोसिएशन के बने जिलाध्यक्ष

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। भारतीय पत्रकार एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय चुनाव में प्रयागराज के पत्रकार सुधांशु शर्मा को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष चुना गया। पत्रकारिता जगत में उनकी निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार लेखनी को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। नियुक्ति के उपरांत



आयोजित सम्मान समारोह में सुधांशु शर्मा को माल्यार्पण कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। भारतीय पत्रकार एसोसिएशन की ओर से संयोजक अखिलेश मिश्रा एवं किशन पांडेय ने उन्हें पहचान पत्र व नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सुधांशु शर्मा के नेतृत्व में प्रयागराज में पत्रकारों के अधिकार, सुरक्षा और सम्मान को नई मजबूती मिलेगी तथा संगठन और अधिक सशक्त होगा। सम्मान समारोह में संपादक डॉ. पुनीत अरोड़ा, श्रीकांत शाह, अजय गुप्ता, राजेश कुमार यादव, संजीव गुप्ता एवं शशांक प्रजापति सहित अनेक वरिष्ठ पत्रकार और संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ और सभी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाई देते हुए संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चोपन स्थित प्रीत नगर गड़ईडीह में राम कथा आयोजन को लेकर समिति की बैठक सम्पन्न

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। आगामी 2 जनवरी को प्रीत नगर के गड़ई डीह में आयोजित होने वाली भव्य राम कथा के सफल आयोजन को लेकर श्री श्री रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विस्व हिंदु रक्षा परिषद के प्रदेश सचिव डॉ बृजेश सिंह ने किया जहां सर्वसम्मति से सुनील सिंह को श्री राम कथा आयोजन समिति का अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में राम कथा के आयोजन को सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने के उद्देश्य से साफ-सफाई, टेंट व्यवस्था, झालर व प्रकाश व्यवस्था, बिजली, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा तथा श्रद्धालुओं की सुविधा जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए और आयोजन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियाँ भी तय की गईं। पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि राम कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को संस्कार और एकता का संदेश देने का माध्यम है। उन्होंने सभी समिति सदस्यों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और आयोजन को अनुशासित एवं गरिमामय बनाने का आह्वान किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम स्थल पर समय से पूर्व साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी तथा श्रद्धालुओं के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रत्येक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही सजावट और प्रकाश व्यवस्था को आकर्षक रूप देने पर भी सहमति बनी। बैठक में प्रमुख रूप से बबलू सोनी, नागेश्वर प्रसाद गोंड़, जित्तू सिंह, दीनदयाल सिंह, अनील यादव, धर्मेंद्र जायसवाल, संतोष सिंह, अरविंद जायसवाल, प्रमोद वर्मा, रामबली राम, सोनू गुप्ता सहित पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी सदस्यों ने राम कथा को सफल बनाने का संकल्प लिया। संचालन विकास चौबे ने किया।

# पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सौजन्य से सूर्य नमस्कार महाकुंभ का हुआ भव्य समापन

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



ओबरा/ सोनभद्र। सूर्य नमस्कार महाकुंभ पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सौजन्य से बाबा रामदेव जी महाराज के शुभ आशिर्वाद से पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सदस्य एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी भाई रामवृक्ष यादव, कार्यक्रम प्रभारी एवं रमेश सिंह यादव समाज सेवी, के नेतृत्व में 21 दिसम्बर को सुबह 1.00 बजे बड़े ही धूमधाम उत्साह के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुद्धी तहसील नगर के नगर अध्यक्ष कमलेश मोहन, वशिष्ठ अतिथि पूर्व नगर अध्यक्षा श्रीमती दुर्गावती देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष उमाशंकर सिंह, सेंट जेवियर्स डाला के प्रधानाचार्य शंकर सिंह, जिला प्रभारी ममता जी, कोषाध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह, तहसील प्रभारी नरेंद्र सिंह, सदस्य सुमीत खत्री के द्वारा दिप प्रज्ज्वलित कर सूर्य नमस्कार का अभ्यास 200 छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें बालक वर्ग में कैरियर कान्वेंट एजुकेशन स्कूल ओबरा को प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान श्री सत्य ज्योति चुर्क, तृतीय स्थान शिशु शिक्षा मंदिर ओबरा को बालिका वर्ग में प्रथम स्थान राम विद्या मंदिर स्कूल ओबरा द्वितीय स्थान कैरियर कान्वेंट एजुकेशन स्कूल ओबरा को, तृतीय स्थान आर्य विद्या मंदिर स्कूल को मिला। सूर्य नमस्कार प्रदर्शन में 09 स्कूल भाग लिया जिसमें 200 बच्चों ने एक साथ सूर्य नमस्कार सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार योग आसन का प्रदर्शन किया। कैरियर कान्वेंट एजुकेशन स्कूल से ऋचा वर्मा, मिनाक्षी, विद्या मंदिर स्कूल की अध्यापिका कुमारी स्नेहा आस्था सुप्रिया जयसवाल, रूबी, रिसीता पूनम, विद्यावती, पिंकी के योग प्रशिक्षक जीतेन्द्र सिंह, लालजी शिवपूजन झा, नरेंद्र सिंह, बबलू देवेश कुमार सिंह, हरिवंश जी, रतन सक्सेना, धुरंधर शर्मा, राजाराम सिंह, महिला समिति में जिला प्रभारी ममता, रेनू सागर नीतू विश्वकर्मा, प्रांजलि श्रीवास्तव, अलका सक्सेना संजू श्रीवास्तव, ऊषा शर्मा, किरन, सृष्टि, नेहा सिंह, विशेष योग आसन प्रदर्शन का पुरस्कार रितिका प्रजापति को, प्रियंका सिंह को संचालन के तहसील प्रभारी प्रांजलि ने सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन वीरेंद्र योगी ने किया।

# पानी के अभाव में गेहूं की फसल हो रही प्रभावित, सोनपम्प नहर चलाने की मांग

## सिचाई विभाग ओबरा बांध खण्ड ओबरा जेई विशाल शर्मा की माने तो 22 दिसंबर से चालू होगी नहर

**ब्यूरो समाज जागरण**



गुरमा/ सोनभद्र। सदर विकास खण्ड क्षेत्र के सलखन न्याय पंचायत में पानी के अभाव में गेहूं की फसल अत्यधिक प्रभावित हो गई है, जिससे किसानों ने सिचाई विभाग ओबरा बांध प्रखंड ओबरा के सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से अविलंब मुख्य सोनपम्प नहर चालू कराने की मांग किया है। जबकि इस सम्बंध में मारकुंडी, केवटा, रजधन, पईका, भभाईच, सलखन, कुरुहुल इत्यादि क्षेत्र के किसानों ने बताया कि महिनों से नहर मेन्टेनेंस को लेकर बंद हो जाने माह दिसम्बर के दो सप्ताह भी बीत गये लेकिन अभी डिमांड के अभाव में मुख्य सोनपम्प नहर बंद होने से पानी के अभाव में गेहूं की फसल भी प्रभावित हो गई है।दर्जनों बार सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को अवगत कराने के पश्चात भी अभी तक नहर चालू नहीं किया गया है। जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है।क्षेत्रीय प्रबुद्ध किसानों ने जिला धिकारी से अविलंब मुख्य सोनपम्प नहर चालू कराने की माग किया है। इस सम्बंध में सिचाई विभाग ओबरा बांध खण्ड ओबरा जेई विशाल शर्मा से जानकारी चाही तो उन्होंने ने बताया कि सोन पंप नहर का संचालन मिजार्पुर नहर प्रखंड एवं बंधी प्रखंड द्वितीय के डिमांड के अनुरूप संचालित होता है अभी तक कोई भी डिमांड प्राप्त नहीं है इसलिए किसानों के हितो को ध्यान रखते हुए 22 दिसम्बर तक मुख्य सोनपम्प नहर चालू करा दिया जायेगा, जो

# शक्तिनगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, स्वर्णा भूषण लूट कांड का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत शक्तिनगर पुलिस को लूट के एक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटे गए आभूषण और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तारी 21 दिसंबर 2025 को सुबह 06:50 बजे मुखबिर की सूचना पर कोटा बोट प्वाइंट तिराहा से हुई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान 19 वर्षीय रोहित पुत्र राजेश राम निवासी बस स्टैंड काली मंदिर, शक्तिनगर, सोनभद्र के रूप में हुई। बता दे कि आरोपी थाना शक्तिनगर में पंजीकृत मुअ.सं-191/2025 से संबंधित लूट के अभियोग में वांछित था। पुलिस ने रोहित के पास से लूटे गए आभूषण बरामद किए। इनमें 6 चांदी की पायल, 9 चांदी की बिछिया, हनुमान जी छाप का 1 चांदी का लॉकेट, बच्चों के हाथ का 1 चांदी का कंगन और एक लाल रंग का ओप्पो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल फोन शामिल है। बरामद माल की अनुमानित कीमत लगभग 1,50,000 रुपये आंकी गईं है। पूछताछ में अभियुक्त रोहित ने बताया कि 15 नवंबर 2025 को बस स्टैंड काली मंदिर, शक्तिनगर क्षेत्र में एक सोनार से हुई लूट की घटना में ये आभूषण उसके हिस्से में आए थे। उसने यह घटना अपने साथियों रोशन, साजन और सोनू के साथ मिलकर अंजाम दी थी। रोहित ने सोनार की दुकान बंद होने के बाद उसके घर जाने की जानकारी अपने मोबाइल फोन से साथियों को दी थी, जिसके बाद उसके साथियों ने असलहे के बल पर सोनार से आभूषणों से भरा बैग लूट लिया था। घटना के बाद सभी आरोपी पैदल गली मार्ग से अपने-अपने घर चले गए थे। रोहित ने यह भी बताया कि उसके साथी रोशन और सोनू ने 29 नवंबर 2025 को नगर उटारी, जिला गढ़वा में भी इसी तरह की लूट की घटना को अंजाम दिया था, जिसमें गोली चलने की बात भी सामने आई है। बरामद माल को अभियुक्त बेचने की फिराक में था। गिरफ्तारी और बरामदगी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा अभियान के तहत सड़क किनारे वाहन खड़े करने पर सख्ती, ढाबा/होटल संचालकों के साथ समन्वय बैठक

**ब्यूरो समाज जागरण**




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद सोनभद्र में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सुगम यातायात व्यवस्था एवं आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर पूर्णतः अंकुश लगाना तथा सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में आज दिनांक 21.12.2025 को क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के नेतृत्व में थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत मुख्य मार्ग पर संचालित ढाबा एवं होटलों के मालिकों तथा प्रबंधकों के साथ एक समन्वयात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़ी गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान सभी ढाबा/होटल संचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि वे अपने प्रतिष्ठान पर पार्किंग व्यवस्था के लिए एक जिम्मेदार कर्मचारी की अनिवार्य तैनाती करेंगे, जो सड़क पर खड़े होने वाले वाहनों को तत्काल हटवाकर निर्धारित पार्किंग स्थल में सुरक्षित रूप से खड़ा कराएगा। यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी दशा में सड़क के किनारे वाहन खड़े नहीं होने चाहिए। यदि किसी ढाबा या होटल के सामने अथवा उसके आसपास सड़क किनारे वाहन खड़े पाए जाते हैं, तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित ढाबा/होटल संचालक की तय की जाएगी तथा यातायात नियमों के तहत आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसके अतिरिक्त उपस्थित संचालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि अवैध पार्किंग न केवल यातायात बाधित करती है, बल्कि गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बनती है। सभी से अपेक्षा की गई कि वे पुलिस प्रशासन का सक्रिय सहयोग करें तथा स्वयं भी अपने ग्राहकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें।

जनपद पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भविष्य में भी सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा अभियान के अंतर्गत इस प्रकार की बैठकों, जागरूकता कार्यक्रमों एवं सघन चेकिंग अभियान निरंतर जारी रखे जाएंगे, ताकि दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके और सुरक्षित, सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा

## बीजपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव स्पर्धा का समापन

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र समाज जागरण**



सोनभद्र। बीजपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, रिहंदनगर में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव स्पर्धा का भव्य समापन हुआ। स्कूल के छात्र सहित अध्यापक और अभिभावकों ने खेल उत्सव का लुफ्त उठाया। मुख्य अतिथि धन्वंतरि चिकित्सालय, एनटीपीसी की मुख्य चिकि त्साधिकारी डॉ. मोनिषा कुलश्रेष्ठ ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में डॉ. कुलश्रेष्ठ ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और खेल बच्चों में अनुशासन, टीम भावना व नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में सौ से अधिक छात्र-छात्राएं पुरस्कृत किए गए। समग्र प्रदर्शन के आधार पर अरविंद सदन को विजेता तथा श्रद्धानंद सदन को उपविजेता घोषित किया गया । कार्यक्रम के अंत में खेल ध्वज उतारकर उत्सव के समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# थाना रायपुर पुलिस को बड़ी सफलता: 09.200 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद, 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**ब्यूरो समाज जागरण**




खलियारी/सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक , अभिषेक वर्मा द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रायपुर पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। आज दिनांक 21.12.2025 को थाना रायपुर पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग/गश्त के दौरान बैनी बाजार में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चौखड़ा से लगभग 100 मीटर आगे नौगढ़-चंदौली मार्ग पर झाड़ियों के पास दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दो बैग लेकर खड़े हैं, जिनके पास मादक पदार्थ होने की संभावना है।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर समय करीब 11:35 बजे दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को झोला/बैग सहित पकड़ लिया गया। पूछताछ पर उन्होंने अपना नाम 01-यशवंत राव पुत्र बिहारी, उम्र लगभग 41 वर्ष, निवासी ग्राम तियरा, थाना शहाबगंज, जनपद चंदौली 02- इंद्रजीत यादव उर्फ चंदन यादव पुत्र दशरथ यादव, उम्र लगभग 19 वर्ष, निवासी ग्राम तियरा, थाना शहाबगंज, जनपद चंदौली बताया तथा स्वीकार किया कि उनके पास मौजूद बैग में मादक पदार्थ गांजा है, जिसे वे उड़ीसा से चंदौली ले जा रहे थे। तलाशी में दोनों अभियुक्तों के बैग से भूरे टेप से लिपटे कुल 09 बंडल में कुल 09.200 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना रायपुर पर मु0अ0सं0-169/2025 धारा 8/20/29 NDPS एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि वे पैसे के लालच में आनंद कुमार बनिया व मनोज कुमार बनिया, निवासी अम्बेडकर नगर सहाबगंज, थाना शहाबगंज, जनपद चंदौली के कहने पर उड़ीसा से गांजा लाकर सप्लाई कर रहे थे। उक्त लोग पुलिस से लुक छीप कर अपने सहयोगियों के माध्यम से गांजा की तस्करी कराते हैं।

# रायपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 16.515 लीटर नाजायज अंग्रेजी शराब बरामद, 03 अभियुक्त गिरफ्तार

**ब्यूरो समाज जागरण**




खलियारी/सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रायपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 20.12.2025 को उ0नि0 राहुल पाण्डेय मय हमराह हे0का0 कृष्णा राय व म0का0 आरती वर्मा द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग एवं अपराध नियंत्रण हेतु डोरिया चौराहे से रायपुर की ओर गश्त की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि दो पुरुष व एक महिला दो मोटरसाइकिलों से नाजायज अंग्रेजी शराब लेकर बैनी की ओर से आ रहे हैं, जिन्हें शीघ्र कार्रवाई कर पकड़ा जा सकता है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गई। कुछ ही समय पश्चात दो मोटरसाइकिलें आती दिखाई दीं, जिन्हें रोकने का प्रयास करने पर चालक डोरिया गांव की ओर मुड़ने लगे। पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए तीनों व्यक्तियों 01. धीरेन्द्र कुमार सिंह पुत्र स्व0 वैरिस्टर सिंह, निवासी विश्रामपुर, थाना शिवसागर, जिला रोहतास (बिहार) 02. राहुल कुमार यादव पुत्र शिवमंगल सिंह, निवासी धनकाढा, थाना ढोढण्ड, जिला रोहतास (बिहार) 03.पिंकी देवी पत्नी सत्येन्द्र विंद, निवासी विश्रामपुर, थाना शिवसागर, जिला रोहतास (बिहार) को पकड़ लिया गया। जिनके कब्जे से 48 टेट्रा पाउच (180 ML) ब्रांड 8 PM कुल 8.640 लीटर व 21 शीशी (375 ML) रॉयल स्टैग - कुल 7.875 लीटर ( कुल नाजायज अंग्रेजी शराब 16.515 लीटर) बरामद किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना रायपुर पर मु0अ0सं0-168/25 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित है। बरामद शराब के संबंध में अभियुक्तगण कोई वैध अनुज्ञा पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे उत्तर प्रदेश के शराब ठेकों से शराब खरीदकर बिहार में ऊँचे दामों पर बेचते थे, जिससे होने वाले लाभ को आपस में बाँट लेते थे।

# क्षेत्राधिकारी घोरावल द्वारा थाना घोरावल का अर्दली रूम आयोजित

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। क्षेत्राधिकारी घोरावल द्वारा थाना घोरावल पर अर्दली रूम आयोजित किया गया। अर्दली रूम के दौरान क्षेत्राधिकारी घोरावल द्वारा थाना स्तर पर किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर थाना घोरावल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान लंबित विवेचनाओं, पंजीकृत अभियोगों की प्रगति, निरोधात्मक कार्यवाहियों, वारंट/कुर्की की स्थिति, माल मुकदमाती के रख-रखाव, अपराध रजिस्टर, महिला एवं बाल अपराधों से संबंधित मामलों, साइबर अपराधों तथा जनसुनवाई प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की गहनता से समीक्षा की गई। क्षेत्राधिकारी घोरावल द्वारा निर्देशित किया गया कि लंबित विवेचनाओं का शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा अभियोगों में वांछित एवं फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। उन्होंने निरोधात्मक कार्यवाही, बीट पुलिसिंग, रात्रि गश्त एवं संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान, साइबर जागरूकता, यातायात व्यवस्था तथा आमजन से मधुर एवं संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी, अनुशासन एवं उच्च पेशेवर मानकों के अनुरूप करने के निर्देश भी दिए गए।

# ठाकुरगंज के शहरी क्षेत्र में प्री-टास एवं नाइट ब्लड सर्वे का शुभारंभ

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

फाइलेरिया एक ऐसा गंभीर मच्छर जनित रोग है, जो धीरे-धीरे व्यक्ति के शरीर को अंदर से कमजोर करता है और समय रहते पहचान न होने पर आजीवन अपंगता का कारण बन सकता है। हाथीपांव और हाइड्रोसील जैसी जटिलताएं केवल शारीरिक पीड़ा देती हैं, बल्कि प्रभावित व्यक्ति और उसके परिवार को सामाजिक-आर्थिक संकट में भी डाल देती हैं। इसी गंभीरता को देखते हुए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत इस रोग को जड़ से समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इसी क्रम में ठाकुरगंज प्रखंड के शहरी क्षेत्र गांधी नगर वार्ड संख्या-01 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में प्री टास एवं नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी ताराचंद धनुका, नगर परिषद ठाकुरगंज के अध्यक्ष सिकंदर पटेल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अखलाकुर रहमान एवं वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. मंजर आलम द्वारा किया गया।



**प्री टास और नाइट ब्लड सर्वे: उन्मूलन की वैज्ञानिक कसौटी**

वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. मंजर आलम ने कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि प्री टास वह वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से यह आकलन किया जाता है कि किसी क्षेत्र में फाइलेरिया संक्रमण का स्तर इतना कम हो चुका है या नहीं कि आगे के उन्मूलन चरण की ओर बढ़ा जा सके। इस प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा नाइट ब्लड सर्वे है, जिसमें रात्रि के समय चयनित व्यक्तियों के रक्त नमूनों की जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया के परजीवी रात के समय ही रक्त में सक्रिय अवस्था में पाए जाते हैं, इसलिए यह सर्वे संक्रमण की वास्तविक स्थिति जानने का सबसे विश्वसनीय तरीका माना जाता है।

**उद्घाटन के साथ दिव्यांग प्रमाण पत्र का वितरण**

भीबीडीसी सलाहकार अविनाश रॉय ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए पात्र लाभुकों के बीच दिव्यांग प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया। इससे लाभुकों को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेने में सहूलियत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण का सकारात्मक उदाहरण बताया।

**भविष्य की पीढ़ी को सुरक्षित करने की दिशा में कदम**

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि फाइलेरिया एक धीमा लेकिन अत्यंत घातक रोग है, जो व्यक्ति की कार्यक्षमता और जीवन की गुणवत्ता को पूरी तरह प्रभावित कर देता है। प्री टास और नाइट ब्लड सर्वे यह सुनिश्चित करने की वैज्ञानिक प्रक्रिया है कि क्षेत्र में संक्रमण की श्रृंखला टूट चुकी है या नहीं। इस सर्वे की सफलता से आने वाली पीढ़ियों को फाइलेरिया जैसी बीमारी से स्थायी राहत मिलेगी। आमजन का सहयोग और जागरूकता इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत है।

**जनसहभागिता से ही मिलेगा स्थायी समाधान**

जिलाधिकारी विशाल राज ने कार्यक्रम को फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि फाइलेरिया केवल स्वास्थ्य विभाग की चुनौती नहीं, बल्कि यह सामाजिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी भी है। प्री टास और नाइट ब्लड सर्वे के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारे जिले के नागरिक एक गंभीर और आजीवन पीड़ा देने वाले रोग से मुक्त हों। आमजन से अपील है कि वे सर्वे टीमों को पूरा सहयोग दें, ताकि ठाकुरगंज सहित पूरा जिला फाइलेरिया मुक्त बन सके।

**समाज की भागीदारी जरूरी**

कार्यक्रम में समाजसेवी ताराचंद धनुका ने कहा कि फाइलेरिया जैसे रोग से लड़ाई केवल सरकारी प्रयासों से नहीं जीती जा सकती। इसमें समाज, स्थानीय प्रतिनिधियों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। प्रीटास और नाइट ब्लड सर्वे के माध्यम से हम अपने क्षेत्र को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की ओर ले जा सकते हैं।

भीबीडीसीओ डॉ. मंजर आलम ने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे के दौरान प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा तय मानकों के अनुसार सैंपल लिए जा रहे हैं और डेटा की शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया यह प्रमाणित करती है कि फाइलेरिया का संचरण वास्तव में नियंत्रित हो चुका है या नहीं।कार्यक्रम के दौरान लोगों को यह भी समझाया गया कि सर्वे के दौरान किसी प्रकार का भय या भ्रम न रखें और स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें। सही जानकारी और जागरूकता से ही फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

**फाइलेरिया मुक्त ठाकुरगंज की ओर मजबूत कदम**

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अखलाकुर रहमान ने बताया कि प्री टास एवं नाइट ब्लड सर्वे का यह शुभारंभ ठाकुरगंज को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और निर्णायक कदम माना जा रहा है। प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और समाज की संयुक्त सहभागिता से यह उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले समय में यह क्षेत्र इस गंभीर रोग से पूरी तरह मुक्त हो सकेगा।

# सशस्त्र सीमा बल का 62वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के काला पहाड़ स्थित कैंप में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का 62वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 29वीं बी कंपनी परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बल के अधिकारियों, जवानों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।कार्यक्रम का उद्घाटन 29वीं बी कंपनी के असिस्टेंट कमांडेंट शिवराम कृष्णा, कमांडेंट मधुकर अमिताभ एवं हरिहर उरदाना पंचायत के मुखिया प्रमोद यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर असिस्टेंट कमांडेंट शिवराम कृष्णन ने एसएसबी के गौरवशाली इतिहास एवं राष्ट्र की सुरक्षा में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। अधिकारियों ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि एसएसबी देश की सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति, सद्भाव और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।



# हत्या के प्रयास मामले में फरार 7 अभियुक्तों के घर चिपकाया गया इश्तेहार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के परमेश्वरी गांव में हत्या के प्रयास के एक गंभीर मामले में फरार चल रहे 7 अभियुक्तों के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। ये अभियुक्त सिकंदर यादव, कमलेश यादव, लल्लू यादव, राकेश कुमार सिंह, जितेंद्र यादव, मुकेश कुमार एवं क्लेन्द्र यादव हैं और परमेश्वरी गांव के रहने वाले हैं।माली थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि इन अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व में ही मामला दर्ज किया गया था, लेकिन बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद वे न्यायालय या थाना में उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद न्यायालय से प्राप्त आदेश के आलोक में यह कार्रवाई की गई है।थानाध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि इश्तेहार चिपकाने के बावजूद यदि अभियुक्त तय समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस लगातार उनलोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।



# पटना पुलिस ने किया टॉप 10 अपराधकर्मी को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मनेर थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला टॉप-10 अपराधकर्मी को पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी आकाश कुमार लंबे समय से पुलिस की रडार पर था और कई मामलों में फरार चल रहा था।



जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि माधोपुर गांव में एक व्यक्ति खुलेआम फायरिंग कर अपने वर्चस्व का प्रदर्शन कर रहा है। सूचना की पुष्टि होते ही पटना पश्चिमी सिटी एसपी के निर्देश पर मनेर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। थानाध्यक्ष मनेर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी कर माधोपुर गांव निवासी भगवान साह के पुत्र आकाश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। इस मामले में मनेर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्यवाई की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ पहले से ही मनेर थाना में मामला दर्ज है जो गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था।

# साफ-सफाई और नाली की समस्या झेल रहा नगर पंचायत नबीनगर के वार्ड 3 का पंडा मोहल्ला

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नगर पंचायत नबीनगर का वार्ड 3 स्थित पंडा मोहल्ला साफ-सफाई से उपेक्षित है, जहां गली में नाली निर्माण न होने के कारण नाली का गंदा पानी गलियों में बहता है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि शायद ही कभी साफ-सफाई होती है और झाड़ू लगता है, जिससे गंदगी और जलजमाव की समस्या बनी रहती है। नाली निर्माण न होने के कारण घरों का का पानी गलियों में बहता है साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था नहीं है।इस संबंध में मोहल्ला के निवासी मनोज पंडा ,गुड्डू पंडा, परशुराम पंडा,अनिरुद्ध पंडा सरजू पांडा,महेश पंडा,तिवारी पंडा चंचला देवी ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा गली में झाड़ू नहीं लगता है।नाली न बनने के कारण पानी गाली में बहता रहता है।लोगो ने बताया कि वर्षा के दिनों में स्थिति काफी भयावह हो जाती है।मोहल्ले के लोगों की मांग है कि नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए नाली निर्माण कराया जाए।लोगो ने आरोप लगाया कि जन प्रतिनिधि का इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं है।



# शिक्षक और कमरों का अभाव झेलता नबीनगर का उर्दू मध्य विद्यालय परसिया

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नगर पंचायत क्षेत्र नबीनगर के वार्ड दो में स्थित उर्दू मध्य विद्यालय परसिया विषयवार शिक्षकों और वर्ग कक्षा संचालन के लिए कमरो का अभाव झेल रहा है।प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि इस विद्यालय में वर्ग 1 से वर्ग 8 तक नामांकित छात्र एवं छात्राएं है।वही 269 नामांकित छात्रों के लिए प्रधानाध्यापक सहित कुल चार शिक्षक है। कार्यालय कक्ष और किचन को छोड़कर वर्ग कक्षा संचालन के लिए कुल पांच कमरे हैं। उन्होंने बताया कि तीन और कमरों को विभाग द्वारा बनवाया जा रहा है जो निर्माण की प्रक्रिया में है।प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में कंप्यूटर , आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लासेज की आवश्यकता जताई। साथ ही बच्चों के लिए खेल सामग्री की आवश्यकता जताते हुए कहा कि खेल से बच्चों को बौद्धिक विकास के साथ शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। प्रधानाध्यापक द्वारा यह भी बताया गया कि विद्यालय में मध्याह्न भोजन एनजीओ द्वारा आपूर्ति की जाती है। विद्यालय में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था और दो शौचालय है। जबकि दो और शौचालय की आवश्यकता है। वहीं सुरक्षा के लिए विद्यालय की चहारदीवारी की आवश्यकता जताई है। विद्यालय की साफ सफाई अच्छी है। वैसे सीमित संसाधनों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रयास विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है।



# झारखंड के सिंहभूम में सम्मोहिनी विद्या के प्रयोग कर लड़की भगा रहे नबीनगर के दो लोग गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) झारखंड राज्य में पूर्वी सिंहभूम जिले के चकौडिया थाना क्षेत्र के भटकुंडा में सम्मोहन विद्या के प्रयोग कर महिलाओं को भगाने के आरोप में नबीनगर के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।मिली जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति साधु के वेश में कुछ महिलाओं को सम्मोहिनी तंत्र का प्रयोग कर साथ में ले जा रहे थे ।इसी बीच कुछ लोगों ने देख लिया और पकड़ कर मारपीट किया और पुलिस को हवाले कर दिया।वहीं पुलिस द्वारा पूछ ताछ के क्रम मे दोनों द्वारा अपना नाम व पता प्रफुल पंडा और देवानंद पंडा बिहार के औरंगाबाद जिले के नबीनगर बताया गया। वहीं इस घटना की जानकारी लेने के लिए पत्रकारों के दल ने उक्त दोनों के घर पर पूछ ताछ किया तब दोनों को गिरफ्तार किए जाने की घर वालों द्वारा पुष्टि हुई। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 3 के निवासी देवानंद की बड़ी बहन चंचला ने बताई कि रविवार को सुबह गिरफ्तारी का फोन आया था। देवानंद बिल्लू पंडा का पुत्र है जबकि प्रफुल की माता डाखो देवी ने बताई कि शनिवार को गिरफ्तार किया गया था और आज छोड़ दिया गया है।वैसे घरवालों की बात से स्पष्ट हो रहा था कि वे लोग पूरी तरह से सच्चाई छुपा रहे हैं।वहीं घरवाले और मोहल्ला वाले के अनुसार पंडा समाज के अधिकांश पुरुष और महिला कई राज्यों घूमकर घूमकर यजमानी ,पंचांग देखने और पूजा पाठ कराने के काम में लगे रहते है। घरवाले किसी भी तरह की तंत्र विद्या की जानकारी होने से इनकार किया।



# पटना में नकली विदेशी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के जगदंबा कॉलोनी, खेमनीचक स्थित एक मकान में लॉज की तरह बनाए गए कमरों में नकली शराब की फैक्ट्री चलाई जा रही थी। मद्य निषेध विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में निर्मित व अर्धनिर्मित नकली शराब, केमिकल, स्प्रिट, बोतल, ढक्कन, रैपर, क्यूआर कोड, स्टिकर और पैकिंग मशीन बरामद की है। मध्य निषेध विभाग के अधिकारी प्रेम कुमार के अनुसार यहां नामचिन ब्रांडेड कंपनियों की शराब बनाने के लिए हाइड्रोमीटर का इस्तेमाल किया जा रहा था। जिससे शराब की स्ट्रैंथ नापकर उसे असली जैसा तैयार किया जाता था। रॉयल स्टैग, रॉयल ग्रीन, सिग्नेचर, आफ्टर डार्क, ब्लेंडर, एट पीएम ,इम्पीरियल ब्लू, ब्लैक डॉग जैसी ब्रांडेड कंपनियों की पूरी पैकिंग व्यवस्था मौके पर मिली है। मद्य निषेध विभाग के निरीक्षक अजीत कुमार के नेतृत्व में की गई छापेमारी में 53.100 लीटर स्प्रिट, 4.000 लीटर केमिकल, 59.415 लीटर बना हुआ शराब, 1550 खाली बोतल, 2500 ढक्कन, 2000 क्यूआर कोड और 1000 स्टिकर बरामद किए गए हैं। इसके अलावा शराब बनाने की मशीन और पैकिंग से जुड़ी सामग्री भी जब्त की गई है। निरीक्षक अजीत कुमार ने बताया कि हाइड्रोमीटर का उपयोग कर नकली शराब को इस तरह तैयार किया जा रहा था कि किसी को शक न हो। केमिकल मिश्रण से बनी इस शराब का सेवन जानलेवा हो सकता था। काफी दिनों से यहां अवैध रूप से फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। छापेमारी की भनक लगते ही शराब माफिया मौके से फरार हो गए। जिस कारण किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। जिस कमरे में फैक्ट्री चल रही थी उसे सिलबंद कर दिया गया है। यह पता लगाया जा रहा है कि मकान किसके नाम पर किराए पर लिया गया था और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं।



# पटना में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## 1000 लीटर जावा महुआ विनष्ट, महिला सहित दो गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी की गई। जिसके दौरान करीब 1000 लीटर जावा महुआ को मौके पर ही विनष्ट किया गया। साथ ही लगभग 65 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक महिला एवं एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया है। थाना अध्यक्ष अफसर हुसैन ने बताया कि हसनपुरा में लंबे समय से बड़े पैमाने पर देसी शराब बनाने का अवैध धंधा चल रहा था। छापेमारी के दौरान शराब निर्माण में प्रयुक्त भारी मात्रा में सामग्री को भी नष्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से इलाके में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



# हत्या के प्रयास मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के माली थाना पुलिस ने सोरी गांव से छापेमारी कर हत्या के प्रयास मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सोरी गांव निवासी छोटु ठाकुर पिता सुदामा ठाकुर और सुरेंद्र ठाकुर पिता नन्ह्क ठाकुर के रूप में हुई है। माली थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ माली थाना कांड संख्या 205/25 दिनांक 14/11/25 धारा - 127(2)/ 115 (2)/ 118(1)/109/351(2),(3)/352/3(5) B.N.S के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



# पटना पुलिस ने किया 148 ग्राम स्मैक के साथ एक ऑटो चालक को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के नौबतपुर थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के आजाद नगर गांव के पास से एक ऑटो चालक को 148 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। साथ ही ऑटो को भी जप्त की गई है।

जानकारी के अनुसार पटना जिले के फुलवारी शरीफ की ओर से एक ऑटो नौबतपुर की ओर आ रही थी। उसी दौरान नौबतपुर थाना क्षेत्र के आजाद नगर गांव के पास पुलिस ने संदेह कर ऑटो को रोककर तलाशी लिया। जिसके दौरान ऑटो से 148 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। जिसे देख पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही ऑटो को जप्त कर पुलिस थाने लाई है। गरफ्तार ऑटो चालक की पहचान फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के राष्ट्रीयगंज निवासी गुड्डू कुमार के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस ने बताया कि जप्त स्मैक की अनुमानित कीमत 70 हजार रुपये होगी। इस मामले प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्यवाई की जा रही है। वही पता लगाई जा रही है कि इस तरह की तस्करी में कौन कौन से लोग शामिल है।



# पटना पुलिस ने किया लूटपाट करने वाले गिरोह का खुलासा, एक गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के रामकृष्णानगर, कंकड़बाग और आसपास के थाना क्षेत्रों में पिछले करीब दस दिनों से रैपिडो बुकिंग के नाम पर रात में मोबाइल व नकदी लूटने की लगातार घटनाएं सामने आ रही थीं। इन वारदातों से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ था। पुलिस की कार्रवाई में शनिवार और रविवार की रात एक युवक को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान सोनू कुमार, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता रामप्रवेश राम, निवासी सुंदर बिगहा, थाना नूरसराय, जिला नालंदा के रूप में हुई है। आरोपी के पास से छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इसके अलावा वह मोबाइल भी मिला है, जिसमें लूट की रकम फोन-पे के माध्यम से ट्रांसफर की गई थी। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन, एक चाकू, बाइक की चाबी तथा एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, रजिस्ट्रेशन नंबर BR01JP 6570 बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार इसी बाइक का इस्तेमाल लूट की घटनाओं में किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि आरोपी रैपिडो बुकिंग के जरिए लोगों को सुनसान जगह पर बुलाता था और फिर चाकू दिखाकर मोबाइल व रुपये लूटकर फरार हो जाता था। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर उसके अन्य साथियों और गिरोह से जुड़े नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है। फिलहाल आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि इस गिरफ्तारी के बाद इलाके में हुई लूट की कई घटनाओं का खुलासा होने की उम्मीद है।



# नबीनगर में तीन लोगों के घर पर पुलिस ने किया इशितहार तामिला

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर थाना पुलिस ने फरार चल रहे तीन अभियुक्तों के घर पर कोर्ट से निर्गत इश्तेहार तमिल किया है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि थाना क्षेत्र के मैगरा गांव निवासी अनूप सिंह, जैतिया सिमरी गांव निवासी संजय सिंह और जनार्धन सिंह के घर पर कोर्ट से निर्गत विधिवत इश्तिहार तामिला किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों पर कोर्ट से वारंट निर्गत था गिरफ्तारी के भय से तीनों फरार चल रहे थे।तीनों को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा गया है कि वे कोर्ट या थाना में आत्मसमर्पण करे अन्यथा कोर्ट के आदेश पर पुलिस द्वारा कुर्की जप्ती की कारवाई की जाएगी।



# आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 23-24 दिसंबर, 2025 को 'पेसा महोत्सव' का भव्य आयोजन किया जाएगा

पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 (पेसा) के लागू होने की वर्षगांठ के अवसर पर लोक संस्कृति के उत्सव के रूप में दो दिवसीय ह्यपेसा महोत्सवह्न का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 23 और 24 दिसंबर, 2025 को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित होगा। पेसा अधिनियम की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 24 दिसंबर को ह्यपेसा दिवसह्न भी मनाया जाएगा। आंध्र प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री श्री कोनिदाला पवन कल्याण महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। पंचायती राज मंत्रालय के केंद्रीय सचिव विवेक भारद्वाज इस अवसर पर केंद्र तथा राज्य सरकारों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इस आयोजन में पंचायत प्रतिनिधियों, खिलाड़ियों और सांस्कृतिक कलाकारों सहित सभी 10 पेसा राज्यों से लगभग 2,000 प्रतिनिधियों के भाग लेने की आशा है।

पेसा से संबंधित कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय गतिविधियों का शुभारंभ 24 दिसंबर, 2025 को किया जाएगा। इनमें सूचना के प्रभावी प्रसार और पेसा के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए पेसा पोर्टल, राज्यों में कार्यान्वयन की प्रगति का आकलन करने हेतु पेसा संकेतक, जागरूकता बढ़ाने व जमीनी स्तर पर क्षमता निर्माण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जनजातीय भाषाओं में पेसा पर प्रशिक्षण मॉड्यूल तथा हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले पर आधारित एक ई-पुस्तक शामिल है, जिसमें क्षेत्र के पारंपरिक ज्ञान, संस्कृति एवं विरासत का दस्तावेजीकरण किया गया है। उत्सवों के तहत आंध्र प्रदेश की पेसा ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें भाग लेने वाले राज्यों के निर्वाचित प्रतिनिधि दस चिन्हित पेसा विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके अतिरिक्त, 24 दिसंबर को सभी दस पेसा राज्यों में भी विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी, जिनका मुख्य उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी को सुदृढ़ करना, प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षण देना, पारंपरिक रीति-रिवाजों की रक्षा, आजीविका के अवसरों का विस्तार करना और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना है।

# मौसम के बदले मिजाज ने जनजीवन को किया प्रभावित, गिरते तापमान से बढ़ी ठंड

## ठंडजनित समस्याओं से जूझ रहे गरीब व साधनहीन परिवार

**पंकज कुमार पाठक,
समाज जागरण**

पदमा -प्रखंड क्षेत्र में मौसम के अचानक बदले मिजाज ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। बीते शनिवार से ही क्षेत्र घने कोहरे की चपेट में है, जिससे तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। ठंड में अप्रत्याशित बढ़ोतरी के कारण लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है।



सुबह और शाम के समय कोहरा इतना घना हो जाता है कि सड़कों पर दृश्यता काफी कम हो जाती है। इसके चलते आवागमन धीमा हो गया है और लोग आवश्यक कार्यों को छोड़कर घरों में ही रहने को मजबूर हैं। ठंड और कोहरे का असर खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों पर अधिक देखा जा रहा है।

इस बदले मौसम का प्रभाव सभी वर्गों पर समान नहीं है। जहां सुविधा सम्पन्न लोगों को ठंड से बचाव के पर्याप्त साधन उपलब्ध हैं, वहीं गरीब और साधनहीन परिवारों के लिए यह मौसम भारी परेशानी का कारण बन रहा है। गर्म कपड़ों की कमी के कारण कई परिवार ठंड से बचाव के लिए अस्थायी उपायों पर निर्भर हैं, जिससे ठंडजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

प्रखंड क्षेत्र में अब तक ठंड से निपटने के लिए कोई ठोस तैयारी दिखाई नहीं दे रही है। सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है और न ही जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबल वितरण शुरू हो सका है। कुछ सामाजिक संगठनों को छोड़ दिया जाए तो इस दिशा में किसी संस्था द्वारा अब तक कोई विशेष पहल नहीं की गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र ही ठंड से राहत के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए ठंड का यह दौर कठिन साबित हो रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट आने की संभावना है, जिससे ठंड का प्रकोप और बढ़ सकता है। ऐसे में प्रशासन और सामाजिक संगठनों से मांग की जा रही है कि समय रहते ठंड से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके।

# हजारीबाग में सुरों की सरिता: 'एक शाम धर्मेंद्र के नाम' कार्यक्रम में यादों के झरोखे से जीवंत हुए धर्मेंद्र

**मिंटू कुमार दैनिक समाज
जागरण हजारीबाग**

तरंग ग्रुप और लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोरिंग के संयुक्त तत्वावधान के साथ आदित्य विजन के सहयोग से 'एक शाम धर्मेंद्र के नाम' का आयोजन आज प्रधान कैफेटेरिया के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में न केवल दर्शकों का मन मोहा, बल्कि कला जगत की एक महान विभूति को भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की। आदित्य विजन द्वारा प्रायोजित इस गरिमामयी समारोह में हजारीबाग की संगीत जगत से जुड़ी हस्तियों ने अपनी प्रस्तुतियों से पूरे माहौल को सुरमयी बना दिया।




कला ही कलाकार को अमर बनाती है। संस्था के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते भावुक होते हुए कहा, "धर्मेंद्र जी का व्यक्तित्व एक खुली किताब की तरह था, जिसमें कला के प्रति समर्पण और सबके लिए प्रेम भरा था। आज भले ही वे हमारे बीच भौतिक रूप से नहीं हैं, लेकिन संगीत और कला के रूप में वे हमेशा जीवित रहेंगे। तरंग ग्रुप का यह प्रयास है कि हम अपनी जड़ों से जुड़े रहें और स्थानीय कलाकारों को वह सम्मान दिलाएं जिसके वे हकदार हैं। लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोरिंग के अध्यक्ष राजीव आनंद ने कहा कि समाज के विकास में कला का बहुत बड़ा योगदान होता है। लायंस क्लब केवल सेवा कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की सांस्कृतिक आत्मा को जीवित रखना भी हमारी प्राथमिकता है। वहीं स्वाति वर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से शहर की युवा प्रतिभाओं को एक ऐसा मंच मिलता है जहाँ वे अपनी भावनाओं को स्वर दे सकें। उन्होंने महिला कलाकारों की बढ़-चढ़कर भागीदारी की भी सराहना की। गूंज स्टूडियो के निदेशक ने कला की बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "एक कलाकार को तराशने में मंच और सही तकनीक का बड़ा हाथ होता है। हजारीबाग में प्रतिभाओं की खान है, और गूंज स्टूडियो हमेशा से इन आवाजों को बुलंद करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। धर्मेंद्र जी के प्रति यह संगीतमय श्रद्धांजलि इस बात का प्रमाण है कि शहर के कलाकार अपनी विरासत का सम्मान करना जानते हैं।"कार्यक्रम की शुरूआत धर्मेन्द्र को पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि के साथ हुई। इसके बाद एक-एक कर शहर के बेहतरीन गायकों और कलाकारों ने धर्मेंद्र जी के प्रिय गीतों और उनके जीवन को समर्पित रचनाओं की प्रस्तुति दी। गायकों की सुरीली आवाज और वाद्य यंत्रों की गूंज ने कैफेटेरिया के प्रांगण में मौजूद हर शख्स को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में न केवल पुराने गीतों का जादू बिखरा, बल्कि नई पीढ़ी के कलाकारों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन कर वाहवाही बटोरी। जिसमें प्रमुख रूप से सुबोध सिन्हा,माथुर साहब, राजीव मिश्रा,बबलू सिन्हा,मनोज ,राज कुमार वर्मा, अखिलेश वर्मा, सोनू कुमार ,करण पांडेय,आकाश चौबे, शशिकांत सिन्हाः मोहम्मद वाशिम( सैक्सोफोन आर्टिस्ट), सुरेन्द्र सुदेश,राहुल कुमार दास, राजपाल नारायण,अभय ,आशीर्वाद आनन्द ,इस कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रधान कैफेटेरिया के संचालक प्रभात प्रधान ,भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव,भैया अभिमन्यु,मुन्नू सिन्हा,दीपक नाथ सहाय,सांसद मीडिया प्रभारी राजन चौधरी,उमेश राणा,संतोष कुमार,हीरो महतो,दीपक घोष,दीपशिखा,अजय गुप्ता, देवेंद्र गोस्वामी, ज्योत्सना देवी,बद्री राम,ज्ञान प्रकाश,राजमोहन वर्मा,मिथलेश सिन्हा,अगस्त्य कुमार , ओम शंकर,अमिताभ,दीपक झा,मनोज पूरी,चंदन कुमार,सतीश ,रामचंद्र यादव,विनीत जैन, विकास वर्मा एवं अन्य गणमान्य अतिथियो की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस विशेष संध्या में शहर के प्रबुद्ध नागरिक, समाजसेवी, बुद्धिजीवी और बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित थे। आदित्य विजन के प्रतिनिधियों ने भी इस आयोजन की भव्यता की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति द्वारा सभी सहयोगियों और कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गयाअमित कुमार गुप्ता निर्देशक तरंग ग्रुप हजारीबाग

# राजनीतिक दल नहीं देते संख्या के अनुसार कुशवाहा को राजनीतिक भागीदारी - राजू महतो

**मिंटू कुमार समाज जागरण**

हजारीबाग । यह संबोधन कुशवाहा मिलन समारोह के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजू महतो ने कही। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 21 दिसंबर 2025 को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का मिलन समारोह हुआ संपन्न। सैकड़ो की संख्या में पहुंचे प्रमुख कार्यकर्ता एवं महिलाओं ने मिलन समारोह में भाग लिया। मिलन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राजू महतो विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सचिव विनोद कुशवाहा एवं झारखंड प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य नंदकिशोर मेहता, प्रदेश महासचिव प्रभु दयाल कुशवाहा ,प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार, अधिवक्ता और कुशवाहा समाज के निशांत कुमार कुशवाहा नें अपनी बात रखी और समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान को आगे बढाने का संकल्प लिया । सैकड़ो की संख्या में कुशवाहा समाज के महिला पुरुषों ने मिलन समारोह में पहुंचकर एक जुटता का परिचय दिया ।



जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार कुशवाहा ने समारोह की अध्यक्षता की और अपने संबोधन में कहा कुशवाहा समाज अब जाग गया है। आने वाले दिनों में हम मजबूती से राजनीतिक भागीदारी की लड़ाई जारी रखेंगे। आगे कहा अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा भारत में कुशवाहा को जागृत करने के लिए वचनबद्ध है। इस बैनर के तले कुशवाहा समाज जागरूक हो रहा है । आज के मिलन समारोह की मुख्य की मुख्य जिम्मेवारी प्रदेश उपाध्यक्ष और अमृत नगर निवासी पंचायत के मुखिया दिनेश कुमार कुशवाहा और जिला कोषाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा ने बखूबी निभाई। मिलन समारोह में बड़ी संख्या में कुशवाहा समाज के लोग उपस्थित हुए और अपने-अपने विचार को आदान-प्रदान किया जिसमें हजारीबाग जिले के तमाम प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड सचिव कार्यकारिणी के सभी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग जिले के और उत्तरीछोटानागपुर प्रमंडल के प्रमुख कुशवाहा परिवार के सदस्य गण शामिल हुए और अपने-अपने विचार से समाज को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण विचारों को आदान-प्रदान किया।

# ऊपरघाट में शहीद कैलाश महतो का 49वाँ शहादत दिवस मनाया गया

**भुनेश्वर कुमार महातो,
संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / ऊपरघाट : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित कैलाश स्मारक उच्च विद्यालय प्रागंण में अंचल कमिटी भाकपा के द्वारा शहीद कैलाश महतो 49वाँ शहादत दिवस मनाया गया । कार्यक्रम की शुरूआत कैलाश महतो के प्रतिमा व झंडोत्तोलन कर किया गया । शहादत दिवस समारोह के मुख्यअतिथि भाकपा के हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 130 से अधिक रेलवे स्टेशन , दर्जनों हवाई अड्डा बंगाल से लेकर गुजरात तक बंदरगाह कई कारखाना पूंजीपतियों अडानी और अंबानी के हाथों बेच कर देश को 130 करोड़ का कर्ज लाद दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी का केन्द्र सरकार पुरी तरह मंहगाई को काबू पाने में बिफल



रहा है ,वही किसानों के प्रति काफी उदासनिता काम कर रही है । आम जनता को परेशानियाँ हो रही है तो पूँजी-पति वर्ग के लोग मजे में जी रहे हैं । सरकार की घुलमुल नीतियों के बिरोध गोलबंध होकर आवाज बुंलद करने की आवश्यकता है श्री मेहता ने कहा कि गरीब किसान का दुश्मन महाजनी पूँजीपति थे लेकिन अब राज्य के अफसर हो गया है। राज्य में कोयला बालू की तस्करी धड़ले से जारी है जिसे प्रदेश के नीचे से ऊपर के पदाधिकारी माला-माल हो रहा है। हमारे पार्टी में शहादत देने के लिए कतार लगी है। महाजनी , पूंजीवादी आदि जुल्म के खिलाफ लड़ाई के लिए अगर शहादत देने की जरूरत पड़ी तो भाकपा के एक एक कार्यकर्ता तैयार रहेगी। ,वही प्रदेश की हेमंत सरकार को आड़े हाथों लेते हुए जमकर हमला बोलते हुए कहा कि जिस उद्देश्य प्रदेश की जनता हेमंत सरकार को मत दिया है दुबारा प्रदेश के मुख्यमंत्री बनाया ,उसे अपनी वादे से मुकरता हुआ नजर आ रहा है । उन्होनें ने कहा कि आज भी सिमरिया और बड़कागांव के किसान अडानी के विरुद्ध आंदोलन कर रही है। वही इंटक नेता लखन महतो ने कहा कि युवाओं की भविष्य को संवारने की काम जिस गति से होनी चाहिए वह सरकार नही कर पा रही है ,जिसके चलते बेरोजगार युवक सरकार के बिरोध सड़क पर उतर जा रहे हैं । केंद्र की भाजपा सरकार ने झारखंड के जमीनों को लैंड बैंक बनाकर बड़े - बड़े उधोग पति के हाथों बेच कर विस्थापित का हक नही दिया है रघुवर दास की सरकार ने 23लाख एकड़ गरमजरुआ जमीन को लूट कर लैंड बैंक बना रखी है । जिला सचिव गणेश प्रसाद महतो, सीपीआई के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर झा ,महेंद्र मुंडा , बैजनाथ महतो , सुजीत कुमार घोष , महिला नेत्री सुभद्रा कुमारी , सीपीएम नेता भागीरथ शर्मा , परमेश्वर महतो , पूरन महतो , मुखिया जयंती देवी , गीता देवी महेंद्र प्रजापति , आदि ने संबोधित किया। सांसद श्री मेहता के द्वारा शहीद कैलाश महतो की धर्म पत्नी रुकमणी देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ हीं मंच की अध्यक्षता अंचल सचिव नुनूचंद महतो एवं संचालन डॉक्टर अब्बदुल कासीम अंसारी ने किया। मौके पर कैलाश महतो के पुत्र रोहित महतो , दुर्योधन महतो जानकी महतो , सोनिया देवी , कैलाश महतो , थानूलाल महतो , शाहबान अंसारी अब्दुल रसीद , हनीफ अंसारी , मुकेश कुमार , रीतलाल महतो , बालेश्वर महतो , रामलाल ठाकुर , अमरु महतो , शिक्षक नागेंद्र पांडेय , तेजलाल महतो , देवेंद्र कुमार महतो , गुलाबचंद महतो , रामलाल ठाकुर आदि मौजूद थे।

# पेंक - नारायणपुर थाना पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**भुनेश्वर कुमार महातो ,
संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / ऊपरघाट : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र नावाडीह प्रखण्ड के ऊपरघाट स्थित पेंक - नारायणपुर थाना पुलिस ने थाना समीप रविवार को दोपहिया व चार पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया. पुलिस ने दोपहिया वाहन सवारों की हेलमेट, लाइसेंस व वाहनों के कागजात की जांच की गयी. कई दो पहिया वाहनों को जब्त किया गया. जिसे बाद में हिदायत देकर छोड़ दिया गया. वहीं यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया.



थाना प्रभारी नितीश कुमार ने कहा कि अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना है. वहीं अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही. उन्होंने लोगों से वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने, ड्राइविंग लाइसेंस व वाहनों के कागजात साथ में रखने की अपील की , साथ ही वाहन चेकिंग के दोरान थाना के कई पुलिस जवान मौजूद थे।

# लक्ष्य फाउंडेशन ने मिरुडीह गांव में बांटे गर्म कपड़े

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 21 दिसंबर 2025: बढ़ती ठंड को देखते हुए युवाओं की सामाजिक संस्था 'लक्ष्य फाउंडेशन' ने रविवार की सुबह मिरुडीह में गर्म




कपड़ों का वितरण किया। इस अभियान के तहत जरूरतमंद बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाने के लिए स्वेटर,जैकेट और अन्य गर्म कपड़े प्रदान किए गए।

संस्था के संस्थापक विश्वनाथ दत्ता ने इस पुनीत कार्य में सहयोग के लिए आदित्य प्रताप जी और शहरवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से विश्वनाथ दत्ता,शिबू नंदी, अभिषेक तिवारी,अमर प्रमाणिक,प्रिंसी कुमारी,नारायण महतो एवं ग्रामीण सदस्य उपस्थित थे।

# श्रीभूमि में चायजनजाति-आदिवासी (अंडर-17) फुटबॉल फाइनल सम्पन्न, पाथारकांडी बनी चैंपियन

**श्रीभूमि संवाददाता
दैनिक समाज जागरण**

श्रीभूमि। चायजनजाति एवं आदिवासी युवाओं में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित चायजनजाति-आदिवासी (अंडर-17 लड़के) फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शनिवार को श्रीभूमि स्थित सरकारी डीएसए खेल मैदान में उत्साह और धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। फाइनल मुकाबले में पाथारकांडी टीम ने दक्षिण करीमगंज को 1-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।



यह प्रतियोगिता चायजनजाति एवं आदिवासी कल्याण विभाग तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री टी ट्राइब एवं आदिवासी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत आयोजित की गई। आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में खेल के प्रति उत्साह देखने को मिला, जो केंद्र व असम सरकार की ह्लसबका साथ, सबका विकासह्व नीति को मजबूती प्रदान करता है।

कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और प्रदीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। जिला आयुक्त प्रदीप कुमार द्विवेदी, डीएसए अध्यक्ष अमलेश चौधुरी, जिला खेल अधिकारी झिमली बोरा सहित अन्य गणमान्य अतिथि इस अवसर पर उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का पारंपरिक गमछा पहनाकर स्वागत किया गया।

प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में रामकृष्णनगर ने उत्तर करीमगंज को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में पाथारकांडी ने कड़े मुकाबले में दक्षिण करीमगंज को 1-0 से पराजित कर फाइनल का टिकट कटाया। फाइनल मुकाबले में पाथारकांडी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजयी बढ़त हासिल की।

खेल समाप्ति के बाद विजेता टीम पाथारकांडी के खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की गई। टीम की जीत पर खिलाड़ियों और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक नृत्य व संगीत की भी प्रस्तुति हुई।

आयोजन को सफल बनाने में जिला खेल अधिकारियों, रेफरी, डीएसए खेल आयोजक मंडली तथा स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही। आयोजकों ने सभी प्रतिभागी टीमों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# दुमदुमा में 16 करोड़ की लागत से इंडोर स्टेडियम एवं बहु प्रकल्प भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन मंत्री रूपेश ग्वाला ने किया।

**समाज जागरण गोरख नाथ गुप्ता।**

विगत दिनों मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा दुमदुमा में सौगातो की झड़ी लगा दी थी उसी में एक दुमदुमा शहर में इंडोर स्टेडियम निर्माण किए जाने हेतु वर्चुअल रूप से आधारशिला रखा था।इसी कड़ी में 16 करोड़ की लागत से इंडोर स्टेडियम एवं बहु प्रकल्प भवन निर्माण हेतु अनुष्ठानिक रुप से आज भूमि पूजन कैबिनेट मंत्री तथा दुमदुमा के विधायक रूपेश ग्वाला ने किया। आज दुमदुमा शहर में खेल मैदान राज्य के श्रम चाय जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री रूपेश ग्वाला ने धार्मिक रीति रिवाज से इंडोर स्टेडियम के निर्माण हेतु भूमि पूजन कर कार्य का शुभारभ किया। दुमदुमा शहर के लिए बहु प्रतीक्षित उक्त इंडोर स्टेडियम सोलह करोड़ की लागत से तीन मंजिला इमारत के साथ बनने जा रही है। इस इंडोर स्टेडियम में खेल के साथ व्यायामशाला , लाइब्रेरी की सुविधाएं होंगी।निचला तल्ला में सभा ,संस्कृति कार्यक्रम आयोजन किए जाने की



सुविधा होगी तथा शारदीय दुर्गा पूजा के दौरान दुमदुमा दुर्गा पूजा उत्सव समिति (मारवाड़ी दुर्गा पूजा) को दुर्गा पूजा आयोजन हेतु प्रदान किया जाएगा। यह स्टेडियम डेढ बर्ष में काम पुरा हो जाने कि उम्मीद जताई मंत्री रूपेश ग्वाला ने।इस अवसर पर मंत्री रूपेश ग्वाला के साथ पौर सभा अध्यक्षा कांता भट्टाचार्य ,समाजसेवी डां प्रणव ज्योति डेका ,हुनलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य आलिफ खान, तिनसुकिया साहित्य सभा के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन बरुआ, दुमदुमा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश्वर कलिता वीर राघव मोरान सरकारी आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमरजीत सैकिया, रूपाई हाई स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक प्रकाश दत्त ,समाजसेवी व दुमदुमा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशन लाल पारिक, दुमदुमा पौर सभा के वार्ड पार्षद रुप ज्योति कुंवर ,आचंलिक पंचायत अध्यक्ष भरत भजनी, तिनसुकिया विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष प्रणव बरुआ, समाजसेवी ललित गोगोई गोविंद फुकन सहित कई गणमान्य व्यक्तिय मंच पर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक कर्मी नयन डेका ने किया।

# जैम पर कुल ऑर्डर में सूक्ष्म और लघु उद्यमों का योगदान 44.8% रहा जो 25% के खरीद लक्ष्य से अधिक है

गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जैम) एक डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करता है जो सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई), महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व्यवसायों और स्टार्टअप्स को सरकारी खरीद में भाग लेने और विभिन्न क्षेत्रों में ऑर्डर प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। इसका उदाहरण तब मिलता है जब वडोदरा की एक महिला नेतृत्व वाली स्वच्छ ऊर्जा फर्म नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदान करती है या नागपुर का एक छोटा उद्यम केंद्र सरकार को निगरानी तंत्र उपलब्ध कराता है जिससे पता चलता है कि उद्यम का आकार अब अवसरों के लिए बाधा नहीं है।

30 नवंबर 2025 तक, जैम प्लेटफॉर्म पर 11.25 लाख से अधिक सूक्ष्म और लघु उद्यम (एमएसई) विक्रेताओं ने पंजीकरण कराया है। इन उद्यमों ने कुल मिलाकर 7.44 लाख करोड़ रुपये के ऑर्डर प्राप्त किए हैं जो जैम के माध्यम से हुए कुल ऑर्डर मूल्य का 44.8 प्रतिशत है और यह निर्धारित वार्षिक खरीद लक्ष्य 25 प्रतिशत से अधिक है। यह भागीदारी सार्वजनिक खरीद में लघु उद्यमों की बढ़ती भूमिका को दशार्ती है।

# केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने सुंदरबन में एनटीसीए और प्रोजेक्ट एलिफेंट की बैठकों की अध्यक्षता की; बाघ और हाथी के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय रणनीतियों की समीक्षा की

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की 28वीं बैठक और परियोजना हाथी की 22वीं संचालन समिति की बैठक 21 दिसंबर 2025 को पश्चिम बंगाल के सुंदरबन बाघ अभ्यारण्य में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इन बैठकों में बाघ और हाथी बहुल राज्यों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, वैज्ञानिकों और क्षेत्र विशेषज्ञों के साथ-साथ प्रमुख संरक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने परियोजना बाघ और परियोजना हाथी की प्रगति की समीक्षा करने और भारत में बाघों और हाथियों के संरक्षण के लिए भावी रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए भाग लिया।

एनटीसीए की बैठक की अध्यक्षता करते हुए, श्री यादव ने भारत के विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त बाघ संरक्षण मॉडल पर जोर दिया और विज्ञान-आधारित प्रबंधन, भू-भाग स्तर की योजना, सामुदायिक भागीदारी, अंतर-राज्यीय समन्वय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व का उल्लेख किया। 18 अप्रैल 2025 को आयोजित 27वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई और उसमें लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा की गई। चार क्षेत्रीय बैठकों के परिणामों पर चर्चा की गई जिसमें बाघ अभ्यारण्यों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों पर विशेष ध्यान दिया गया। मानव-बाघ संघर्ष से निपटने के उपायों पर चर्चा की गई जिसमें एक त्रिपक्षीय रणनीति और 'बाघ अभ्यारण्यों के बाहर बाघों का प्रबंधन' परियोजना का शुभारंभ शामिल है। कर्मचारियों की कमी, वित्तीय बाधाओं, पयार्वास क्षरण और आक्रामक प्रजातियों के प्रबंधन से संबंधित मुद्दों की भी समीक्षा की गई और राज्यों तथा संबंधित अधिकारियों को उचित अनुवर्ती कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किए गए।

इस बैठक में एनटीसीए की तकनीकी समिति की बैठकों के निर्णयों की पुष्टि की गई जिनमें बाघ संरक्षण योजनाओं की स्वीकृति; चीता परियोजना का विस्तार और विकास; बाघों का स्थानांतरण; शिकार संवर्धन; भूदृश्य प्रबंधन योजना; मांसाहारी जानवरों के स्वास्थ्य प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम; और राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की स्थायी समिति को परियोजना प्रस्तावों पर एनटीसीए द्वारा दिए गए सुझाव शामिल हैं।

7वें राष्ट्रीय वन्यजीव संरक्षण बोर्ड के निर्देशों के अनुपालन पर अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की गई जिसमें गुजरात के गांधीसागर वन्यजीव अभ्यारण्य और बन्नी घास के मैदान में चीता परियोजना का विस्तार और कैम्पा के तहत समर्थित पहलों की प्रगति शामिल है। प्रस्तावित ग्लोबल बिग कैट समिट के लिए की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने अखिल भारतीय बाघ गणना के छठे चक्र में हुई प्रगति, विभिन्न क्षेत्रों में भू-स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों, नवंबर 2025 से जमीनी सर्वेक्षणों की शुरूआत और प्रोजेक्ट चीता के तहत अंतरराष्ट्रीय सहयोग सहित एनटीसीए की प्रमुख चल रही गतिविधियों की समीक्षा की। इन गतिविधियों में दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और बोत्सवाना के प्रतिनिधिमंडलों की यात्राएं भी शामिल थीं। बैठक में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर भी ध्यान दिया गया और बाघ संरक्षण एवं प्रबंधन पर इसके प्रभावों पर विचार-विमर्श किया गया।

प्रोजेक्ट एलिफेंट की संचालन समिति की बैठक 21 वीं संचालन समिति की बैठक की कार्रवाई रिपोर्ट की पुष्टि के साथ शुरू हुई जिसके बाद संचालन समिति के सदस्यों और स्थायी आमंत्रितों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। दक्षिण भारत और उत्तर-पूर्वी भारत में हाथी संरक्षण के लिए क्षेत्रीय कार्य योजनाओं की स्थिति पर प्रस्तुतियाँ दी गई जिसमें हाथी के आवास वाले राज्यों द्वारा हासिल की गई प्रगति पर प्रकाश डाला गया और अंतर-राज्यीय समन्वय के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की गई।

संचालन समिति ने अखिल भारतीय समन्वित हाथी गणना पर अद्यतन जानकारी की समीक्षा की जो प्रमाण-आधारित योजना और निर्णय लेने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य है। नीलगिरी हाथी अभ्यारण्य के लिए आदर्श हाथी संरक्षण योजना के तहत हुई प्रगति और बंदी हाथियों के डीएनए प्रोफाइलिंग पर चल रहे कार्यों पर भी चर्चा की गई जिसमें वैज्ञानिक प्रबंधन और कल्याण मानकों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। देश भर में मानव-हाथी संघर्ष की स्थिति की व्यापक समीक्षा की गई। समिति ने संघर्ष के कारणों और निवारण उपायों पर चल रहे अध्ययनों के निष्कर्षों के साथ-साथ हाथियों के क्षेत्र वाले राज्यों द्वारा अपनाए गए मुआवजा व्यवस्था की स्थिति और पर्याप्तता पर चर्चा की। बैठक में हाथियों की गणना का आकलन करने की विधियों के मूल्यांकन, रिपु-चिरंग हाथी अभ्यारण्य के लिए एकीकृत संरक्षण और प्रबंधन रणनीतियों की प्रगति और भावी कार्य योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। इनमें कैम्पा द्वारा वित्त पोषित सभी हाथी अभ्यारण्यों के लिए प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन का संचालन और बांधवगढ़ क्षेत्र में हाथी गलियारों, पयार्वास उपयोग और संघर्ष के प्रमुख क्षेत्रों पर प्रस्तावित अध्ययन शामिल हैं।

# पशु भी चाहते हैं आजादी और प्रेमपूर्ण व्यवहार



दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। बढ़ती जनसंख्या और घटती वन-संपदा ने जिन कुछ प्रमुख समस्याओं को जन्म दिया या बढ़ाया है, उनमें सर्वाधिक चिंतनीय और घातक समस्या वन्य पशुओं का लगातार बढ़ता हुआ आतंक है। उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिले बहराइच का प्रकरण सामने है, जहां मार्च 2024 में शुरू हुए भेड़ियों के खूनी हमलों के सर्वाधिक शिकार इलाके के छोटे-छोटे बच्चे हुए। इन हमलों में अब तक लगभग 10 बच्चों समेत कम-से-कम एक दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं। दुर्भाग्य से घायलों में भी अधिकतर बच्चे ही हैं। वैसे देखा जाए तो भेड़िए ही नहीं, बल्कि हाथी, शेर, सियार, तेंदुआ, चीता, भेड़िया, भालू और बाघ जैसे बेहद खूंखार और भयावह वन्य पशुओं का मानव बस्तियों में अतिक्रमण और उनके द्वारा मनुष्यों, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं पर हमले किए जाने की घटनाएं दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में बाघों, भालुओं, तेंदुओं और जंगली हाथियों, मध्य प्रदेश में सियारों एवं पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में जंगली हाथियों के हमले मनुष्यों कोई नई बात नहीं है। निर्विवाद रूप से ये घटनाएं अत्यंत दुरूखद और भयावह हैं। इसलिए लोगों का आक्रोशित होना उचित है, लेकिन प्रश्न है कि आखिर जंगल में आजाद विचरण करने, छोटे वन्य पशुओं का शिकार कर अपना तथा परिवार का भरण-पोषण करने और सामान्यतः अपने परिवार के साथ जीवन यापन करने वाले ये भेड़िए इतने खूंखार क्यों हो गए कि हमारे छोटे-छोटे मासूम बच्चों को मारकर खाने लगे। दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। पेड़ों की इस अंधाधुंध कटाई की भरपाई किए जाने का एक ही तरीका हो सकता है और वह है तीव्र गति से नए पौधों का रोपण और उनकी देखभाल करना यानी जितने पेड़ प्रत्येक वर्ष काटे जा रहे हैं, कम-से-कम उतने पौधे भी दुनिया भर में लगाए जाएं। हालांकि उन पौधों के पेड़ बनने में कई वर्ष लग जाते हैं। इसलिए वास्तव में पौधरोपण की जो वर्तमान दर और गति है, उससे लगातार नष्ट किए जा रहे जंगलों के एवज में नए जंगल उगा पाना संभव नहीं है। तात्पर्य यह कि पौधरोपण वन्य पशुओं के प्राकृतिक रहवास और पर्यावरण दोनों को बचाने का सर्वश्रेष्ठ विकल्प तो अवश्य है, किंतु इस कार्य में पूर्ण रूप से सफलता प्राप्त करने के लिए पौधरोपण की गति को हमें इस हद तक बढ़ाना होगा कि जितने वृक्ष प्रत्येक वर्ष दुनिया भर में काटे जाते हैं, कम-से-कम उससे डेढ़ गुना तक पौधे तो अवश्य ही लगाए जाएं, जबकि प्रत्येक वर्ष 18 अरब काटे जाने वाले वृक्षों की तुलना में आज दुनिया भर में मात्र पांच अरब पौधे ही लगाए जा रहे हैं। जाहिर है कि इस प्रकार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की भरपाई संभव नहीं होगी। यह विडंबना ही है कि भारत में भी वृक्षों की अंधाधुंध कटाई जारी है। लोकसभा में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने 21 मार्च 2022 को बताया था कि वर्ष 2020-21 के दौरान भारत में सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण और विकास के लिए लगभग 31 लाख पेड़ काट दिए गए। वन (संरक्षण) अधिनियम के अंतर्गत काटे गए पेड़ों के बदले में प्रतिपूरक वनीकरण की योजना चलाकर मोदी सरकार ने 359 करोड़ रुपये की लागत से 3.6 करोड़ से अधिक पौधे लगाए, जो नाकाफी प्रतीत होते हैं, क्योंकि फिलहाल इससे संबंधित कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है कि उनमें से कितने पौधे बचाए गए और कितने नष्ट होने के लिए छोड़ दिए गए। बहरहाल, वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण दिनोंदिन वन्य पशुओं का प्राकृतिक रहवास सिकुड़ता जा रहा है, इससे इनके लिए भोजन-पानी की बहुत बड़ी समस्या पैदा हो गई है। इसीलिए वन्य पशु भोजन-पानी की तलाश में मानव बस्तियों की ओर पलायन करने के लिए मजबूर हुए हैं। वैसे भेड़ियों की बात करें तो ये स्वभाव से खूंखार तो होते हैं, परंतु सारे भेड़िए आदमखोर नहीं होते। हालांकि प्रतिशोध लेने में ये अत्यंत माहिर होते हैं। इसलिए यदि इनको या इनके परिवार के सदस्यों को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जाए तो ये कतई सहन नहीं करते और अपने शत्रुओं से चुन-चुनकर बदला लेते हैं। ऐसे कुछ उदाहरण दुनिया में मौजूद हैं, जिनमें भेड़ियों अथवा उनके बच्चों को मनुष्यों के द्वारा क्षति पहुंचाए जाने के बाद ये खूंखार हो गए और जब तक अपना बदला पूरा नहीं कर लिया, तब तक इनकी आक्रामकता कम नहीं हुई। आज से लगभग 25 वर्ष पूर्व ऐसी ही एक घटना उत्तर प्रदेश के जौनपुर और प्रतापगढ़ जिलों में सई नदी के कछार पर घटी थी, जिसमें भेड़ियों के हमलों में इलाके के 50 से भी अधिक मासूम बच्चों की मौत हो गई थी। उस समय पड़ताल करने पर यह पता चला था कि कुछ इंसानी बच्चों ने भेड़ियों की एक मांद में घुसकर उनके दो बच्चों को मार डाला था, जिसके प्रतिशोध स्वरूप भेड़ियों ने जोरदार हमले कर मनुष्यों के 50 से भी अधिक मासूम बच्चों को मौत के घाट उतार दिया था। उस दौरान वन विभाग के द्वारा चलाए गए भेड़ियों के धर-पकड़ अभियान में कुछ भेड़िए पकड़े भी गए थे, लेकिन उनके बीच में मौजूद आदमखोर जोड़ा हमेशा बचता रहा और बदला लेने के मिशन में लगातार कामयाब भी होता गया। हालांकि बाद में आदमखोर भेड़ियों को वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा गोली मार दी गई और अंततरू भेड़ियों का खूनी आतंक खत्म हो पाया था। गौर करें तो इस बार भी बहराइच की घटनाओं में भेड़ियों का वही व्यवहार... वही पैटर्न सफल होता हुआ प्रतीत हो रहा है। सबसे बड़े दुरूख की बात तो यह है कि एक बार फिर इन भेड़ियों की जान खतरे में आ गई है, क्योंकि शासन-प्रशासन की ओर से बेकाबू हो चुके इन आदमखोर भेड़ियों को गोली मार देने का आदेश दे दिया गया है। वैसे भेड़ियों के विरूद्ध की जाने वाली सरकारी कार्रवाइयों पर गौर करें तो उनके जीवन का सर्वाधिक स्याह पक्ष अंग्रेजों के समय का है, जब ब्रिटिश सरकार की ओर से भेड़ियों को मारने का बड़ा अभियान चलाकर 40 सालों में एक लाख से भी अधिक भेड़ियों को शिकारियों ने मार डाला था और ब्रिटिश राज की तरफ से ईनाम भी प्राप्त किया था। देखा जाए तो मनुष्य और वन्य पशुओं के बीच जारी संघर्षों का यह सिलसिला बेहद गंभीर और चिंताजनक है। इसलिए समय रहते इसका हल ढूंढना जरूरी है। अन्यथा यह समस्या अत्यंत विकराल रूप भी ले सकती है। ऐसे में जरूरी है कि केंद्र और राज्य सरकारें वन्य प्राणी विशेषज्ञों की सलाह लेकर वन्य पशुओं के प्राकृतिक आवासों को संरक्षित करने तथा बड़े स्तर पर वनीकरण अभियान चलाकर वनों के विकास करने की दिशा में कुछ ठोस और सकारात्मक कदम उठाएं, ताकि हमारे वन्य साथी आजादी से अपने घरों में बेफिक्र होकर रह सकें। संभव है कि इन प्रयासों के फलीभूत होने में कई वर्ष लग जाएं, लेकिन इस दौरान एक कार्य किया जा सकता है, वह है इन वन्य प्राणियों के साथ प्रेमपूर्ण आचार और व्यवहार करना। इसमें कोई संदेह नहीं कि यदि इन वन्य पशुओं के विरूद्ध क्रूरता के बदले में दया का भाव दर्शाया जाए और इनको लाड़-प्यार दिया जाए तो मनुष्यों के प्रति इनके हिंस्र व्यवहारों में भी परिवर्तन आ सकता है।

# रात में देर से सोते हैं तो हो जाएं सावधान! नींद पूरी ना होने से हो सकती हैं डायबिटीज

जब हम सोते हैं तो हमारे दिमाग में कई तरह के केमिकल रिएक्शन होते हैं जिससे हमारे शरीर को ठीक तरह से काम करने में मदद मिलती है। अगर हम कम सोएं या हमारी नींद पूरी ना हो तो इससे हमारे शरीर में कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं।सोना हमारे लिए कितना जरुरी है यह तो आप जानते ही होंगे। दिनभर की भागदौड़ और थकान के बाद जब हम सोते हैं तो हमारे दिमाग में कई तरह के केमिकल रिएक्शन होते हैं जिससे हमारे शरीर को ठीक तरह से काम करने में मदद मिलती है। अगर हम कम सोएं या हमारी नींद पूरी ना हो तो इससे हमें थकान महसूस होने लगती है। यदि हम लगातार कम सोएं तो इससे हमारे शरीर में कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कम सोने की वजह से हमारी सेहत को क्या नुकसान होता है -



डायबिटीज़

नींद ना पूरी होने के कारण डायबिटीज़ का खतरा भी बढ़ जाता है। जब हम पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं तो इससे हमारे शरीर में इंसुलिन का लेवल कम होने लगता है। जो लोग 5 घंटे या उससे कम नींद लेते हैं उनका ब्लड शुगर लेवल ज्यादा होता है और ऐसे लोगों में टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है।

वजन बढ़ना

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि आपके बढ़े हुए वजन का कारण नींद की कमी भी हो सकता है। दरअसल, जब हम लगातार 5 घंटे या उससे कम सोते हैं तो इससे हमारे दिमाग में कई केमिकल रिएक्शन होते हैं। इसके परिणामस्वरूप पेट भरा होने के बावजूद हमारा दिमाग हमें और खाने का संकेत देता है। ऐसे में हम भूख से अधिक खा लेते हैं जिससे हमारा वजन बढ़ता है।

सेक्स ड्राइव में कमी

नींद ना पूरी होने के कारण हमारी सेक्स लाइफ भी प्रभावित हो सकती है। जब हम 5 घंटे या उससे कम नींद लेते हैं तो इससे हमारे शरीर में हॉर्मोनल असंतुलन होने लगता है। इससे हमारी सेक्स ड्राइव भी कम होने लगती है और हम अपनी सेक्स लाइफ एंजॉय नहीं कर पाते हैं।

नींद के दौरान हमारे दिमाग में कई केमिकल एक्शंस होते हैं। जब हम सोते हैं तो हमारा दिमाग में कुछ ऐसे केमिकल फंक्शन होते है जो हमें चीज़ों को याद रखने में मदद करते हैं। नींद ना पूरी होने के कारण ये फंक्शन ठीक से नहीं हो पाते हैं जिसके कारण हमारी याद्दाश्त पर प्रभाव पड़ता है। जब हम ठीक से नहीं सोते हैं तो हमें याद्दाश्त संबंधित समस्याएं होने लगती हैं।

एंग्जायटी और डिप्रेशन

नींद पूरी ना होने के कारण हमारे दिमाग पर भी प्रभाव होता है। जब हम ठीक से नहीं सो पाते हैं तो इससे हमारा दिमाग थका हुआ महसूस करता है। नींद ना पूरी होने के कारण स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी समस्याओं का खतरा अधिक बढ़ जाता है। नींद ना पूरी होने के कारण व्यक्ति थका हुआ और चिड़चिड़ापन महसूस करता है।

इम्युनिटी कमजोर होना

नींद ना पूरी होने के कारण हमारी इम्युनिटी पर नकारत्मक प्रभाव पड़ता है। इससे हमारा शरीर आंतरिक तौर पर कमजोर हो जाता है। ऐसी स्थिति में हमारा शरीर बीमारियों के चपेट में जल्दी आ जाता है। नींद ना पूरी होने के कारण सर्दी-जुखाम, संक्रमण आदि का खतरा अधिक बढ़ जाता है।